नई दिल्ली
नई दिल्ली, शुक्रवार 13 सितंबर 2019
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 23, अंक : 177
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *
मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 26.0
haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

10 आपको डील करना सीखना होगा



विचार पेज
08 जबरन धर्म परिवर्तन बंद हो

# चालान का टूटा रिकॉर्ड, ट्रक ड्राइवर को भरना पड़ा 2 लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली।** नए मोटर व्हीकल एक्ट के चलते लोगों के भारी भरकम चालान काटे जा रहे हैं। ताजा मामले में एक ट्रक का 2 लाख रुपये का चालान काटा गया है। जिसने चालान के पिछले सारे रिकॉर्ड को धराशाई कर दिया है। मामला दिल्ली का है जहां राम किशन नाम के ट्रक ड्राइवर को जुर्माने के तौर पर 2 लाख 5 सौ रुपये का चालान भरना पड़ा। ट्रक का यह चालान बुधवार की रात को किया गया। बीती रात दिल्ली के मुकरबा चौक से भलस्वा की तरफ जाते समय हरियाणा नंबर के उस ट्रक का चालान दिल्ली पुलिस ने किया जिसमें रेत भरा हुआ था। इसके बाद ओवरलोडिंग के कारण ये चालान किया गया जिसे गुरुवार को रोहिणी कोर्ट में जमा किया गया।

### राजधानी में यह अब तक का सबसे बड़ा चालान

माना जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली में यह अब तक का काटा गया सबसे बड़ा चालान है। ओवरलोडिंग के लिए जिस ट्रक का चालान हुआ है। ट्रक के मालिक का कहना था कि उनकी गाड़ी की लोडिंग 25 टन पर पास है, उनकी गाड़ी में 43 टन रेत था। उनकी गाड़ी में 18 टन ज्यादा बताकर चालान किया गया। उन्हें खुद नहीं पता कि इतना चालान कैसे हुआ। बढ़े हुए चालान को लेकर ट्रक मालिक का कहना है कि चालान के रूप में इतनी बड़ी रकम को वसूलना उनके साथ ज्यादती है। सड़कों पर ट्रैफिक के नियमों को लेकर अक्सर जनता का रुख उदासीन ही रहा है। अब तक ट्रैफिक चालान में चुकाई जाने वाली रकम भी बेहद कम रही थी। इसलिए चालान कटने पर भी ज्यादा हो-हल्ला नहीं होता था। लेकिन 2 लाख जैसी बड़ी रकम का चालान किसी भी व्यक्ति के लिए भरना कभी आसान नहीं होता।



## खबर संक्षेप

### पहलवान बबीता का सब इंस्पेक्टर पद से इस्तीफा, लड़ सकती हैं चुनाव

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता फोगाट का हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। इसी के साथ पिछले माह भाजपा में शामिल होने वाली बबीता के राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने के कयास तेज हो गए हैं। बबिता और उनके पिता जानेमाने कुश्ती कोच महावीर फोगाट 12 अगस्त को भाजपा में शामिल हुए थे। हरियाणा सशस्त्र पुलिस बल मधुबन की पांचवीं बटालियन के कमांडेंट सुरिंदर पाल सिंह ने बताया कि हरियाण पुलिस में उप निरीक्षक फोगाट ने एक माह पहले पद से इस्तीफा दिया था जिसे 10 सितंबर को स्वीकार कर लिया गया।



### बुलेट ट्रेन का किराया होगा करीब 3 हजार रुपये

**अहमदाबाद।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन का किराया करीब 3000 रुपए होगा। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। परियोजना को लागू करने वाले एनएचएसआरसीएल के प्रबंध निदेशक अचल खरे ने संवाददाताओं से कहा कि इस पूरी परियोजना के लिए हमें 1380 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है जिसमें निजी, सरकारी, वन और रेलवे भूमि (गुजरात एवं महाराष्ट्र में) शामिल है। हमने अभी तक 622 (45 प्रतिशत) हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर लिया है।

### भारत और चीन के सैनिकों के बीच जारी गतिरोध खत्म

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में पेंगोंग झील के तट पर बुधवार को भारत और चीन के सैनिकों के बीच धक्का-मुक्की हुई थी लेकिन सैन्य सूत्रों ने बताया कि अब इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझा लिया गया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इलाके में भारतीय सैनिकों की गश्त पर चीन के सैनिकों ने आपत्ति जताई थी लेकिन भारतीय सैनिकों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और दोनों ओर के सैनिकों के बीच धक्का-मुक्की हुई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने और सहायता बुला ली।



### सोशल साइट को आधार से लिंक करने के फैसले पर आज कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप और फेसबुक को आधार से लिंक करने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। गुरुवार को तमिलनाडू सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्ज़ी दायर कर कहा कि मामला मद्रास हाईकोर्ट में चलने दिया जाए। मद्रास हाईकोर्ट, बॉम्बे हाईकोर्ट और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिकाओं की सुनवाई सुप्रीमकोर्ट ट्रांसफ़र के लिए फेसबुक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इन याचिकाओं में फ़ेसबुक और वहाटसएप सोशल नेटवर्किंग साइट को आधार से लिंक करने की मांग की गई है।



## पाकिस्तान को लेकर सेना प्रमुख रावत ने दिया बड़ा बयान

# सरकार कहे तो पीओके को भारत में शामिल करने के लिए सेना तैयार

**अमेठी।** जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को पिछले महीने खत्म किए जाने के बाद से पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार और उकसावे वाले बयानों के बीच सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने बड़ा बयान दिया है। पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर को लेकर सेनाध्यक्ष रावत ने कहा है कि आर्मी पीओके को लेकर किसी भी अभियान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश पर सेना किसी भी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। पीएमओ में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के पीओके को लेकर दिए बयान के सवाल पर बिपिन रावत ने कहा कि इस पर फैसला सरकार को लेना है। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थाएं तो जैसा सरकार कहेगी, वैसी तैयारियां करेंगी। सेना की तैयारी को लेकर पूछे जाने पर बिपिन रावत ने कहा कि सेना तो हमेशा किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार ही रहती है। जनरल रावत ने कहा कि पीओके को लेकर सरकार के बयान से वो खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला सरकार को लेना है, लेकिन हम निर्देश के आधार पर तैयार हैं। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पीओके को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान से अब कोई भी बातचीत पीओके को लेकर ही होगी। यही नहीं 6 अगस्त को होम मिनिस्टर अमित शाह ने भी संसद में 370 पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए संसद में कहा था कि हम जान दे देंगे, लेकिन पीओके लेकर रहेंगे।

> सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कहा कि सरकार निर्देश दे तो पीओके को भारत में शामिल करने के लिए सेना तैयार है। इस पर फैसला सरकार को लेना है। उन्होंने कहा कि अन्य संस्थाएं तो जैसा सरकार कहेगी, वैसी तैयारियां करेंगी। सेना की तैयारी को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सेना तो हमेशा किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार ही रहती है।

### खास बातें

- पीओके को लेकर सरकार के बयान से खुशी हुई: रावत
- पीएमओ में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के पीओके को लेकर दिए बयान के सवाल दिया जवाब



### कुलभूषण को दूसरा कॉन्सुलर एक्सेस नहीं देगा पाक, भारत ने कहा- आईसीजे का आदेश पूरी तरह लागू करवाएंगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने गुरुवार को भारतीय राजनायिकों को कुलभूषण जाधव से दूसरी बार मिलने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। पाक के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैजल ने कहा था कि जाधव को दूसरी बार कॉन्सुलर एक्सेस नहीं दिया जाएगा। इस पर भारतीय ने कहा है कि हम इस मामले में आईसीजे के आदेश को पूरी तरह लागू करवाने की कोशिश करेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि हम डिप्लोमैटिक चैनल्स के जरिए पाक के साथ संपर्क में हैं। इससे पहले आईसीजे के आदेश के बाद 2 सितंबर को पाकिस्तान ने कुलभूषण को कॉन्सुलर एक्सेस दिया था।

### कठुआ में जैश के तीन आतंकी पकड़े गए

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकवादी गिरफ्तार किये गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक मकेश सिंह ने प्रेट्र को बताया कि तलाशी के दौरान जम्मू पठानकोट राजमार्ग पर आज सुबह आठ बजे कार्डबोर्ड सामग्री से भरे ट्रक को रोका गया और उसमें से तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।



## मोदी सरकार पर साधा निशाना

# सरकार को आर्थिक मंदी का एहसास नहीं: मनमोहन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती को लेकर बृहस्पतिवार को चिंता जताते हुए कहा कि खतरनाक बात है कि नरेंद्र मोदी सरकार को आर्थिक मंदी के बारे में एहसास नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई पार्टी महासचिवों-प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों और विधायक दल के नेताओं की बैठक में सिंह ने यह भी कहा कि अगर अर्थव्यवस्था की यही स्थिति बनी रही तो 2024-25 तक देश की अर्थव्यवस्था को पांच हजार अरब डॉलर तक ले जाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के पूरा होने की कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि देश इस वक्त गंभीर आर्थिक मंदी का सामना कर रहा है। यह बात सिर्फ कांग्रेस की तरफ से नहीं की जा रही है, बल्कि आप उद्योग जगत या किसी भी क्षेत्र के लोगों से बात करिए तो पता चलेगा कि अर्थव्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जीडीपी विकास दर गिरकर पांच फीसदी रह गई है। लगातार पांच तिमाही से विकास दर गिर रही है।

- पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जीडीपी विकास दर गिरकर पांच फीसदी रह गई
- कांग्रेस ने मंदी पर जताई चिंता, 15 से 25 अक्टूबर के बीच करेगी देशव्यापी आंदोलन

### संकट स्वीकारना समाधान का पहला कदम

मनमोहन सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि अब हम एक दूसरे तरह के संकट में घिर रहे हैं, एक लंबे समय तक चलने वाली आर्थिक सुस्ती जो स्ट्रक्चरल और साइक्लिकल दोनों है। इस संकट को दूर करने की दिशा में पहला कदम हमें यह स्वीकार करना होगा कि हम संकट में घिर गए हैं।' पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार को मुद्दे को पारदर्शी तरीके से निपटाने, विशेषज्ञों तथा तमाम हितधारकों की बातों को खुले दिमाग से सुनने और संकट से निपटने के लिए ठोस इरादा जताने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों पर विश्वास जताना चाहिए और पूरी दुनिया को एक संदेश देना चाहिए। दुर्भाग्यवश मुझे अभी तक मोदी सरकार की तरफ से इस तरह का कोई उपाय होता नहीं दिखा है।

## आईएनएक्स मीडिया मामला

# कोर्ट ने चिदंबरम की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में तिहाड़ जेल में बंद पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदंबरम की जमानत याचिका पर गुरुवार को सीबीआई से जवाब मांगा। याचिका में कांग्रेस नेता ने दावा किया है कि यह मामला 'राजनीतिक बदले' का है। चिदंबरम ने 19 सितंबर तक के लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने संबंधी निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस ले ली है। दरअसल अदालत ने चिदंबरम से पूछा था कि उन्होंने दो अलग-अलग याचिकाएं क्यों दायर की हैं।



### चिदंबरम की गिरफ्तारी जरूरत है, पर उचित समय पर ऐसा करेंगे: ईडी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत से कहा कि आईएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की गिरफ्तारी की जरूरत है और उचित समय पर ऐसा किया जाएगा।

## खेल मंत्रालय ने दी जानकारी

# मैरीकॉम पद्म विभूषण, सिंधु पद्म भूषण व विनेश को पद्मश्री देने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** छह बार की वर्ल्ड चैम्पियन महिला बॉक्सर एमसी मैरीकॉम को पद्म विभूषण के लिए नामित किया गया है। वे देश के दूसरे सबसे बड़े सम्मान के लिए नामित होने वाली पहली महिला एथलीट बन गईं। मैरीकॉम को 2006 में पद्मश्री और 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। स्टार शटलर पीवी सिंधु को पद्म भूषण के लिए नामित किया गया। खेल मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों के अलावा रेसलर विनेश फोगाट, टेबल टेनिस प्लेयर मणिका बत्रा और महिला टी-20 टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पद्मश्री पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। मैरीकॉम छह बार वर्ल्ड चैम्पियनशिप जीतने वाली इकलौती बॉक्सर हैं। वे सात वर्ल्ड चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली भी पहली बॉक्सर हैं। 36 साल की मैरीकॉम पद्म विभूषण पाने वाली चौथी खिलाड़ी बन सकती हैं।



## गणेश महोत्सव संपन्न...



हैदराबाद। गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते भक्तगण। फोटो: एजेंसी

## गृहमंत्री शाह और कप्तान कोहली भी रहे मौजूद

# फिरोज शाह कोटला का नाम अब जेटली स्टेडियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के फिरोजशाह कोटला स्टेडियम का नाम गुरुवार को बदला गया। अब इसे अरुण जेटली स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के नाम पर रखा गया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ पहले ही बता चुका है कि स्टेडियम का नाम अरुण जेटली स्टेडियम होगा, जबकि मैदान का नाम फिरोजशाह कोटला ही रहेगा। नए नामकरण समारोह में गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री किरण रिजिजू ने भी हिस्सा लिया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुए समारोह में विराट कोहली, उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा, मुख्य कोच रवि शास्त्री के अलावा टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी मौजूद रहे। शुक्रवार को धर्मशाला टी-20 सीरीज के लिए रवाना होने के लिए टीम के खिलाड़ी गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। अरुण जेटली का 24 अगस्त को निधन हो गया था।



*इस कार्यक्रम में फिरोज कोटला मैदान के पविलियन स्टैंड का नाम 'विराट कोहली पविलियन' रखा गया है*

**स्टेडियम का नाम जेटली पर मैदान का नाम कोटला ही रहेगा**

स्टेडियम का नाम भले ही अरुण जेटली के नाम पर किया गया है, लेकिन ग्राउंड का नाम नहीं बदलेगा। दरअसल, यह स्टेडियम भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से लीज पर लिया हुआ है। इसलिए डीडीसीए इसका नाम खुद से नहीं बदल सकती है। सिर्फ तकनीकी रूप से ऐसा किया गया है। यानी अब अड्रेस होगा अरुण जेटली स्टेडियम फिरोजशाह कोटला मैदान, दिल्ली।

### विराट ने साझा किए कुछ यादगार पल

इस मौके पर विराट कोहली ने सभी को शुक्रिया किया और अपने कुछ यादगार पलों को सभी के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि 2001 के दौरान भारत और जिम्बाब्वे के बीच एक मैच था। उस वक्त मैंने क्रिकेट खेलनी शुरू ही की थी। मेरे कोच राजकुमार शर्मा ने मुझे और मेरे भाई के लिए टिकट दिया था। हम लोग तब कोटला स्टेडियम में मैच देखने आए थे। मुझे याद है मैं पविलियन के सामने वाली स्टैंड में बैठा था। बाउंड्री पर जवागल श्रीनाथ फील्डिंग कर रहे थे तो मैं उनसे ऑटोग्राफ मांग रहा था और अब देखिए समय बदल चुका है। हम आज सुबह (गुरुवार) इस पर चर्चा भी कर रहे थे।

## मुजफ्फरपुर आश्रय गृह मामला: कोर्ट ने दिया आदेश

# आठ लड़कियों को उनके परिवार को सौंपा जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को बिहार के मुजफ्फरपुर आश्रय गृह की 44 लड़कियों में से आठ लड़कियों को सभी आवश्यक औपचारिकतायें पूरी करने के बाद उनके परिवारों को सौंपने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति एम एम शांतानागौडार और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने इन आठ लड़कियां को सभी आवश्यक वित्तीय और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने का राज्य सरकार को निर्देश भी दिया। पीठ ने राज्य सरकार को इस तरह की पीड़ितों को योजना के तहत देय क्षतिपूर्ति का आकलन करने और न्यायालय को अपनी रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया। पीठ ने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज (टिस)को शेष लड़कियों के मामले में स्थिति रिपोर्ट तैयार करके आठ सप्ताह के भीतर न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया है।



- वित्तीय और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने का राज्य सरकार को निर्देश भी दिया



# बेटी के समलैंगिक रिश्ते से नाराज पिता ने दी जान, खुद को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के फर्श बाजार में बेटी के समलैंगिक रिश्ते से नाराज पिता ने बुधवार रात खुद को गोली मार ली। आनन-फानन में खून से लथपथ शख्स को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक कृष्णबीर (60) (परिवर्तित नाम) के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल अवैध हथियार रखने के संबंध में आईपीसी की धारा 25/27/54/59 के तहत केस दर्ज किया गया है। स्थानीय पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर 174 सीआरपीसी के प्रावधानों में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक कृष्णबीर परिवार के साथ विश्वास नगर इलाके में रहता था। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी हैं। वह कपड़ों पर प्रेस करते थे। 20 वर्षीय छोटी

■ आत्महत्या से पहले पिता का हुआ था बेटी से झगड़ा

बेटी की इलाके में ही रहने वाली एक अन्य युवती से दोस्ती थी। शुरुआत में परिवार को जब इसका पता चला तो उन्होंने इसे सामान्य नजर से देखा। लेकिन जल्द ही परिवार को अहसास हो गया कि बेटी की युवती से नजदीकी कुछ ज्यादा है। परिजनों ने जब बेटी से बात की तो बेटी ने भी अपने रिश्ते की सच्चाई परिवार को बता दी। उसने परिवार को बताया कि वह अपनी दोस्त से ही शादी कर उसके साथ रहेगी। यह सुनते ही परिवार के पैरों तले से जमीन खिसक गई। बेटी को खूब समझाया, लेकिन उसने एक न सुनी। रिश्तेदारों ने भी कई बार घर आकर बेटी को समझाया, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। मंगलवार रात को इसी बात पर पिता और बेटी के बीच झगड़ा हुआ। बात मारपीट तक पहुंच गई थी। इसके बाद कृष्णबीर नाराज होकर रात करीब सवा नौ बजे घर से निकल गया। लेकिन 20 मिनट बाद ही वह वापस घर लौट आया। वह सीधे अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया। इसी बीच परिजनों ने गोली की तेज आवाज सुनी। किसी तरह दरवाजा खोलने में सफल हुये परिजनों ने कृष्णबीर को खून से लथपथ देखा। पास में ही देशी कट्टा पड़ा था। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। कृष्णबीर ने देशी कट्टे से पेट में गोली मारी थी।

## पीजी में शॉर्ट सर्किट से आग, कोई घायल नहीं

**नई दिल्ली।** साउथ-वेस्ट जिले के मोती बाग, सत्य निकेतन इलाके में बुधवार रात एक पीजी बिल्डिंग में आग लग गई। आग मीटर के पैनल बोर्ड में लगी थी। इसमें कई मीटर जलकर खाक हो गये। फायर को आग लगने की सूचना रात 11 बजे मिली। चार गाड़ियों ने कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। इस घटना के किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि शुरुआत में कई लड़कियों के छत से नीचे छलांग लगाकर अपनी जान बचाने की बात सामने आई थी लेकिन फायर के एडिशनल डिविजनल ऑफिसर महमूद ने इससे इनकार किया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी दिल्ली में जनकपुरी और दूसरी जगहों पर इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम **पिताः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : 30–35 साल लगभग, **कद** : 5 फीट 8 इंच, **रंग** : सांवला, **लिंग** : पुरूष, **पहनावा** : जिसने काले रंग की लोअर पहने हुए है, जो दिनांक 01.09.2019 को रात 07:43 बजे, सीआरपी कैम्प के सामने मैन बवाना रोड़, नरेला, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में **डी डी सं. 16–ए दिनांक 01.09.2019** थाना नरेला, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थानाः नरेला, दिल्ली**
DP/610/ON/19 फोनः **011-27280435, 8750870324**


# हत्यारा पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ बुधवार सुबह झगड़े के बाद मारी थी पत्नी को गोली

■ पुलिस को बताई थी पत्नी की आत्महत्या की कहानी

फर्श बाजार इलाके के विश्वास नगर में बुधवार सुबह शिवांगी नामक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रशांत कसाना (30) को पुलिस ने बुधवार रात लंबी पूछताछ और पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी गोली मारने के करीब डेढ़ घंटे बाद खुद ही शिवांगी को लेकर मैक्स अस्पताल गया था। वहां पर उसने पत्नी के आत्महत्या की बात पुलिस को बताई थी। अब पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वारदात में प्रशांत के अलावा घर का कोई अन्य शख्स तो शामिल नहीं है। डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि वारदात के बाद शुरूआत से ही पुलिस को शिवांगी के पति प्रशांत पर शक था। सारे साक्ष्यों और पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की शुरूआती रिपोर्ट के आधार पर प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि घर में गोली चलने पर प्रशांत के पिता दिनेश कसाना, मां और बहन को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। जांच के दौरान पता चला है कि प्रशांत की बहन अपनी ससुराल वालों से झगड़ा कर तीन बच्चों को लेकर मायके आ गई थी। इसी बात पर शिवांगी का अपने पति से झगड़ा होता था। शिवांगी का मकान पहले ही बहुत छोटा था, उस पर ननद के आने से घर में हमेशा शोरगुल रहता था। मंगलवार देर रात प्रशांत शराब के नशे में घर पहुंचा तो शिवांगी और उसके बीच जमकर झगड़ा हुआ। दोनों का झगड़ा सुबह चार बजे तक चला। इसके बाद शिवांगी सो गई। सूत्रों का कहना है कि आरोपी प्रशांत ने सोते समय अपनी पत्नी को गोली मार दी। इसके बाद वह वहीं बैठा रहा। काफी सोचने के बाद आरोपी ने हत्या को आत्महत्या बनाने के लिए पत्नी को अस्पताल ले जाने का नाटक किया। सुबह वह शिवांगी को लेकर मैक्स अस्पताल पहुंचा, जहां से पुलिस को उसकी मौत की सूचना मिली। बाद में पुलिस ने प्रशांत को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। प्रशांत लगातार शिवांगी के आत्महत्या करने की बात करने लगा। लेकिन छानबीन के बाद उसकी पोल खुली और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को सब्जी मंडी मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शिवांगी का शव परिवार के हवाले कर दिया।

## मकोका समेत 15 मामलों में वांटेड बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने तीन महीने पुलिस हिरासत से फरार होने वाले एक कुख्यात बदमाश सलमान उर्फ दांत टूटा को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से एक पिस्टल व तीन कारतूस जब्त हुये है। पुलिस ने बताया कि बदमाश कि हैदराबाद की एक अदालत में पेशी थी। उसे पुलिस के जवान 12 जून को ट्रेन से ले जा रहे थे। सुबह करीब तीन बजे आरोपी मौका देखकर फरार हो गया था।



मकोका व लूट के 15 मामलों में इसकी तलाश थी। जबकि वह करीब 31 मामलों में पहले लिप्त रह चुका है। डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा के मुताबिक एसीपी अतर सिंह की टीम को सूचना मिली थी कि आगरा के पास ट्रेन से चकमा देकर फरार होने वाला सलमान नाम का बदमाश दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक ट्रैप लगाकर बुधवार देर रात उसे दबोच लिया। जांच में पता चला कि आरोपी बीते जून महीने की 12 तारीख फरार हुआ था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह फरारी के बाद हाइवे से एक ट्रक में लिफ्ट लेकर गुरुग्राम आया था। इसके बाद वह नाम बदल कर खोड़ा कालोनी में रहने लगा। सलमान 17 साल की उम्र में ही अपराधिक वारदातों को अंजाम देने लगा था। पहली बार 2003 में गिरफ्तार हुआ था। इसके खिलाफ लूटपाट, झपटमारी के अलावा हत्या, आर्म्स एक्ट और मकोका के मामले दर्ज थे। पिछली बार 2017 में इसके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सलमान भजनपुरा थाने का घोषित बदमाश है। हैरदाराबाद में भी इसके खिलाफ चार मामले दर्ज थे।

# अपहरण और हत्या में दो नाबालिगों समेत पांच धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मंदिर मार्ग थानाक्षेत्र में 23 वर्षीय युवक के अपहरण और हत्या के केस को सुलझाते हुये पुलिस ने दो नाबालिगों समेत पांच को पकड़ा है। पकड़े गये आरोपियों में योगेश उर्फ मकड़ी (20), ललित उर्फ दीपक (22) और गौरव उर्फ नन्हें (19) शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक युवक की बॉडी भी रिज एरिया से बरामद कर ली है। पूछताछ में पता चला कि सभी पांचों आरोपी कनॉट प्लेस में फूटपाथ पर रहते थे और हनुमान मंदिर के पास भीख मांगकर गुजारा करते थे। नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त ईश सिंघल ने बताया कि सात सितंबर को पालिका धाम में रहने वाली ललिता नाम की एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि मकड़ी ने उसके बेटे विकास (23) का अपहरण किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया और छानबीन में जुट गई। छानबीन में पता चला कि मकड़ी अपने दोस्तों के साथ उसी रात पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर हरिद्वार चला गया है। पुलिस की एक टीम हरिद्वार पहुंची तो वहां पता चला कि सभी दिल्ली लौट गये हैं। इसके बाद मकड़ी का एक दोस्त दीपक हनुमान मंदिर के पास से हिरासत में लिया गया। उससे पूछताछ के बाद मकड़ी और तीन अन्य आरोपी लाल किले के नजदीक पार्क से धरे गये। पांचों में दो नाबालिग है। जंगल से सड़ी-गली अस्वथा में विकास का शव भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि विकास के पड़ोसी का मकड़ी से किसी बात को लेकर झगड़ा था। विकास और उसके दोस्त ने 6 मकड़ी को एक कमरे में बंद कर जमकर पीटा था। उसे छह सितंबर को अस्पताल में भी भर्ती करवाया गया था, जहां से उसे छुट्टी मिल गई थी। इसी का बदला लेने के लिये मकड़ी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सात सितंबर को कनॉट प्लेस से विकास को अगवा कर लिया। ऑटो में डालकर उसे शंकर रोड व मंदिर लेन के जंगलों में ले जाकर बेल्ट, डंडों व तारों से तब तक पीटा गया था जब तक कि उसने दम नहीं तोड़ दिया। बाद में शव को जंगल में फेंक हरिद्वार गंगा नहाने चले गये थे।







## डूसू चुनाव: छात्रों में दिखा वोटिंग को लेकर उत्साह, मतगणना आज

# एनएसयूआई ने ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए

## किरोड़ीमल कॉलेज में फर्जी वोट डालते पकड़े तीन स्टूडेंट्स


जांच


बारी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ईवीएम में गड़बड़ी और कुछ प्रत्याशियों को प्रवेश देने से इनकार के बीच गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के चार पदों के लिए चुनाव का पहला चरण संपन्न हुआ। चुनाव में 16 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर है मतदान के लिए 52 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। डूसू चुनाव में कुल 1.3 लाख मतदाता छात्र हैं। प्रातः कालीन कक्षाओं के लिए मतदान सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ और दोपहर एक बजे खत्म हुआ। सांध्यकालीन कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दोपहर तीन बजे मतदान शुरू हुआ और यह शाम साढ़े सात बजे खत्म हुआ। नॉर्थ कैंपस के 17 बूथों पर कुल 38 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। यहां पर किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 400 पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल ने भी करीब साढ़े ग्यारह बजे नॉर्थ कैंपस का दौरा किया और युवा मतदाताओं से बातचीत की। कांग्रेस से संबद्ध नेशनल स्टुडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने दावा किया कि संयुक्त सचिव पद के उसके उम्मीदवार अभिषेक चपराना को दक्षिण दिल्ली के दयाल सिंह कॉलेज में मतदान केंद्रों पर नहीं जाने दिया। संगठन ने दावा किया कि चपराना को 'गैरकानूनी ढंग से हिरासत' में लिया गया है। हालांकि पुलिस ने कहा कि यह उम्मीदवार कॉलेज के बाहर प्रचार कर रहा था जिसकी इजाजत नहीं है। पुलिस ने कहा कि जब उसे प्रचार करने से रोका गया तो उसने पुलिसकर्मियों के साथ खराब बर्ताव किया इसलिए उसे हिरासत में लेना पड़ा। एनएसयूआई ने ईवीएम में गड़बड़ी का भी आरोप लगाया। संगठन की राष्ट्रीय प्रभारी रुचि गुप्ता ने ट्वीट किया, फिर आर्यभट्ट कॉलेज में ईवीएम में गड़बड़ी की गई जैसा एनएसयूआई के खिलाफ होता रहा है। जब एनएसयूआई प्रत्याशी के पक्ष में बटन दबाया जा रहा था तो ईवीएम में मत पंजीकृत होने की जानकारी देने वाली बत्ती नहीं जली। हमारे प्रतिनिधि और जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। चुनाव समिति सदस्य ने बताया कि मत डाले जा रहे हैं लेकिन बत्ती जलने में कुछ समस्या आई। ईवीएम को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में 152 वोट डाले गए हैं। एनएसयूआई के सचिव प्रत्याशी आशीष लांबा को रामजस कॉलेज में प्रवेश करने नहीं दिया गया। यह कदम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से बाहरी व्यक्तियों को साथ लाने के आरोप के बाद उठाया गया। पुलिस ने बताया कि चुनाव के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। किरोड़ीमल कॉलेज में तीन छात्रों ने (दो छात्र और एक छात्रा) अपने दोस्तों के पहचानपत्र के आधार पर दोबारा मतदान करने की कोशिश की। कॉलेज के अधिकारियों ने बताया कि अगले हफ्ते इनपर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। चुनाव में उतरे 16 उम्मीदवारों में केवल चार उम्मीदवार छात्राएं हैं। उनमें से भी दो निर्दलीय हैं। एबीवीपी ने डूसू अध्यक्ष पद के लिए अक्षित दहिया को, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप तंवर को, महासचिव पद के लिए योगित राठी और संयुक्त सचिव पद के लिए शिवांगी खेरवाल को उतारा है।

एनएसयूआई ने दहिया के खिलाफ चेतना त्यागी को और वाम दल समर्थित आइसा ने अध्यक्ष पद के लिए दामिनी कैन को उतारा है। एनएसयूआई ने उपाध्यक्ष पद के लिए अंकित भारती को, सचिव पद के लिए आशीष लांबा और संयुक्त सचिव पद के लिए अभिषेक चपराना को चुनाव मैदान में उतारा है।


हंगामा

■ एनएसयूआई का उम्मीदवार हिरासत में लिया गया

# आप सरकार ने कॉलोनियों को नियमित करने के लिए कुछ नहीं किया : हर्षवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने केजरीवाल सरकार पर गरीबों से 'विश्वासघात' का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि पांच साल तक सत्ता में रहने के बावजूद उसने अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भी नियमित करने के नाम पर अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों के साथ 'छल' किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 के नियम के तहत दिल्ली सरकार को कॉलोनियों को नियमित करने के लिए तीन-चार काम करने थे। आप सरकार ने पांच साल तक सत्ता में रहने के बावजूद कॉलोनियों का आकार, मालिकाना हक तय करने के लिए कमेटी का गठन, शुल्क तय करने संबंधी अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने खुद 2014 में अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए काम शुरू किया। आगामी विधानसभा चुनाव के पहले एकजुटता दिखाते हुए संवाददाता सम्मेलन में इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद विजय गोयल, सांसद मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, गौतम गंभीर, हंसराज हंस उपस्थित थे।



## आप का पलटवार: श्रेय ले लीजिए लेकिन फैसला जल्दी कीजिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अनियमित कॉलोनी मामले पर भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) आमने सामने हैं। आप ने भाजपा की प्रेसवार्ता को लेकर कहा है कि श्रेय भाजपा वालों आप ले लीजिए। इसमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन आप भाजपा से अपील करती है कि नवंबर, 2015 के दिल्ली कैबिनेट के कच्ची कॉलोनियों को पक्का करने के फैसले को केंद्र सरकार से जल्दी से जल्दी मंजूरी दिलवा दे। साथ ही, गत माह केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के ड्रॉफ्ट कैबिनेट नोट पर दिल्ली सरकार की सिफारिशों को शीघ्र मंजूर किया जाए ताकि दिल्ली सरकार कच्ची कॉलोनियों में रजिस्ट्री का काम तुरंत शुरू कर सके।




# गंभीर ने की स्वच्छ दिल्ली के लिए उचित कचरा प्रबंधन की वकालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने गुरुवार को दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए कूड़ा- कचरे के उचित प्रबंधन पर जोर दिया। गंभीर ने कहा कि वह अपने संसदीय क्षेत्र में गाजीपुर और अन्य क्षेत्रों में कचरा डालने की जगहों (लैंडफिल) के लिए स्थायी समाधान खोजने की कोशिश कर रहे हैं। सीआईआई - सीबीआरई की ओर से आयोजित ' बिल्डिंग ग्रीन रियल एस्टेट ' सम्मेलन को संबोधित करते हुये गंभीर ने कहा कि जाम और प्रदूषण से निपटने के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करने की जरूरत है। गंभीर ने उद्योगों से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष के जरिए स्वच्छता पहल या अभियान में मदद करने के लिए कहा है। उन्होंने गाजीपुर में कूड़े के पहाड़ और आसपास के क्षेत्र में रहने वालों पर असर उसके प्रभाव को लेकर चिंता जताई। गंभीर ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने इंदौर के नगर आयुक्त से भी मुलाकात की थी। गंभीर ने कहा कि मेरे कार्यकाल के दौरान, हम गाजीपुर में कूड़े - कचरे के पहाड़ों का स्थायी समाधान खोजेंगे। गंभीर ने चुनाव के दौरान गाजीपुर में कूड़े के पहाड़ को स्वच्छ स्थान में बदलने, कचरे का उपयोग करके बिजली पैदा करना, स्वच्छ यमुना परियोजना का वादा किया था। पूर्व क्रिकेटर ने वायु प्रदूषण पर कहा कि इलेक्ट्रिक - वाहन भविष्य है और सरकार सब्सिडी के माध्यम से ई - वाहन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बसों की संख्या कम होकर करीब 3,000-4,000 रह गई है। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को उन्नत और मजबूत बनाने की जरूरत है।



## वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दीर्घकालीन उपाय जरूरी: सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को दिल्ली के शीतकालीन वायु प्रदूषण को लेकर एक मजबूत कार्य योजना बनाने के लिए पर्यावरण विशेषज्ञों के साथ बेहतरीन सुझावों के लिए बैठक की। विशेषज्ञों ने दिल्ली में ऑड-ईवन पॉलिसी की प्रभावकारिता के साथ-साथ प्रदूषण मास्क का उपयोग अल्पकालिक प्रदूषण शमन उपायों के रूप में बताया जो दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा सकते हैं। सीएम केजरीवाल के साथ बैठक में भारत के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो विश्वविद्यालय (ईपीआईसी) के कार्यकारी निदेशक डॉ. केन ली ने जनवरी 2016 में दिल्ली सरकार के पहले ऑड-ईवन नीति के प्रभाव के बारे में बताया। डॉ. ली ने कहा कि जनवरी 2016 के ऑड-ईवन पायलट ने वायु प्रदूषण को 14 से 16% तक कम कर दिया। यह शायद सर्दियों के दौरान आपातकालीन उपाय के रूप में सबसे उपयुक्त है, जब वाहन उत्सर्जन विशेष रूप से समस्याग्रस्त है।

# अदालत से राहत नहीं मिलने पर आप विधायक सोम दत्त जेल भेज गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत द्वारा आप विधायक सोम दत्त की अपील खारिज कर दिए जाने के बाद छह माह की सजा काटने के लिये उन्हें गुरुवार को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया। सोम दत्त को 2015 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक व्यक्ति पर बेसबॉल के बल्ले से हमला करने के मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। उनके वकील मोहम्मद इरशाद ने कहा कि विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने आप नेता द्वारा दायर अर्जी को खारिज कर दिया और कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा दिए गए आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। इरशाद ने मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा था कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने मामले में नेता को दोषी ठहराने में गलती की। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने चार जुलाई को दत्त को छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी और साथ ही उन पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अदालत ने कहा था कि घटना से पहले वह दिल्ली विधानसभा के सदस्य थे और आगामी विधानसभा चुनाव लड़ रहे थे। अदालत ने कहा था कि इसका मतलब है कि वह जनप्रतिनिधि हैं और उन्होंने अपराध की गंभीरता और उसके परिणामों को जानते हुए अपराध किया है। अदालत ने हालांकि उन्हें सजा के खिलाफ अपील करने के लिए पांच अगस्त, 2019 तक 10,000 रुपये के निजी और ज़मानत बांड पर जमानत दे दी थी। दत्त के खिलाफ उत्तरी दिल्ली के गुलाबी बाग पुलिस स्टेशन में 2015 में एक प्राथमिकी दर्ज कर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने शिकायतकर्ता के पैरों में बेसबॉल के बल्ले से हमला किया था और उनके समर्थकों ने शिकायतकर्ता को सड़क पर खींच कर मारपीट की थी।



## आप के अधिकांश नेता आपराधिक गतिविधियों में लिप्त : तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के अधिकांश नेता आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं, जो कानूनी प्रक्रिया में दोषी साबित होने पर जेल जाएंगे। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने गुरुवार को आप के विधायक सोमदत्त को 6 माह के लिए तिहाड़ जेल की सजा पर उक्त प्रतिक्रिया दी। तिवारी ने बताया कि गुलाबी बाग के बाबा बालक नाथ मंदिर के महंत संजीव राणा की शिकायत पर उक्त कानूनी कार्रवाई हुई है।



## खबर संक्षेप

### दिल्ली प्रवेशः टोल प्लाजा पर आज से कैशलेस भुगतान

■ उल्लंघन करने वालों पर दोगुना जुर्माना लगेगा

**नई दिल्ली।** फ्रीक्वेंसी पहचान (आरएफआईडी) टैग वाले वाणिज्यिक वाहनों को शुक्रवार से अनिवार्य रूप से नकदी रहित (कैशलेस) भुगतान के लिए तैयार रहना होगा और ऐसा नहीं होने की स्थिति में उन्हें दंड स्वरूप दोगुनी कर राशि का भुगतान करना पड़ेगा। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के एक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरएफआईडी प्रणाली वाणिज्यिक वाहनों से एमसीडी कर और पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) का स्वतः संग्रह करने की अनुमति देती है। इस प्रणाली को 24 अगस्त को शहर के 13 व्यस्ततम सीमा बिंदुओं पर लागू किया गया था। इसका उद्देश्य सड़कों पर लगने वाले जाम और प्रदूषण को कम करना है। इस प्रणाली से जहां राजस्व में चोरी बचेगी, पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त रणधीर सहाय ने बताया कि बड़ी संख्या में वाणिज्यिक वाहनों के मालिकों ने उनके आरएफआईडी खाते को रिचार्ज नहीं कराया है।

## पैसे को लेकर दोस्त ने दिया वारदात को अंजाम

# एमएनसी अधिकारी व पत्नी की हत्या

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



■ यूपी, इटावा के चकरनगर बंधा गांव के विक्रम पत्नी ज्योति के साथ डूंडाहेड़ा में किराए के मकान में रहते थे

■ हत्यारोपित अभिनव ने दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर विक्रम सिंह से ढ़ाई लाख रुपए लिए थे व काम नहीं होने पर विक्रम सिंह ने अभिनव से पैसे मांगे।

पैसे के लेनदेन के चलते एक युवक ने अपने ही दोस्त एमएनसी अधिकारी व उसकी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने पति-पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपित युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी।

यूपी, इटावा के चकरनगर बंधा गांव के विक्रम (32) व उसकी पत्नी ज्योति (35) यहां एमएनसी में नौकरी करते थे। विक्रम सिंह सीनियर एसोसिएट के पद पर कार्यरत थे। वे यहां डूंडाहेड़ा में किराए के मकान में रहते थे। हत्यारोपित अभिनव ने दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर विक्रम सिंह से ढ़ाई लाख रुपए लिए थे। काम नहीं होने पर विक्रम सिंह ने अभिनव से पैसे मांगे। जिस पर अभिनव बुधवार की सांय विक्रम सिंह से मिलने के लिए उनके घर आया था। जहां दोनों ने शराब पी। रात करीब साढ़े तीन बजे अभिनव ने चाकू से विक्रम सिंह पर हमला कर लिया। विक्रम की पत्नी ज्योति उसे बचाने आई तो अभिनव ने उस पर भी हमला कर दिया। शोर मचने पर मकान मालिक व आसपास के लोग वहां पहुंचे और उन्होंने अभिनव को दबोच लिया। अभिनव ने विक्रम सिंह पर चाकू के छह वार और ज्योति पर चार बार हमला किया गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और अभिनव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# ऑटो मोबाइल क्षेत्र को आर्थिक मंदी से उभारने के लिए उठाए जाएं कदमः जांघू



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

■ श्रमिक संगठनों ने कर्मचारियों की छंटनी को लेकर रोष जताया

■ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, पीएम के नाम ज्ञापन देने की दी चेतावनी

देश में आर्थिक मंदी का दौर चल रहा है। इसका असर ऑटो मोबाइल क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। ऑटो इंडस्ट्री में मंदी से हाल बेहाल है।

जहां लाखों की संख्या में श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है, वहीं कर्मचारियों की छंटनी का कार्य भी जारी है। श्रमिक संगठनों में इस सब को लेकर बड़ा रोष है। वे शीघ्र ही संयुक्त रुप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपेंगे। उक्त बात मारुति मजदूर संघ की आयोजित बैठक में संघ के अध्यक्ष कुलदीप जांघू ने कही। उन्होंने कहा कि आर्थिक मंदी का इतना प्रभाव है कि कंपनी प्रबंधन श्रमिकों को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रही है और उन्होंने श्रमिकों के वेतन समझौते भी लटकाए हुए हैं। ट्रेड यूनियन काउंसिल मजदूरों से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष जोरों-शोरों से उठाती रही है लेकिन श्रमिकों की समस्याओं का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। जहां प्लांटों में उत्पादन सस्पेंड किया जा रहा है, वहीं संयुक्त उद्योगों में भी श्रमिकों को हालात खराब हैं, उन्हें भी नौकरियों से निकाला जा रहा है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि आर्थिक मंदी के इस दौर से ऑटो मोबाइल क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठानों को उबारने के लिए कदम उठाए जाएं। मजदूर संघ शीघ्र ही अन्य श्रमिक संगठनों के साथ मिलकर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है। बैठक में श्रमिक नेता राजेश कुमार, अजमेर सिंह, दौलतराम, कुलदीप जून, नरेश मोर, ईश्वर दयाल, जगताल सिंह, अमित पाढा, संदीप यादव, सुभाष, जसवीर सिंह, राहुल सौलंकी, सुभाष मलिक, अतुल कुमार, अजीत हुड्डा, सुरेंद्र जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी युगल ने हरियाणा से भागकर दिल्ली में जान दी

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज थानाक्षेत्र के आरामबाग सेंटर पार्क में गुरुवार शाम को युवक और युवती मृत पाये गये। युवक की पहचान हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी विपिन (25) और सरोज (22) के रूप में हुई है। दोनों शवों पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शवों को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा हरियाणा पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि विपिन, सरोज की गुमशुदगी की रिपोर्ट 10 सितंबर को सिटी महेंद्रगढ़ थाने में दर्ज की गई थी। विपिन नांगल माला गांव, सरोज महेंद्रगढ़ की रहने वाली थी। जानकारी मिली है कि कपल एक दूसरे से प्यार करता था। यह बात उनके घरवालों को पता चल चुकी थी व वे इस रिश्ते को स्वीकार नहीं कर रहे थे। ऐसे में कपल ने घर से भागने का निर्णय लिया। 9 सितंबर को दोनों अपने-अपने घर को छोड़कर निकले। लड़की के घरवालों ने इस बारे में महेन्द्रगढ़ में युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करवा दिया था। वहीं विपिन के परिवार ने भी विपिन के लापता होने की शिकायत पुलिस को दे रखी थी। गुरुवार दोपहर इस कपल को आराम बाग स्थित पार्क में टहलते हुए कुछ लोगों ने देखा था।

### पीएम का जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी भाजपा

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन भाजपा सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी। इस दौरान अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, कुष्ठ रोगियों को फल वितरण ,सरकारी स्कूल के बच्चों को पुस्तक वितरण, मेडिकल कैम्प, नर सेवा नारायण सेवा जैसे पुनीत कार्य किये जायेंगे।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी व सेवा सप्ताह कार्यक्रम के महानगर संयोजक पूर्व सांसद डॉक्टर रमेश चंद तोमर ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस की। जिसमें मानसिंह गोस्वामी ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सेवा सप्ताह का कार्यक्रम भाजपाइयों द्वारा प्रदेश व जिले स्तर पर मनाया जाना तय किया गया गया है उसी कड़ी में गाजियाबाद महानगर के सभी कार्यकर्ता देश के यशस्वी पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा सप्ताह के सेवा करते हुए मनाएंगे। डॉक्टर रमेश चंद तोमर ने कहा कि देश के पीएम सेवा पुरुष के रूप में ही देश वासियों की सेवा, उत्थान में काम कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के रूप में हम सेवा करके पीएम को अपनी सही मायने में शुभकामनाएं देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा का सीधा सीधा माध्यम है हमें यह सेवा सप्ताह के दौरान सेवा करके सिद्ध कर दिखाना है। आगामी 17 सितंबर को देश के पीएम मोदी जी का जन्मदिन है।

# चीफ वार्डन के अभद्र व्यवहार पर भड़के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




■ पानी को लेकर उत्पन्न विवाद बैठक के बाद हुआ खत्म

जे.सी. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में विद्यार्थियों द्वारा पेयजलापूर्ति को लेकर हुए गतिरोध के कारण उत्पन्न स्थिति को विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के माध्यम से सुलझा लिया है। छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग की उपस्थिति में चीफ होस्टल वार्डन तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूरे घटनाक्रम पर शांतिपूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों तथा अधिकारियों ने माना कि उचित संवाद न हो पाने के कारण मामला बढ़ गया, जिसे आसानी से बातचीत द्वारा सुलझाया जा सकता था। विद्यार्थियों ने छात्रावास में पेयजल आपूर्ति को लेकर विद्यार्थियों को आने वाली दिक्कत से अवगत करवाया, जिस पर छात्रावास प्रबंधन ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्रावास में पेय जलापूर्ति आरओ के माध्यम से की जाती है और वाटरकूलर का प्रबंध किया गया है। विगत रात बिजली की आपूर्ति में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण जलापूर्ति प्रभावित रही, जिसके कारण छात्रावास में जलापूर्ति, विशेष रूप से ठंडे पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। लेकिन बाद में देर रात तक पानी की व्यवस्था को दुरूस्त कर दिया गया था। विद्यार्थियों द्वारा छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर भी अपनी आपत्ति जताई, जिस पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों एवं अधिकरियों को विद्यार्थियों से विन्रमता से व्यवहार करने की हिदायत दी है। बैठक के उपरांत विद्यार्थी प्रतिनिधिमंडल ने अपना विरोध प्रदर्शन वापिस ले लिया। पूरे मामले पर संज्ञान लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को छात्रावास में जलापूर्ति व्यवस्था के पूर्णतः दुरूस्त करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि छात्रावास की मौजूदा शिकायत प्रणाली की समीक्षा की जाये और इसे प्रभावी बनाने के लिए उचित कदम उठाये जाये और छात्रावास में विद्यार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध निपटान किया जाये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों तथा वरिष्ठ संज्ञय सदस्यों को विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद करने के भी निर्देश दिये है ताकि विद्यार्थियों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल सके और भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो।

#### बेहतर सुविधाएं प्रदान कराने के प्रयास हो रहें हैंः कुलपति

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करवाने की दिशा में विवि निरंतर काम कर रहा है। गौरतलब है कि चीफ वार्डन द्वारा छात्रों से अभद्र व्यवहार करने, मारपीट करने के विरोध में गुरुवार को फरीदाबाद की जेसी बोस यूनिवर्सिटी के बाहर छात्रों ने जमकर हंगामा किया व 'वी वान्ट जस्टिस' के नारे लगाकर विवि के वीसी से चीफ वार्डन को बर्खास्त करने की मांग की। छात्रों ने शिकायत सहायक पुलिस आयुक्त बल्लभगढ़ को भी दी।

## पति की पिटाई से गिरा महिला का गर्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कलयुगी पति द्वारा अपनी पत्नी से करूरतापूर्वक की गई मारपीट से उसका दो माह का गर्भ गिर गया। पीड़ित महिला फिलहाल फरीदाबाद अपने मायके आ गई है, इस बाबत उसने पति के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए महिला पुलिस को शिकायत दी है। प्राप्त जानजकारी के अनुसार 23 वर्षीय सपना नामक महिला ने गुरुवार को बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी शादी उसके परिजनों ने राजस्थान निवासी युवक से की थी, जो उसके साथ अक्सर मारपीट करता था।

दो दिन पूर्व जब वह राजस्थान में रह रही थी तो उसका पति शराब पीकर आया और उसने बिना किसी बात के उससे मारपीट शुरु कर दी व देखते ही देखते उसने उसके पेट में लात दे मारी, जिससे उसजका दो माह का गर्भ गिर गया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति शादी के बाद से उसके साथ अक्सर मारपीट करता रहता है। पति की पिटाई और गर्भ गिरने से क्षुब्ध होकर वह गत दिवस किसी तरह फरीदाबाद अपने मायके आ गई।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर

**गुरुग्राम।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कई कार्यक्रम शुरू किए हुए हैं। सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य यही है कि महिलाओं एवं बच्चों को स्वस्थ रखा जाए, उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरुक भी किया जाए। इसी क्रम में विभाग द्वारा गुड़गांव गांव में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विभाग की इंदू गोदारा ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं द्वारा माताओं को जानकारी दी गई कि बच्चों को कैसे स्तनपान कराना चाहिए। महिलाओं को बताया गया कि बच्चों को मां का दूध अवश्य पिलाना चाहिए, जिससे वे विड़िान्न प्रकार की बीमारियों से बचे रह सकते हैं।

# महासंपर्क अभियान में युवाओं पर होगा फोकसः राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा द्वारा प्रदेश में 15 सितंबर तक चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान-2019 में खासकर युवाओं पर ज्यादा फोकस होगा। अभियान के तहत भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा लोगों से संपर्क किया जा रहा है। जिससे कि लोगों को भाजपा सरकार की पांच साल की उपलब्धियों के बारे में बताया जा सके। यह अभियान डोर टू डोर व पर्सन टू पर्सन चलाया जाएगा। राव इंद्रजीत सिंह यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ स्थानीय विधायक उमेश अग्रवाल व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान भी थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष तक के युवाओं की है। इसलिए युवाओं पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वहीं प्रदेश के खिलाड़ियों को भी महासंपर्क अभियान से जोड़कर उनका सहयोग लिया जाएगा। पहली बार मतदाता बने युवाओं पर अभियान के तहत ज्यादा फोकस रहेगा। इसके अलावा, 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है। उस दिन हरियाणा के एक्स सर्विसमैन को एक स्थान पर बुलाकर उनसे संपर्क किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हरियाणा में लगभग 20 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के पटौदी, बावल विधानसभा क्षेत्र की सीटें अनुसूचित जाति के उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भाजपा सरकार का आरक्षण को खत्म करने का कोई विचार नहीं है। एक हजार अनुसूचित जाति के मतदाताओं से एक सामान्य वर्ग के व्यक्ति द्वारा संपर्क किया जाएगा। जो उन्हें समझाएगा कि आरक्षण खत्म नहीं किया जा रहा और ये विपक्ष की चाल है। वह व्यक्ति इस बारे में पार्टी को फीडबैक देता रहेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार की आरक्षण खत्म करने की कोई मंशा नहीं है। विपक्षियों द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों में यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा सरकार आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। अभियान के माध्यम से लोगों के मन में इस प्रकार के संशयों को दूर किया जाएगा।



■ आरक्षण खत्म करने का कोई विचार नहीं

#### भाजपा का 75 पार का लक्ष्य संभव होता नजर आ रहा

राव ने कहा कि सीएम की जन आशीर्वाद यात्रा को लोगों का भारी समर्थन मिला। इस यात्रा के दौरान सीएम को मिले भारी जन समर्थन से भाजपा सरकार का 75 पार का लक्ष्य संभव होता नजर आ रहा है। केन्द्रीय मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे पूर्व मंत्री स्व. सीताराम सिंगला के निवास पर गए व उनके पुत्र सुधीर सिंगला से संपर्क किया। इस अवसर पर गुड़गांव के विधायक उमेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चैहान,उपाध्यक्ष हरविंद कोहली, मेयर मधु आजाद, महामंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीन चंद्वा वशिष्ठ, भाजपा प्रवक्ता सतप्रकाश जरावता व रमन मलिक सहित भाजपा पार्टी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ओला कैब, टेंपो में बिठाकर लूट पाट करने वाले चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** विजय नगर पुलिस ने गुरुवार को ओला कैब व टेम्पो में बिठाकर लूट पाट करने वाले चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लुटे गए मोबाइल फोन, ओला कैब, टेम्पो व चार हजार की नगदी बरामद की है। एसपी सिटी श्लोक कुमार ने बताया कि विजय नगर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि चार बदमाश जो अलग-अलग ओला कैब एवं टेंपो में सवारी बैठाकर मारपीट कर लूट करते हैं, पीड़ित को सुनसान जगह पर फेंक कर भाग जाते हैं, फिर अवैध हथियारों से लैस विजय नगर क्षेत्र में बड़ी वारदात की फिराक एसेंट कार एवं ऑटो से घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम बताए स्थानों पर बदमाशों की गिरफ्तारी, माल बरामदगी के लिए लगाया गया। टीम ने ब्रह्मपुत्र एनक्लेव पर प्रभावी चेकिंग कर दो अपराधियों को मय तमंचे व कारतूस तथा चाकू सहित ब्रह्मपुत्र एनक्लेव रोड से से ओला कैब एसेंट कार व अंतरिक्ष अपार्टमेंट के सामने से टेंपो सहित दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाशों के नाम क़ासिम उर्फ बेटी पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी 25 फुटा रोड गली नंबर 10 थाना फेज3, रमेश पुत्र धर्मपाल निवासी गली नंबर 5 20 फुटा रोड सिद्धार्थ विहार कॉलोनी थाना विजय नगर, रंजीत पुत्र गणेश निवासी सोम बाजार खोड़ा कॉलोनी व अरविंद पुत्र सरवन निवासी गली नंबर 5 ग्राम बहलोल पुर थाना सेक्टर 58 नोएडा है।

# 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

■ छह सितम्बर को मसूरी पुलिस की कस्टडी से हुआ था फरार

छह सितम्बर को मसूरी पुलिस की पुलिस कस्टडी से फरार 25हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार की देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया । पुलिस ने उसके कब्जे से स्कूटी, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। वह यूपी, उत्तराखंड का सक्रिय बदमाश है तथा कई आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुका है। वहीं, मामले में बदमाश की भगाने में सहायता करने के मामले में पुलिस ने बुधवार दोपहर तीन परिजनों को भी गिरफ्तार किया था। एसपी देहात नीरज जादौन ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस अभिरक्षा में फरार बदमाश मोहसिन पुत्र सलीम नायफल रोड के पास वेव सिटी चौकी क्षेत्र में स्कूटी पर सवार होकर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आ रहा था।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई निविदा सूचना**

मण्डल अभियंता संपदा उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिये खुली निविदा दिनांक 06.10.2019 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन तत्काल बाद मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली के निविदा कक्ष में खोली जायेगी।

| | टै.नो. नं. | | 17 (A,B,C)/19-20 dated 09.09.2019 |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | A) | सहायक मण्डल अभियन्ता/सम्पत्ति–VI के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/कार्य, पंजाबी बाग के कार्य क्षेत्र में प्रोवीजन आफ 80 वेड केपेसिटी लेडीज बैरेक एट आर पी एफ लाईन्स दयाबस्ती में |
| | | B) | वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/सम्पत्ति के अधीन हायरिंग ओफ वेहीकल फोर ऐडीईएनई–IV |
| | | C) | सहायक मण्डल अभियन्ता/सम्पत्ति–VI के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/कार्य, शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में रिपेयर टू किचन, वाथ, टायलेट एवं एक रूम फ्लोरिंग इन ब्लाक नं. 310 to 317, 321, 322, ब्लाक इन शकूरबस्ती रेलवे कोलोनी एवं रिपेयर टू डेमेज एप्रोच रोड फ्रोम 294 ब्लाक से 323 ब्लाक एवं इन साईड कोलोनी रोड एलोंग विथ फुट पाथ एवं इम्प्रूवमेन्ट आफ ड्रेनेज सिस्टम इन शकूरबस्ती रेलवे कोलोनी एवं रिपेयर टू एस सी आई स्टेक आफ टायलेट बाथ एवं किचन ईन ब्लाक नं. 338, 324, 325, 302 से 305, 328 एवं 329 इन शकूरबस्ती रेलवे कोलोनी में |
| 2 | अनुमानित लागत | A) | 1,46,80,667.21 रुपये |
| | | B) | 5,14,824/- रुपये |
| | | C) | 1,74,87,059.46 रुपये |
| 3 | धरोहर राशि | A) | 2,23,400.00 रुपये |
| | | B) | 10,300.00 रुपये |
| | | C) | 2,37,400.00 रुपये |
| 4 | समापन अवधि | A) | 12 माह |
| | | B) | 12 माह |
| | | C) | 12 माह |
| 5 | निविदा मूल्य नगद व डाक द्वारा | A) | 5,900 रुपये |
| | | B) | 2,360 रुपये |
| | | C) | 5,900 रुपये |

1. निविदा प्रपत्र वरिष्ठ मण्डल अभियंता, समन्वय, उत्तर रेलवे नई दिल्ली के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को दिनांक 04.10.2019 को 15:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं, व रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से दिनांक 04.10.2019 को 15:00 बजे तक डाउनलोड कर सकते हैं। 2. निविदा सम्बंधी अन्य जानकारी टेंडर दस्तावेज से देख सकते हैं।

पत्र संख्या : 128–डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/19–20/टै.नो. 17 (A,B,C) दिनांक : 09.09.2019 2923/2019

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### वन्य प्राणियों पर सरकार विशेष फोकसः यान वेहरलिंग

**गुरुग्राम।** फ्रांस के राजदूत यान वेहरलिंग ने गुरुवार को राष्ट्रीय पक्षी उद्यान सुल्तानपुर झील पर देशी विदेशी पक्षियों का दीदार किया। भारत में वन्य प्राणियों पर सरकार विशेष फोकस कर रही है। यह प्राकृतिक सुंदरता को कायम रखने में बेहतरीन कदम है। सुल्तानपुर झील का भ्रमण करके यान वेहरलिंग ने जानकारी जुटाई कि जलवायु पक्षियों के लिए कितनी अनुकूल है। उन्होंने स्थानीय, प्रवासी पक्षियों का दीदार किया और उनके जीवन के बारे में जानकारी हांसिल की। झील का वातावरण काफी बेहतरीन है। भारतीय संस्कृति, पर्यावरण, वन्य प्राणी आदि विषयों पर जानकारी से वह बहुत खुश है। राष्ट्रीय पक्षी उद्यान सुल्तानपुर झील अन्य देशों के सैलानियों को आकर्षित करती है। वे ग्रेटर नोयडा स्थित एक्सपो-मार्ट में आयोजित किए गए ग्लोबल कंवेशन कॉपोरिशन ऑफ पार्टीज में हिस्सा लेने आये थे। सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। इस मौके पर फ्रांस के पॉल सलवार, डिविजनल वाईल्ड लाइफ अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, डीएफओ सुभाष यादव, तरुण कुमार आदि मौजूद थे।

## सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सालय होंगे सम्मानितः डीएम

# कुपोषित बच्चों को सुपोषित करेंगे निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



जिले में पाए गए ढाई हजार कुपोषित बच्चों को 15निजी अस्पताल सुपोषित करेंगे। इसके लिए 23सितंबर से 30सितंबर के बीच विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमें निजी अस्पताल कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार जैसे बिस्किट, हार्लिक्स, बोर्नविटा देंगे। इसको लेकर जिलाधिकारी डॉक्टर अजय शंकर पांडेय ने गुरुवार की दोपहर को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक ली और जिले के 15नामी ग्रामी अस्पतालों को इस मुहिम से जोड़ा। इस बैठक में सरकारी व निजी चिकित्सकों के संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशाम्बी ने जहां पांच सौ बच्चों को सुपोषित करने की जिम्मेदारी ली वहीं मैक्स अस्पताल, कोलंबिया अस्पताल, होली क्रॉस अस्पताल, नरेंद्र मोहन, विवेकानंद, क्लियर मेडी, सर्वोदय, सिटी केयर, जगमोहन अस्पताल, जीओ अस्पताल, शांति गोपाल, परमेश्वरी चंद्र लक्ष्मी व गोपाल सभी 14अस्पतालों को दो-दो सौ कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। डीएम अजय शंकर पांडेय ने बताया कि अच्छा कार्य करने वाले अस्पताल को प्रदेश शासन सम्मानित करेगा। यदि किसी बच्चे को भर्ती करने की जरूरत है तो उन्हे निःशुल्क अस्पताल में भर्ती किया जायेगा व उनके स्वस्थ होने तक देखभाल की जाएगी। बच्चों के लिये निजी चिकित्सालय एक कार्ड जारी करेंगे जिस पर आगे आने वाले दिनों में जब भी उन्हें जरूरत हो बह इन अस्पताल में निःशुल्क सुविधा दी जाती रहेगी। डीएम ने सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सालय को प्रदेश स्तर पर सम्मानित कराने का भी निर्णय लिया है। कौन - कौन से बच्चे किस चिकित्सालय से सम्बद्ध है, की सूचना तैयार कर ली गई है बच्चों को चिकित्सालय तक लाने की व्यवस्था भी कराई गई है।

मनोहर सरकार | विकास अपार

# फिर एक बार मनोहर सौगात

सर्वजन हिताय: सर्वजन सुखाय: सर्वे भवन्तु सुखिन:

फर्क साफ है क्योंकि नीयत साफ है

## जनहित योजनाएं एवं घोषणाएं

### प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना

- प्रदेश के सभी परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक एवं मालिकाना हक दो एकड़ भूमि तक है उनको जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा (पूर्व में घोषित विभिन्न श्रेणी जैसे नम्बरदार, चौकीदार, बीपीएल परिवार, निर्माण श्रमिक, आज़ाद हिन्द फौज के पूर्व सैनिक तथा द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले सैनिक व अन्य भी इस घोषणा से लाभान्वित होंगे)

### सफाई कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि

- ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों का मासिक वेतन 11,000 रुपये से बढ़ाकर किया 12,500 रुपये
- शहरी क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों का मासिक वेतन 13,500 रुपये से बढ़ाकर किया 15,000 रुपये

### व्यापारी वर्ग के लिए निजी दुर्घटना एवं क्षतिपूर्ति बीमा योजनाएं लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य

- मुख्यमंत्री व्यापारी निजी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का बीमा कवर
- मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का बीमा कवर
- इन बीमा योजनाओं की बीमा किस्त (प्रीमियम) की राशि 36.13 करोड़ रुपये सरकार द्वारा वहन की जाएगी
- इन योजनाओं से लगभग 4 लाख व्यापारी होंगे लाभान्वित

### मनोहर ज्योति योजना

- अनुसूचित जाति तथा ढाणियों में रहने वाले परिवारों के लिए एक छत वाला पंखा, तीन लाइटें और मोबाइल फोन चार्ज करने की सुविधा।
- 22,500 रुपये की लागत वाले उपकरण पर 15,000 रुपये सब्सिडी।
- ऐसी ढाणियों को प्राथमिकता, जिनके परिवार गांव के एक किलोमीटर के दायरे से बाहर/खेतों में निवास करते हैं एवं जिनके पास बिजली कनेक्शन नहीं हैं।
- इसके अतिरिक्त इन्वर्टर की एक बैटरी चार्ज करने हेतु 300 वॉट तथा दो बैटरी चार्ज करने हेतु 500 वॉट सोलर इन्वर्टर चार्जर का प्रावधान।

### कर्मचारियों को लाभ

- शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कर्मचारियों को एनएचएम की तर्ज पर सर्विस बॉयलॉज का लाभ
- सहकारी चीनी मिलों के दैनिक वेतनभोगियों के वेतन में 14.29 प्रतिशत की वृद्धि
- District Information Technology Society (DITS) के कमर्चारियों के लिए Model Service Bye-laws
- पंचायतों द्वारा लगाए गए ट्यूबवैल ऑप्रेटर Part Time से Full Time
- प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (PACS) के कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय सहकारी बैंकों में 10 प्रतिशत पदोन्नति कोटा
- ग्रामीण चौकीदारों को कर्मचारी भविष्य निधि में कवर
- मिड डे मील योजना के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना का लाभ देने के लिए हर ब्लॉक में विशेष कैम्पों का आयोजन
- बिजली निगमों में दिव्यांग कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण का लाभ

### गडरिया जाति का रखा ध्यान

- गडरिया उपजाति सांसी जाति की तर्ज पर एससी श्रेणी में शामिल



प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in

## खबर संक्षेप



### अमेठी में ईरानी ने विकास योजनाओं की शुरुआत की

**अमेठी।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में किसान सम्मान योजना के तहत लगभग छह करोड़ से अधिक किसानों को फायदा पहुंचा है, इस पर सरकार ने आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट खर्च किया है। सांसद स्मृति ईरानी गौरीगंज के नवोदय विद्यालय में आशा सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। पीएम की इस महत्वाकांक्षी योजना से किसानों को काफी फायदा हुआ है। उन्हें खेती करने में मदद मिल रही है। 100 दिन के रिपोर्ट कार्ड की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक देश में 10 करोड़ परिवारों को फायदा पहुंचा है व अब तक 40 लाख लोग इसका लाभ उठा चुके हैं। अमेठी में बृहस्पतिवार से किचन गार्डन योजना की शुरुआत करते हुए स्मृति ने कहा कि इसके तहत प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को 15 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा।

### तबरेज मामले में कानून अपना काम करेगा: रेड्डी

**नई दिल्ली।** झारखंड में तबरेज अंसारी लिंचिंग (भीड़ हत्या) मामले के आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोप हटाए जाने पर उपजे विवाद पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कानून अपना काम करेगा। उन्होंने घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य है। मुझे नहीं पता कि अदालत में क्या हुआ। मैं जानता हूं कि जो कुछ भी हुआ, जो भी आपराधिक गतिविधि हुई, दोषियों को सजा जरूर मिलनी चाहिए। रेड्डी ने कहा कि वह राज्य सरकार से मामले पर बात करेंगे।

### देश लूटने वाले कुछ अंदर चले गए, कई कतार में: पीएम

# मोदी ने झारखंड की नई विस का उद्घाटन किया

एजेंसी ▶▶ रांची

पीएम नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को रांची में झारखंड के नव निर्मित विधानसभा भवन का उद्घाटन किया व साथ ही देश को तीन बड़ी योजनाओं की सौगात दीं। रांची में प्रभाततारा मैदान में आयोजित समारोह में मोदी ने पीएम किसान मानधन योजना, खुदरा व्यापारिक एवं स्वरोजगार पेंशन योजना व एकलव्य मॉडल विद्यालय का शुभारंभ किया। इससे पहले पीएम साढ़े ग्यारह बजे विशेष विमान से यहां पहुंचे। पीएम ने झारखंड विधानसभा के नये भवन एवं साहेबगंज में मल्टीमॉडल बंदरगाह का उद्घाटन किया। उन्होंने 1238 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले झारखंड सचिवालय के नये भवन का भी शिलान्यास किया।

पीएम ने अप्रैल 2017 में साहेबगंज मल्टी-मॉडल टर्मिनल की आधारशिला रखी थी, जिसका निर्माण लगभग दो साल की रिकॉर्ड अवधि में 290 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। यह जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) के तहत गंगा नदी पर बनाए जा रहे तीन मल्टी-मॉडल टर्मिनलों में से दूसरा टर्मिनल है। इससे पहले नवंबर 2018 में पीएम ने वाराणसी में पहले मल्टी-मॉडल टर्मिनल (एमएमटी) का उद्घाटन किया था। साहेबगंज स्थित मल्टी-मॉडल टर्मिनल झारखंड व बिहार के उद्योगों को वैश्विक बाजार के लिए खोलेगा व इसके साथ ही जलमार्ग के जरिए भारत-नेपाल कार्गो कनेक्टिविटी सुलभ कराएगा। राजमहल क्षेत्र स्थित स्थानीय खदानों से विभिन्न ताप विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की ढुलाई करने में अहम भूमिका निभाएगा। टर्मिनल के जरिए कोयले के अलावा स्टोन चिप्स, उर्वरकों, सीमेंट व चीनी की ढुलाई किए जाने की उम्मीद है।

#### मल्टी-मॉडल टर्मिनल से मिलेगा रोजगार

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मल्टी-मॉडल टर्मिनल से इस क्षेत्र में लगभग 600 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार व तकरीबन 3000 लोगों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।

नये मल्टी-मॉडल टर्मिनल के जरिए साहिबगंज में सड़क-रेल-नदी परिवहन के संयोजन से अंदरुनी इलाकों का यह हिस्सा कोलकाता व हल्दिया तथा उससे भी आगे बंगाल की खाड़ी से जुड़ जाएगा। इसके अलावा साहेबगंज नदी-समुद्र मार्ग से बांग्लादेश होते हुए पूर्वोत्तर राज्यों से भी यह जुड़ जाएगा।



#### पीएम ने देश को तीन बड़ी पेंशन योजनओं की सौगात दी

रांची। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मेरी पिछली सरकार का संकल्प था कि जनता को लूटने वालों को सही जगह पहुंचाया जाए। नई सरकार में इसपर तेजी से काम हो रहा है। कुछ लोग अंदर चले भी गए हैं, जबकि कुछ कतार में खड़े हैं। झारखंड की राजधानी रांची में उन्होंने गुरुवार को देश को तीन बड़ी पेंशन योजनओं की सौगात दी। उन्होंने झारखंड के नए विधानसभा भवन, साहिबगंज मल्टीमॉडल पोर्ट का भी उद्घाटन किया। पीएम ने देशभर के जनजातीय इलाकों में खोले जा रहे एकलव्य मॉडल स्कूलों की भी शुरुआत की। भारत माता की जय, भारत माता की जय, भारत माता की जय। सबको जोहार। जनमानस का झारखंडी लहजे में अभिवादन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में अपना संबोधन शुरू किया। पीएम ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद झारखंड उनमें एक है, जहां मुझे सबसे पहले जाने का मौका मिला। पीएम ने योग दिवस की रिमझिम वर्षा और आयुष्मान भारत की लांचिंग का जिक्र करते हुए कहा कि आज झारखंड की

- पीएम ने 1238 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले झारखंड सचिवालय के नये भवन का शिलान्यास किया
- देश के खुदरा व्यापारिक दुकानदार एवं स्वरोजगार पेंशन योजना शुरू

#### पीएम किसान मानधन योजना लागू

सीएम रघुवर दास ने कहा कि किसानों के जीवन में सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने के लिए मासिक पेंशन के रूप में पीएम किसान मानधन योजना लागू की जा रही हैं। योजना के तहत 18 से 40 वर्ष की उम्र के किसानों का पंजीकरण हो सकेगा। किसानों को 60 साल की उम्र पूरी होने के बाद 3000 रुपए की मासिक पेंशन मिलेगी। पीएम किसान मानधन योजना के लिए झारखंड में एक लाख नौ हजार से अधिक किसानों का पंजीकरण हो चुका है।

# पटना: नए ट्रैफिक नियम से नाराज चालकों ने पुलिस पर किया पथराव

एजेंसी ▶▶ पटना

राजधानी पटना में नये मोटर वाहन कानून के मुताबिक ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर फाइन काटने को लेकर वाहन चालक ट्रैफिक पुलिस से उलझ पड़े। राजधानी के एग्जीबिशन रोड पर फाइन काटने से नाराज लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया। बेकाबू हो रहे लोगों पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। साथ ही पुलिस पर हमला करने वाले दर्जन भर लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, एक सितंबर से नये मोटर वाहन कानून लागू होने के बाद ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों लोगों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने जांच अभियान चला रखा है। जगह-जगह पर नये नियम के मुताबिक जुर्माने की राशि वसूली जा रही है। नये नियम के तहत करीब दस गुने तक राशि बढ़ाने पर वाहन चालकों में काफी गुस्सा है। इसी बीच, एग्जीबिशन रोड पर कुछ लोगों से ट्रैफिक पुलिस का विवाद हो गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। जुर्माने की राशि दस गुना तक बढ़ाने से नाराज वाहन चालकों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर तीन थानों की पुलिस पहुंची। भीड़ को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।



#### बिहार: मात्र 38 प्रतिशत ही लगाते हैं हेलमेट

मालूम हो कि बिहार परिवहन विभाग ने कहा है कि बिहार में मात्र 38 प्रतिशत लोग ही हेलमेट लगाते हैं। इसे बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए इस सप्ताह हेलमेट चेकिंग पर विशेष जोर दिये जाने की बात कही है।

#### सिपाहियों, अधिकारियों ने नियम तोड़ा तो वेतन से कटेगा जुर्माना

अधिकारियों के मुताबिक, पुलिसकर्मियों व अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर जुर्माने की राशि सीधे वेतन से काटने की भी बात कही गई है।

- पुलिस पर हमला करने वाले दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया गया
- भीड़ को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा

## राज्यसभा के लिए प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**लखनऊ।** हाल ही में भाजपा में शामिल हुए सपा के दो पूर्व नेताओं सुरेंद्र सिंह और संजय सेठ ने गुरुवार को यूपी में राज्यसभा उपचुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया। नागर, सेठ ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया था व पिछले माह सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुये थे। नागर दो बार सांसद रह चुके हैं जबकि सेठ उप्र के बड़े उदयमी होने के साथ साथ सपा के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। दोनों को भाजपा के कार्यवाहक अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए पिछले सप्ताह पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया था। नामांकन पत्र भरने के बाद नागर और सेठ ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से बहुत प्रभावित हैं।

## राशिफल 13 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : परिवारिक समस्याएं दूर होंगी। किसी टूरिस्ट स्थान पर घूमने जा सकते हैं। प्रॉप्र्टी से जुड़ा मामला आपके पक्ष में आ सकता है। समाज में कोई प्रतिष्ठा को हानि पहुंचा सकता है। **शुभ अंक**: 11, **रंग** : गुलाबी।

**वृष**: कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स प्रभावित होंगे। घर पर किसी चीज़ को लेकर पैसा खर्च करना पड़ सकता है। छुट्टियों पर जाकर एंजॉय करेंगे। पढ़ाई को लेकर सतर्क रहने की ज़रूरत है। **शुभ अंक**: 22, **रंग**: पीच।

**मिथुन**: किसी चीज के लिए लोन का इंतज़ाम करने में समस्या हो सकती है। क्वॉलिफिकेशन के हिसाब से सैलरी की मांग करें। घर के अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। **शुभ अंक** : 18, **रंग**: नेवी ब्लू।

**कर्क**: करियर में कोई डील हाथ से निकल सकती है। परिवार के किसी सदस्य का सपोर्ट मिलेगा। कोई प्रॉप्र्टी किराए पर दे सकते हैं। पढ़ाई में लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत करें। **शुभ अंक**: 7, **रंग**: सिल्वर ग्रे।

**सिंह**: नई जगह नौकरी कर रहे लोग अच्छे से एडजस्ट हो जाएंगे। माता-पिता आप पर नज़र रख सकते हैं। प्रॉप्र्टी को लेकर अचानक निर्णय ले सकते हैं। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंक**: 2, **रंग**: गुलाबी।

**कन्या**: आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। बच्चे अच्छी परफॉर्मेंस देंगे। किसी करीबी के साथ छुट्टियों पर जा सकते हैं। अपने बजट में कोई घर मिलेगा। टाइम टेबिल बनाकर पढ़ाई करें। **शुभ अंक**: 3, **रंग**: पीला।

**तुला**: कार्यक्षेत्र पर चीज़ों को पूरा करने की कोशिश करें। घर पर किसी काम को कराने के लिए इंतज़ार करना होगा। प्रॉप्र्टी का कोई मामला आसानी से सुलझ जाएगा। **शुभ अंक**: 9, **रंग** : कॉफी।

**वृश्चिक**: सर्विस कर रहे लोग संतुष्ठी महसूस करेंगे। घर में किए गए बदलावों की सभी प्रशंसा करेंगे। प्रॉप्र्टी का मालिकाना हक मिल सकता है। पढ़ाई में ऐसे ही मेहनत करते रहें। **शुभ अंक**: 8, **रंग** : फोरेस्ट ग्रीन।

**धनु**: निवेश करने से पहले अच्छे से सोच लें। सेहत को लेकर कार्यक्षेत्र पर धैर्य के साथ काम करते रहें। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। किसी प्रॉप्र्टी को बेचना मुश्किल होगा। **शुभ अंक** : 18, **रंग**: लाल।

**मकर**: कार्यक्षेत्र पर कोई मामला जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश करें। घर में शांति और खुशहाली का माहौल रहेगा। मौसम के कारण किसी यात्रा में परेशानी हो सकती है। **शुभ अंक** : 17, **रंग**: क्रीम।

**कुंभ** : करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। अपनी क्रिएटिविटी से घर में अच्छे बदलाव करेंगे। खानदानी प्रॉप्र्टी मिल सकती है। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंक** : 5, **रंग**: सी ग्रीन।

**मीन**: कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स को प्रभावित करने में कामियाब होंगे। परिवार के लिए कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। किसी के कारण ट्रैफिक जाम से बच पाएंगे। **शुभ अंक** : 4, रंग : रॉयल ब्लू।

### :टिप्स:

1. अपने फर्नीचर का स्थान बदलते रहें इससे आपके आसपास ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है।
2. ज्यादा से ज्यादा नौकरी का प्रस्ताव पाने के लिए मेल बॉक्स को रंगीन, मस्ती भरा व आकर्षक रुप में सजाकर रखें।
2. जब आप टॉयलेट का इस्तेमाल नहीं कर रहे हों तो उसका दरवाजा और ढक्कन हमेशा बंद रखें। यह आपके धन की बचत के लिए अच्छा होता है।



टिप्स: मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# गढ़वा में वज्रपात से आठ लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ गढ़वा

झारखंड के गढ़वा जिले में मझिआंव के पासी टोला में बृहस्पतिवार पूर्वाह्न लगभग 12 बजे वज्रपात की घटना में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं।

घायलों को मझिआंव के रेफरल अस्पताल से गढ़वा के सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मझिआंव में तेज बारिश के बीच दर्जन भर लोग महुआ के पेड़ के नीचे रुक गये तभी उन पर वज्रपात हो गया। छह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गये। घायलों में दो की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर युवक थे। घायलों की स्थिति गंभीर है पर वे खतरे से बाहर बताये गये हैं। मरने वालों की पहचान कृष्णा चौधरी (15), अंतू पटवा (16), शुभम कुमार (20), पवन कुमार (18), संजय चौधरी (50), सुनील चौधरी, राजू चौधरी, तथा सोनू चौधरी (18)अट्ठारह के रूप में हुई है। गढ़वा के एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने घटना की पुष्टि की है।



- मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये की मदद मिलेगी

#### सीएम दास ने जताया दुख

इस बीच सीएम रघुवर दास ने गढ़वा में वज्रपात से हुई आठ लोगों की मौत पर दुःख जताया है। उन्होंने उपायुक्त को मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया है। सीएम के निर्देश के बाद सभी मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है।

#### यूपी: ट्रक, कार की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

हापुड़। यूपी में हापुड़ जनपद के हाफिजपुर थानाक्षेत्र में सोना पम्प के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार एवं ट्रक की भंयकर टक्कर होने से छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। थाना हाफिजपुर क्षेत्र में मुरादाबाद की तरफ से तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार एनएच -9 पर खड़े ट्रक के अंदर घुस गई जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई। एक युवक को नाजुक स्थिति में मेरठ रैफर किया गया। घायल युवक राजकुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य पांच मृतकों की पहचान नफीस खुर्शीद, सुहेल, इकरार एवं मनव्वर के रुप में हुई है। ये सभी टैक्सी से अमरोहा से दिल्ली जा रहे थे। सभी अमरोहा जनपद के रहने वाले थे।

## प्रियंका ने पत्रकारों पर हो रहे हमलों को लेकर यूपी सरकार को घेरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने यूपी में पत्रकारों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल आंख पर पट्टी बांध कर वाहवाही के लिए नहीं होते।

उनका काम होता है जनता के मुद्दों पर खबरें बनाना, सरकार से जवाब लेना लेकिन यूपी की बीजेपी सरकार ऐसे पत्रकारों पर लगातार हमला बोल रही है। क्या बीजेपी को आम जनता के मुद्दों का डर सता रहा है? इससे पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को आर्थिक मंदी और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में आए संकट के बाद मोदी सरकार पर तंज कसते हुए पूछा कि सरकार आखिर कब अपनी आंखें खोलेगी? प्रियंका ने एक समाचार रिपोर्ट को साझा कर हिंदी में ट्वीट किया कि अर्थव्यवस्था मंदी की गहरी खाई में गिरती ही जा रही है। लाखों हिंदुस्तानियों की आजीविका पर तलवार लटक रही है।

ऑटो सेक्टर व ट्रक सेक्टर में गिरावट प्रोडक्शन-ट्रांसपोर्टेशन में निगेटिव ग्रोथ व बाजार के टूटते भरोसे का प्रतीक है।

## अलीगढ़: कॉलेज में बुरका, टोपी पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**अलीगढ़ (उप्र)।** शहर के धर्म समाज डिग्री कॉलेज में मुस्लिम छात्राओं के बुर्का पहनने व छात्रों के टोपी पहनने पर हिन्दू युवा नेताओं ने प्रतिबंध लगाने की मांग की है, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इसका विरोध किया है। हिन्दू युवा नेता अमित गोस्वामी तथा अन्य ने कॉलेज के चीफ प्रोक्टर को बुधवार ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि कॉलेज प्रशासन इस बारे में जल्द कोई निर्णय ले व अगर 72 घंटो में इस मांग को पूरा नहीं किया गया तो वह अभियान शुरूकर विद्यार्थियों से कहेंगे कि वे कक्षा में जाते समय भगवा रंग के कपड़े पहनें। गोस्वामी व अन्य ने ज्ञापन में कहा कि मुस्लिम छात्राओं द्वारा बुरका पहनना व छात्रों द्वारा टोपी पहनना धर्म समाज कालेज के आधिकारिक ड्रेस कोड का उल्लंघन है। यह कॉलेज आगरा विश्वविदयालय से संबध्द है। इस बीच, गोस्वामी की मांग पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविदयालय के विद्यार्थियों का समूह अपर जिला मजिस्ट्रेट से मिला।

# चिन्मयानंद मामला: एसआईटी ने पीड़िता के कॉलेज के प्राचार्य से पूछताछ

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद से जुड़े मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) पीड़िता के कॉलेज के प्राचार्य व पीजी कॉलेज के प्राचार्य से पूछताछ कर रहा है।

वहीं, दूसरी ओर पीड़िता ने एसआईटी को पत्र देकर शारीरिक शोषण व बलात्कार का मामला दर्ज करने की मांग की है। एसआईटी ने स्वामी सुखदेवानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य अवनीश मिश्रा व विधि महाविद्यालय के प्राचार्य संजय बरनवाल को गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया तथा इनसे पूछताछ चल रही है। एसआईटी ने स्वामी चिन्मयानंद को नोटिस जारी कर नौ सितंबर की शाम छह बजे के बाद उन्हें पूछताछ के लिये बुलाया था परंतु किसी कारणवश पूछताछ नहीं हो पाई थी। चिन्मयानंद ने 10 सितंबर के बाद पूछताछ करने का अनुरोध किया था जिसके बाद उन्हें अभी तक एसआईटी की ओर से इस संबंध में कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है। पीड़ित छात्रा का बुधवार को एसआईटी ने चिकित्सीय परीक्षण कराया। इसके बाद पीड़िता ने एसआईटी के मुखिया को पत्र सौंपा, जिसमें दिल्ली के लोधी रोड थाने में गत पांच सितंबर को बलात्कार व शारीरिक शोषण के बारे में दी गई शिकायत का उल्लेख है।

- पीड़िता ने एसआईटी से शारीरिक शोषण व बलात्कार का मामला दर्ज करने की मांग की

### सांसद पर रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता ने लगाए धमकी के आरोप

बलिया। बसपा के घोसी से चुने गये सांसद अतुल राय पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराने वाली पीड़िता ने वीडियो वायरल कर न्याय की गुहार लगाई है व आरोप लगाया कि सांसद उसका हश्र उन्नाव कांड की पीड़िता की तरह करने की धमकियां दे रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद बलिया पुलिस ने पीड़िता की सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिये हैं। वाराणसी के एक विद्यालय की पूर्व छात्रा ने बसपा के घोसी से सांसद राय पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज करवाया था। राय मामले में जेल में हैं। जेल में होने के कारण वह अभी तक सांसद की शपथ नहीं ले सके हैं। पीड़िता का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उसने पीएम, सीएम व सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से न्याय की गुहार लगाते हुये कहा है कि सांसद राय के लोग मुझे, मेरे गवाह व परिवार को बहुत ज्यादा प्रताड़ति कर रहे हैं। हमें लगातार धमकी मिल रही हैं।

### जुर्माने की दरें कम करने पर विचार कर रही है उप्र सरकार

**लखनऊ।** गुजरात, कर्नाटक व उत्तराखंड के बाद अब उत्तर प्रदेश की सरकार भी यातायात नियमों के उल्लंघन पर वसूले जाने वाले जुर्माने की दरों पर 'जनता के हित में' फिर से विचार कर रही है। राज्य के परिवहन राज्यमंत्री अशोक कटारिया ने कहा कि यूपी की जनता के हित में जुर्माना राशि को कितना किया जाए, इसके बारे में सरकार पुनर्विचार कर रही है। राज्य सरकार जल्द ही यातायात नियमों के उल्लंघन के जुर्माने की नई दरें घोषित करेगी। मालूम हो कि भाजपा शासित गुजरात, उत्तराखंड और कर्नाटक राज्यों की सरकारों ने संशोधित मोटर वाहन अधिनियम में जुर्माने की दरें अपने-अपने यहां आधी कर दी हैं, जबकि महाराष्ट्र व गोवा में इसके क्रियान्वयन को टाल दिया गया है। जुर्माने की दरों में पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ोत्तरी की आलोचना और सराहना दोनों ही हो रही है।

### उन्नाव: हादसे में तीन मजदूर झुलसे, आसपास के गांव करा लिए खली

# एलपीजी गैस संयंत्र में लगी आग पर पाया काबू

एजेंसी ▶▶ उन्नाव

यूपी के उन्नाव में स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के एलपीजी गैस संयंत्र में बृहस्पतिवार को आग लगने के दो घंटे के बाद उस पर काबू पा लिया गया। हादसे में तीन मजदूर झुलस गये हैं। सूचना मिलते ही डीएम देवेन्द्र कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक एम पी वर्मा सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

आग पर करीब दो घंटे में काबू पा लिया गया। संयंत्र उन्नाव कोतवाली इलाके में दही चौकी क्षेत्र में स्थित है। प्रशासनिक अधिकारियों ने आसपास की फैक्ट्रियों को बंद कराने के साथ ही एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को खाली करा लिया। इस बीच, लगातार लोगों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए जाते रहे। संयंत्र की ओर जाने वाले रास्ते को सील कर वहां आने-जाने वाले लोगों को रोका जा रहा है। दमकल कर्मियों और संयंत्र के प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मेवा लाल ने बताया कि एचपी गैस रीफिलिंग संयंत्र में लगी आग की चपेट में आने से झुलसे सुभाषचंद्र (52), मोहम्मद गुफरान (28) तथा मोहम्मद आसिफ (22) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।



इस बीच, एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया था। डीएम ने बताया कि आग सुबह करीब साढ़े दस बजे लगी थी जो दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बुझा ली गई। स्थिति सामान्य हो गई है। आग से झुलसे संयंत्र के तीन मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, टैंक का वॉल्व लीक होने के बाद आग लगी थी।

# चालान गलत लगे तो भरना जरूरी नहीं, जनता को है ये अधिकार

## जरूरी नहीं कि आप ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन या अन्य दस्तावेज की हार्ड कॉपी साथ रखें, आप डिजिटल लॉकर में भी यह दस्तावेज रख सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

मोटर व्हीकल एक्ट में तगड़े जुर्माने के प्रावधान ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं। लेकिन आपको घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि एक्ट ने जनता को भी कुछ विशेष अधिकार दिए हैं। यदि आपको चालान गलत लगता है तो उसे भरने की जरूरत नहीं है। आप उसको कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। आपके पास यदि लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन हैं, लेकिन अन्य दस्तावेज नहीं हैं तो कोई आपका चालान नहीं बना सकता। आपको दस्तावेज दिखाने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा, इतना ही नहीं आप मोबाइल पर भी दस्तावेज दिखा सकते हैं।

जरूरी नहीं कि आप ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन या अन्य दस्तावेज की हार्ड कॉपी साथ रखें। आप डिजिटल लॉकर में भी यह दस्तावेज रख सकते हैं। आप मोबाइल पर इन दस्तावेजों को ट्रैफिक पुलिस या परिवहन अफसरों को दिखा सकते हैं। जिसे उनको मान्य करना होगा।



**कैसे रखें लॉकर में दस्तावेज:** इसके लिए आपको एमपी ट्रांसपोर्ट एप डाउनलोड करना होगा। जिसमें साइनअप करने के बाद मोबाइल नंबर दर्ज करना पड़ेगा। फिर एक ओटीपी मोबाइल पर आएगा, जिसे एंटर करने पर आपको सत्यापित करना होगा। लॉग इन करने पर यूजरनेम पासवर्ड सेट करने के बाद डिजिटल लॉकर बन जाएगा।

### क्या कहती है धारा 200

सहायक उपनिरीक्षक स्तर का पुलिस अधिकारी ही आपसे समझौता शुल्क वसूल कर सकता है। कांस्टेबल या हेड कांस्टेबल केवल आपको रोककर चालानकर्ता अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के लिए कह सकता है। वाहन की चाबी कोई भी गाड़ी से नहीं निकाल सकता है।

### जुर्माना हो सकता है माफ

आपके पास यदि ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा आदि दस्तावेज नहीं हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। आप लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन छोड़कर अन्य दस्तावेज दिखाने के लिए 15 दिन का समय ले सकते हैं, इस अवधि में आप दस्तावेज दिखा सकते हैं।

# दो लाख में दो मुंहा सांप बेचने निकले, गिरफ्तार

## दो लोगों को दबोचा, आरोपियों से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



दो मुंहा सांप बेचने निकले दो युवकों को वन विभाग की टीम ने राऊ स्थित आईआईएम के सामने से गिरफ्तार किया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि अर्जुन पिता उमराव निवासी रंगवासा और बाबूलाल पिता लक्ष्मण निवासी टिगरिया बादशाह के पास दो मुंहा सांप है और वे उसे बेचने निकले हैं। पहले वे सांवेर भी गए थे, लेकिन सौदा नहीं जमने पर महू जा रहे हैं। इस पर रेंजर सुरेश बारोले की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। दोनों ने बताया कि वे सांवेर में एक व्यक्ति को सांप बेचने गए थे। दो लाख में सौदा तय हुआ था।

## नार्वे की कंपनी करीब आठ हजार करोड़ करेगी निवेश

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का हब बनेगा आष्टा

## जिलाला गांव में कंपनी को 532 एकड़ जमीन देगी सरकार भोपाल और इंदौर के बीच इंडस्ट्रीयल टाउनशिप की है योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूचना प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का हब मध्यप्रदेश का आष्टा बनेगा। नार्वे की कंपनी स्टेट क्राफ्ट इस काम को अंजाम देगी। कमलनाथ सरकार कंपनी को आष्टा के जिलाला गांव में 532 एकड़ जमीन देगी। कंपनी यहां करीब आठ हजार करोड़ रुपए का निवेश कर डाटा सेंटर स्थापित करेगी। साथ ही इसके आसपास आईटी पार्क भी बनाया जाएगा। जहां अमेजन सहित ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियां अपनी यूनिट लगाएंगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के मौके पैदा होंगे। अक्टूबर में इसके लिए कंपनी और सरकार के बीच करार होगा।

प्रदेश में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री कमलनाथ नए-नए क्षेत्रों में काम करने की रणनीति पर चल रहे हैं। उन्होंने मुंबई में उद्योगपतियों के साथ गोलमेज सम्मेलन के दौरान साफ कर दिया था कि वे मध्यप्रदेश को देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हब बनाना चाहते हैं। इसके लिए निवेशकर्ताओं को हर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि भोपाल और इंदौर के बीच इंडस्ट्रीयल टाउनशिप बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इसके मद्देनजर देवास से लेकर सीहोर तक का इलाका औद्योगिक विकास और निवेश के लिए सबसे मुफीद माना जा रहा है। इसे देखते हुए नार्वे सरकार की कंपनी स्टेट क्राफ्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में काम करने की इच्छा जाहिर की थी। प्रदेश सरकार इस मौके को हाथ से जाने नहीं देना चाहती थी, इसलिए उसे आष्टा के पास जमीन दिखाई गई।

### सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है, प्रक्रिया चल रही है : डॉ.राजौरा



*उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.राजेश राजौरा का कहना है कि मुख्यमंत्री कमलनाथ की मंशा के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का डाटा सेंटर बनाए जाने को लेकर सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। इसकी प्रक्रिया तेजी के साथ चल रही है। हमारी कोशिश है कि इंदौर में आयोजित होने वाले मैग्नीफिसेंट मप्र के पहले करार हो जाए।*

### कंपनी जिलाजा गांव के पास आईटी पार्क बनाएगी

कंपनी ने इसे प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त पाया और आगे बढ़ने पर सहमति जताई। उद्योग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कंपनी को जिलाला गांव के पास 532 एकड़ जमीन जल्द ही आवंटित कर दी जाएगी। इसकी सूचना कंपनी के प्रतिनिधियों को बुधवार को दे दी गई। बताया जा रहा है कि कंपनी यहां डाटा सेंटर बनाएगी, जो देश का पहला होगा। कंपनी ग्रीन एनर्जी (नवकरणीय ऊर्जा) का प्लांट लगाएगी। बड़े-बड़े सर्वर के माध्यम से यहां डाटा स्टोर होगा। उद्योग विभाग का कहना है कि आष्टा का जिलाला गांव में देश का हाई डेंसिटी स्टेट ऑफ द हार्ट डाटा सेंटर बनेगा। यह क्षेत्र आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का हब बनेगा। कंपनी यहां आईटी पार्क भी बनाएगी। यहां बड़ी-बड़ी कंपनियां अपनी यूनिट लगाएंगी। इसमें ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। यह पूरा काम स्टेट क्राफ्ट अपने स्तर पर करेगी। इससे न सिर्फ प्रदेश में निवेश होगा, बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

**छत्तीसगढ़ की महासमुंद सीट से...**

# विधायक पर एयर इंडिया की महिला कर्मी से बदसलूकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की महासमुंद सीट से कांग्रेस विधायक विनोद चंद्राकर पर एयर इंडिया की एक महिला स्टाफ (ग्राउंड) ने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। चंद्राकर ने आरोप को गलत बताते हुए कहा कि एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी के फुटेज की जांच कर ली जाए, सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह का गलत आरोप लगा कर मेरी छवि खराब करने की कोशिश की गई है।



### मानहानि का केस करूंगा

विधायक ने कहा मैं एयर इंडिया की उस महिला स्टाफ के खिलाफ मानहानि का मुकदमा करूंगा। घटना रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की है। चंद्राकर ने अपने ट्विटर एकाउंट पर उसी रात (7 सितंबर) एयरपोर्ट के लाउंज की अपनी फोटो के साथ एयर टिकट भी पोस्ट की है। विधायक चंद्राकर ने बताया कि उनके पास शाम 6.30 बजे की रांची जाने का टिकट था। साथ में दो और सहयोगी भी थे। शाम 5.37 बजे हम लोग एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच की लाइन में थे। मेरा एक साथी अंतिम गेट तक पहुंच चुका था, जहां एयर इंडिया की महिला स्टाफ खड़ी थी। मेरे साथी ने उन्हें बताया भी कि बस दो से तीन मिनट में आ जाएंगे, इसके बावजूद उस महिला ने 6 बजकर 8 मिनट पर गेट बंद कर दी और हमें जाने नहीं दिया।

# कांग्रेसियों ने की पूर्व मंत्री मूड़त की संपत्ति जांचने की मांग



**रायपुर।** अंतागढ़ मामले में मंतूराम पवार ने कोर्ट में शपथ पत्र दिया है कि पूर्व मंत्री राजेश मूड़त के बंगले में 7.50 करोड़ की लेनदेन हुई थी। इस मामले में कांग्रेस के रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में पार्टी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को आयकर विभाग के कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों से मांग की कि मंत्री मूड़त के पास 7:50 करोड़ रुपए कहां से आए, इसकी जांच की जाए। उल्लेखनीय है कि इसके पहले कांग्रेसी यही मांग प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों से भी कर चुके हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना खोलने का प्रथम शुद्धिपत्र**

विज्ञापित निविदा सूचना No.128-डब्लू/280/एनआईटी-23/2019-20/डब्लू-III दिनांक : 06.09.2019 को जिसमें 01.10.2019 को एक निविदा खोली जानी थी। टंकण त्रुटि के कारण खोलने की तारीख 01.10.2019 के लिए प्रकाशित की गई है इसे 04.10.2019 को खोला जाएगा। **कार्य का नाम :** दिल्ली डिवीजन में स्टेशन और रेलवे कॉलोनी क्षेत्र आदि के लिए भूमि योजनाओं का डीएलआई-प्रस्तावित अद्यतन, मिलान, प्रमाणन और कंप्यूटरीकरण। **सं.128-डब्लू/280/एनआईटी-23-2019-20/डब्लू-III दिनांक : 12.09.2019** 2924/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, e-mail- fbd@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 web : www.frickweb.com

**56वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना का शुद्धिपत्र**

*05 सितम्बर 2019 को प्रकाशित 56वीं एजीएम की सूचना के पैराग्राफ-4 में, सदस्यों के रजिस्टर के बंद होने की तिथियां (31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु रु. 10/- प्रत्येक के 5,99,975 पूर्णतया भुगतान किये गये इक्विटी शेयरों पर रु. 2.50/- प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की घोषणा के प्रयोजन हेतु) अग्रलिखित अनुसार पढ़ा जाए। ''बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर 2018 से बृहस्पतिवार 26 सितम्बर 2018 तक (दोनों दिन मिलाकर)'' की बजाए ''बृहस्पतिवार, 19 सितम्बर 2019 से बृहस्पतिवार 26 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर)''। सूचना के सभी अन्य नियम 05 सितम्बर 2019 को मूल रूप में प्रकाशित अनुसार अपरिवर्तित रहेंगे।

फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
गिरीश कुमार गक्खड़
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए 27170

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 12 सितम्बर, 2019

**मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा**

# भाजपा ने की छग में निकाय चुनाव ईवीएम से कराने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर की बजाए ईवीएम से कराने समेत अन्य मांगों को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त से मिला। इस दौरान पार्टी ने वार्डों के परिसीमन में नियम के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने अपनी मांगों को संबंध में राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त ठाकुर राम सिंह को ज्ञापन भी सौंपा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी के नेतृत्व निर्वाचन आयुक्त को ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आदि थे।



### कांग्रेस बोली- हार के बहाने खोज रही भाजपा

निकाय चुनाव ईवीएम से कराने की मांग पर कांग्रेस का कहना है कि भाजपा अभी से हार के बहाने खोज रही है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि निकाय चुनाव ईवीएम से होंगे या बैलेट पेपर से, यह अभी तय नहीं हुआ है। बैलेट पेपर से चुनाव होने की चर्चा मात्र से भाजपा के लोग तिलमिला गई है।

**गुमशुदा की तलाश**



अंशु

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम** अंशु **पुत्री** श्री राजू प्रसाद **निवासी** मकान सं. 665, गली नं. 13, नेहरू नगर, आनन्द पर्वत, दिल्ली जो दिनांक 04.09.2019 से थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 199/19 धारा 363 भा.द.सं. दिनांक 05.09.2019 थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

**उम्र:** 15 साल, **कद:** 5'5, **रंग** : साफ, **चेहरा** : लम्बा, **शरीर** : पतला, **कपड़े** काले रंग का सूट और सलवार व पैरों में लाल रंग चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ईमेल: **cic@cbi.gov.in** वेबसाइट **http://cbi.nic.in**

फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/6560/CD/19

थानाध्यक्ष
थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली
मध्य जिला, दिल्ली
दूरभाष 011-28762468, 28764807

**गुमशुदा की तलाश**



कुलदीप सिंह

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका नाम : **कुलदीप सिंह** पुत्र : **किशन चन्द,** निवारी : **मकान नं. 12/14/15, आर्य नगर, चन्दर विहार, निहाल विहार, दिल्ली,** उम्र : **82 साल,** लम्बाई : **5'5'',** रंग : **गोरा,** चेहरा : **गोल,** पहचान चिह्न : **दिमागी रूप से कमजोर हैं,** पहनावा : **नीले रंग की कमीज, काले रंग की पैन्ट और पैरों में काले रंग के जूते पहने हैं,** जो **30.08.2019** से थाना निहाल विहार क्षेत्र से गुमशुदा /अपहृत है। इस सन्दर्भ में **DD. No. 95-A dated 30.08.2019** को पुलिस थाना, निहाल विहार, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा /अपहृत व्यक्ति को तलाश करने की कोशिश की गई मगर कुछ पता नही चला।

अगर किसी को इस गुमशुदा /अपहृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित को सूचित करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, मेल आईडी cic@cbi.gov.in,
फोन नं.: 011–24368638, 24368641, फैक्स : 011–24368639

DP/2664/OD/19.

थानाध्यक्ष
थाना निहाल विहार, दिल्ली
फोन नं. 011–25946700, 25946710

# गरियाबंद जिले में तेंदुए के शावकों की तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

- मैनपुर के जंगल से तेंदुए के दो शावकों को 50 हजार रुपए में खरीदकर तस्करी के उद्देश्य से पिंजरे में बंद करके झोले में डालकर रायपुर लेकर आ रहे थे, वन विभाग को सौंपे शावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस को बुधवार देर रात बड़ी सफलता मिली है। गरियाबंद जिले के मैनपुर के जंगल से तेंदुए के दो शावकों को 50 हजार रुपये में खरीदकर उसे बेचने के फिराक में रायपुर आ रहे दो तस्करों को अभनपुर क्षेत्र के घोंट गांव में घेराबंदी कर दबोचा गया है। तस्कर तेंदुए के बच्चों को पिंजरे में बंद करके झोले में डालकर दोपहिया वाहन से लेकर आ रहे थे। पुलिस ने बरामद तेंदुए के दोनों बच्चों को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। उन्हें जंगल सफारी ले जाया गया।



एसएसपी आरिफ एच शेख ने रात 11 बजे मीडिया के सामने आरोपी चूना भट्ठी निवासी तस्कर मोहम्मद साबिर अली पिता अकबर अली और राकेश निषाद पिता तोपी निषाद व बरामद तेंदुए के दो बच्चों को पेश किया। बताया कि मामला लाइफ जानवरों की तस्करी से संबंधित थी। लिहाजा सभी थाना में सूचना देकर कार्रवाई शुरू की थी।

### कार छोड़कर बाइक में लाए

गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि वे मैनपुर के जंगल में एक ग्रामीण से 50 हजार रुपये में तेंदुए के दोनों बच्चों को खरीदकर उसे बेचने कार से रायपुर ला रहे थे। चेकिंग में फंसने के डर से रास्ते में कार छोड़कर एक्टिवा के सामने तेंदुए के बच्चों को झोले व पिंजरे में रखकर ला रहे थे। अभी किसी से सौदेबाजी नहीं हुई थी। वन विभाग की टीम अलर्ट थी। इसी बीच तस्करों के पकड़े जाने की खबर मिली। दोनों नवजात को जंगल सफारी ले जाया गया है।

**उत्तम गुप्ता,** रायपुर डीएफओ

# छग के कांग्रेस विधायक के बिगड़े बोल, कहा-अफसरों को जूता मारो

## विधायक बृहस्पति सिंह शासकीय कार्यक्रम में मंच से बोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के नेताओं का विवादित बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में है। मंत्री कवासी लखमा के विवादित बोल बड़ा नेता बनना है तो कलेक्टर-एसपी का कालर पकड़ो का वीडियो वायरल होने पर मचा बवाल अभी थमा नहीं है। इस बीच कांग्रेस के विधायक बृहस्पति सिंह ने एक शासकीय कार्यक्रम के मंच से अफसरों को जूता मारो और जेल भेजो जैसे भड़काऊ भाषण देकर एक बार फिर बखेड़ा कर दिया है।किसानों की कर्जमाफी के बावजूद कथित रूप से अधिकारियों द्वारा नोटिस भेजकर वसूली के लिए दबाव बनाया जा रहा है। विधायक बृहस्पति सिंह ने शासकीय मंच से इस पर बयान दिया कि किसानों से धोखाधड़ी बर्दाश्त नही की जाएगी।



### भाजपाइयों ने जमीन पर बैठकर जताया विरोध

समारोह में शुरू से ही विवाद की स्थिति थी। भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि आमंत्रण पत्र में नाम नहीं होने के कारण नाराज थे। उन्होंने भीड़ के साथ जमीन पर बैठकर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाया। इस दौरान भी विधायक बृहस्पति सिंह ने भाजपाइयों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब हम विपक्ष में थे तब भी हमारे साथ ऐसा ही होता था लेकिन हमारी सोच ऐसी नहीं है। उन्होंने कहा कि विरोध का यह तरीका उचित नहीं है। यदि मंच में आकर बैठना है तो भाजपाइयों को भी आकर बैठना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम के बाद विधायक बृहस्पति सिंह ने राज्य सरकार द्वारा किसानों की कर्ज माफी किए जाने के बावजूद अधिकारियों द्वारा सही तरीके से लाभ नहीं दिए जाने और किसानों के साथ धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया।

**छत्तीसगढ़ कामधेनु विवि दुर्ग अंजोरा 2020 तक एक लाख चूजे करेगा वितरित**

# अब गरीबी दूर करने आईसीआर पोषित परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को बांटे जाएंगे कड़कनाथ के चूजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रायल में सफलता मिलने के बाद अब गरीबी दूर करने के लिए प्रदेश के आदिवासियों को कड़कनाथ के चूजे बांटे जाएंगे। छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग अंजोरा ने 2020 तक एक लाख चूजे मुफ्त वितरण करने का लक्ष्य रखा है। भारतीय कृषि अनुसंधान (आइसीएआर) की पोषित आदिवासी परियोजना के तहत इसक वितरण होगा। परियोजना का एक मात्र उद्देश्य आदिवासियों, ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों और स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। विवि के कुलपति डॉ. एनपी दक्षिणकर ने बताया कि कड़कनाथ के वितरण आदिवासी क्षेत्र से गरीबी हटाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इसलिए बड़े स्तर पर वितरण का कार्य शुरू किया जा रहा है।



### विवि में हेचरी मशीन लगी

विवि के वैज्ञानिकों के अनुसार अंचल के मौसम में कड़कनाथ में पूरी तरह सरवाइव करने की क्षमता है। लक्ष्य के आधार पर किसानों को चूजे देने के लिए विवि में हेचरी मशीन लगाई। इसमें अंडों से चूजे तैयार किये जाते हैं। हर आदिवासी को पांच चूजे दिये जायेंगे। दरअसल कड़कनाथ मुर्गी अंडे देने के बाद उसे सेती नहीं है। यानी उस पर बैठती नहीं है। इससे चूजे तैयार नहीं हो पाते। मशीन से लगभग 21 दिन में अंडे से चूजे तैयार होते हैं।

**आमदनी में होगा इजाफा**

मध्यप्रदेश के झबुआ सहित प्रदेश के कई स्थानों पर कड़कनाथ का पालन कर किसानों ने आमदनी बढ़ाई है। कड़कनाथ अन्य मुर्गे की तुलना में तिगुने दाम में बिकता है। इसकी कीमत 600 से 700 रुपये प्रति किलो है। पशुचिकित्सा एवं पशुपालन कॉलेज में एक चूजे की कीमत 40 रुपये है। ज्ञात हो कि विवि कड़कनाथ के जीवनचक्र को लेकर आदिवासी लोगों को शिविर के माध्यम से ट्रेनिंग भी देगा। इससे उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

**61 हितग्राहियों को दिये थे पांच हजार चूजे:** विवि के कृषि विज्ञान केंद्र से लगभग 5,000 चूजों का वितरण 61 हितग्राहियों में ट्रायल के रूप में किया गया था।

### प्रयोग सफल रहा

आदिवासी क्षेत्रों में आय बढ़ाने के लिए कड़कनाथ का प्रयोग सफल रहा है। अब पोषित आदिवासी परियोजना के तहत कड़कनाथ के चूजों का वितरण होगा। इससे आदिवासियों की आमदनी बढ़ेगी।

**-डॉ. एनपी दक्षिणकर,** कुलपति, छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग

**केन फिन होम्स लि.**
प्रथम तल, रेवाड़ी सहकारी बैंक के ऊपर, निकट हनुमान मंदिर, सोहना रोड, धारूहेड़ा (जिला रेवाड़ी), हरियाणा, Ph: 01274-242381, E-mail: dharuhera@canfinhomes.com, Mob: 7625079165, CIN : L85110KA1987PLC008699

**डिमांड नोटिस**

''प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 (2002 की सं. 54) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण'' की धारा 13 (2) के तहत

प्रति,
1. श्री विकास चतुर्वेदी पुत्र श्री गोपाल चन्द्र चतुर्वेदी
2. श्रीमती शालिनी चतुर्वेदी पत्नी श्री विकास चतुर्वेदी

फ्लैट नं. 105, प्रथम तल, प्लॉट नं. 133, दयानंद कॉलोनी, सेक्टर-5 भाग-6 गुरुग्राम, (हरियाणा)-122001

आपमें से सं. 1 और 2 ने आपने सं. 1 और 2 से सम्बन्धित निम्नलिखित परिसम्पत्ति के गिरवीकरण द्वारा प्रतिभूति के तहत हमारी शाखा से आवास ऋण का लाभ प्राप्त किया। आपकी ओर से राशि **रु. 19,30,405/- केन फिन होम्स लि. को** 01.09.2019 **के अनुसार** अनुबंधात्मक दर पर भविष्य के ब्याज सहित भुगतान की जानी है।

**गिरवीकृत परिसम्पत्ति का विवरण**

फ्लैट नं. 105, प्रथम तल, प्लॉट नं. 133, खसरा नं. 3123, दयानंद कॉलोनी, जिला गुरुग्राम हरियाणा-122001
**सीमाएं :- उत्तर :** रोड, **पूर्व :** फ्लैट नं. 104, **दक्षिण :** रास्ता, **पश्चिम :** फ्लैट नं. 103 तथा रोड

आपमें से सं. 1 और 2 को सर्फेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत पंजीकृत डिमांड नोटिस भेजा गया। परन्तु यह अप्राप्त लौटा दिया गया। अधोहस्ताक्षरी ने अतः, उक्त अधिनियम के अनुरूप उक्त कर्जदार/ों को अन्तिम संज्ञान वाले पतों के परिसरों पर चिपकाना पड़ा। अतः यह समाचार पत्र प्रकाशन। क्योंकि आप स्वीकृति के नियमों की पालना करने में विफल रहे हैं, एनएचबी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 31.08.2019 को अकाउंट नॉन परफार्मिंग असैट के रूप में वर्गीकृत किया गया है। आपको एतद् द्वारा इस सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर 02.09.2019 से उस पर अनुबंधित ब्याज की दर सहित उपरोक्त राशि का भुगतान करने का आह्वान किया जाता है। जिसमें विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त प्रतिभूति के क्रियान्वयन के लिये सरफेसी अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लाने के लिये बाध्य हो जाएंगे।

इसके अतिरिक्त, कर्जदारों/गारंटरों का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिये, उनको उपलब्ध समय के सम्बन्ध में, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

दिनांक : 11.09.2019
स्थान : धारूहेड़ा

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी,
केन फिन होम्स लि.

## चिंतन

# घोटालेबाजों पर अभी और कसेगी नकेल

हम भ्रष्टाचार की विराटता देखने के इतने आदी हो गए थे कि इसे आत्मसात कर बैठे थे। निराशा ऐसी थी कि पूरे देश ने बेईमानी और घोटालों के साथ जीने को नियति मान लिया था। हर तरफ घेटाले दर घोटाले हो रहे थे और देशवासी सन्न होकर इसे सहने को मजबूर थे। हर भारतवासी के मन में केवल यही भाव था कि भ्रष्टाचारियों और घोटालाबाजों का बाल भी बांका नहीं हो सकता। यूपीए-2 सरकार तो मानो घोटालों की पर्याय बन गई थी। 2,10,000 करोड़ का काला धान घोटाला, आठ हजार करोड़ का सत्यम, पांच हजार करोड़ सैन्य राशन घोटाला, 39,120 करोड़ हसन अली हवाला, 900 करोड़ आदर्श घर, 35,000 करोड़ खाद्यान, दो लाख करोड़ बैंड स्पैक्ट्रम, एक लाख 76 हजार करोड़ 2जी स्पैक्ट्रम और 70,000 करोड़ रुपये का कॉमनवेल्थ घोटाला। ये तो केवल वे नाम हैं जो चर्चाओं में रहे। इसके अलावा कितने ही ऐसे कारनामे थे जिन्हें सुर्खियों में आने से पहले ही दबा दिया गया। ऐसे गोरखधंधे की खबरों से पूरे देश में सन्नाटे सा माहौल था। इसके बाद समाज सुधारक अण्णा हजारे लोकपाल की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे तो हर भारतवासी उनके आंदोलन में जुट गया, लेकिन हुआ कुछ नहीं। बस कुछ लोग उनके सहारे अपनी राजनीति चमकाने में कामयाब हो गए। 2014 में सरकार बदली और नरेंद्र मोदी सत्तासीन हुए तो एक बार फिर उम्मीद जगी कि अब भ्रष्टाचार पर प्रहार होगा। ऐसा ही हुआ। सरकार ने एक के बाद एक घोटालेबाज को निशाने पर लेना शुरू किया। जो अब तक जारी है। आपको याद होगा, बीते लोकसभा चुनाव के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पांच सालों में घोटालेबाजों को जेल की सलाखों तक ले आया हूं और अगले पांच सालों में इन सबका ठिकाना जेल होगा। बृहस्पतिवार को एक बार फिर रांची में उन्होंने कहा कि जनता को लूटने वालों को सही जगह पहुंचाने का काम चल रहा है। कुछ लोग अंदर चले भी गए हैं। कुछ लोगों ने सोच लिया था कि वे देश के कानून और अदालतों से भी ऊपर हैं। वे आज अदालत से जमानत की गुहार लगा रहे हैं। इस कथन से साफ है कि मोदी सरकार भ्रष्टाचार पर ज्यादा कड़े तेवर अपनाने वाली है। यह सही है कि पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम की गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में भरोसा जगा है। इस गिरफ्तारी ने पिछले कई दशकों में बनी इस आम धारणा को भी तोड़ा कि देश के कानून की नजर में सब बराबर नहीं हैं। पूर्व मंत्री होने से आप कानून से बच नहीं सकते। इससे पहले सरकार ने भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों में कर विभाग के और 34 अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त किया तो साफ हो गया कि सरकार किसी भी रूप में भ्रष्टाचार सहन करने को तैयार नहीं है। इससे न केवल अफसरशाही में कड़ा संदेश गया बल्कि आम जनमानस में भी सरकार के प्रति विश्वास जगा, लेकिन इतना सब होने और घोटालों के कारण लगातार दो बार नकार दिए जाने के बाद भी कांग्रेस पार्टी का रवैया भ्रष्टचार को लेकर जस का तस ही दिख रहा है। लगातार दो बार नेता प्रतिपक्ष के लिए जरूरी संख्या बल न मिलने के कारण देश को उम्मीद थी कि कांग्रेस इस छवि को बदलने के लिए भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं से दूरी बनाकर रखेगी, मगर पार्टी के वरिष्ठ नेता ही नहीं, बल्कि नेहरू-गांधी परिवार भी चिदंबरम के समर्थन में खुलकर आ गया। इसका क्या मतलब समझा जाए कि पूरे कुएं में भांग पड़ी हुई है या भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे नेता उसकी थाती हैं। उनके बिना पार्टी चल ही नहीं सकती। यह भी ध्यान रखें कि नेशनल हेराल्ड मामले में अन्य लोगों के साथ सोनिया और राहुल भी जमानत पर हैं। ऐसे में कांग्रेस से भ्रष्टाचार के उनमूल्न की उम्मीद भी कैसे की जा सकती है।

## सारा संसार



यह केरल में सबसे अच्छे समुद्र तटों में से एक है। वर्कला तिरुवनंतपुरम से 51 मील की दूरी पर है, यहां की नैचुरल ब्यूटी और ऊंची चट्टानें बेहद आकर्षक हैं। यहां बीच पर कई एडवेंचरस एक्टिविटीज होती हैं जैसे सनबाथ, बोटिंग, सर्फिंग और नैचुरल थेरिपी।

## व्यंग्य

संतोष उत्सुक

# हिन्दी का महीना

हमेशा की तरह हिन्दी का महीना आया हुआ है। हिन्दी को मनाने के लिए सरकारी कार्यक्रम चल रहे हैं। भाषा प्रेमियों ने कार्यक्रमों की झड़ी लगा रखी है। कुछ आयोजक नए हैं तभी पुराने वालों को आराम मिल गया है। गत वर्ष बड़ी मुश्किल से मेहनत कर, हिन्दी को बढ़ाने व फैलाने के लिए जिन्होंने अपने कार्यालयों में पांच या सात प्रतियोगी इकठ्ठे किए थे, देखने को आतुर हैं कि फलाना कार्यालय इस बार क्या कर लेगा। जो कर्मचारी दशकों से अंग्रेजी मारमार कर हिन्दी भगा चुके हैं इनमें से ही कुछ को धकिया कर प्रतियोगिता में भेजा जाता है। नटखट कहते हैं प्रतियोगिता तो हो रही है मगर कैसे बेहतर व संजीदा हो इसके लिए मन उत्साहित नहीं है। कार्यालयों में हिन्दी पर कार्यक्रम करवाने के लिए कोई भी कर्मचारी मेहनत व अथक प्रेरणा से यू कैन ओनली डू इट शैली में ही तैयार हो पता है। कइयों को पता नहीं चलता कि आयोजन कैसे करें, ठीक वैसे ही जैसे कभी स्कूल में अध्यापकों को समझ नहीं आता था कि भाषण, वादविवाद या पत्रपाठन प्रतियोगिता अलग-अलग होती हैं। कल की बात है साफ सुथरे कार्यालय में प्रतियोगिता थी। प्रतियोगी छोटे कमरे में दो दर्जन कुर्सियों पर जमा किए गए थे। स्वागती बारिश के बाद आयोजक बोले, माफ करें जिस हाल में आयोजन था वहां मीटिंग चल रही है इसलिए यू हैव टु सिट हियर। आज प्रतियोगिता का विषय है, चित्र देखो, लिखो कुछ भी चाहे लेख, कहानी या कविता। याद आया पिछली बार इस प्रतियोगिता में सिर्फ कहानी लिख सकते थे, इस बार ज्यादा ऑप्शनस हैं तभी प्रतियोगी भी ज्यादा हैं। स्टैपल किए दो सफेद कागज बांट दिए गए। नटखट कहने लगे बिना टेबल के लिखवाना था तो पहले बताते हम टप्पू का कार्डबोंड ले आते। बिजली गई, एमरजेंसी लाइट नहीं थी। नटखट बोले, अंधेरा रहेगा तो आंखें खोलकर लिखेंगे, व्यायाम भी हो जाएगा। आयोजक ने हिन्दी में मुस्कुराकर कहा, सितम्बर भाषा, सौरी राजभाषा हिन्दी को प्रोमोट करने के लिए हम आपको पांच चित्र देंगे इनमें से एक को ही देखकर आपको लिखना है। नटखट ने कहा प्रतियोगिता एक चित्र बारे होनी चाहिए। जवाब मिला प्रतियोगिता में नयापन व दिलचस्पी रहे इसलिए पांच दिए गए हैं। प्रतियोगिता के बीच ही गुलाबजामुन, समोसा और चाय पकड़ा दिए गए। दो दिन बाद अगली प्रतियोगिता में जाना पड़ेगा।



पाकिस्तान

गौरीशंकर राजहंस

# जबरन धर्म परिवर्तन बंद हो

जिस समय भारत का विभाजन हुआ था तब पाकिस्तान में 15 प्रतिशत हिन्दू थे। आज यह संख्या घटकर 1.6 प्रतिशत रह गई है। 450 हिन्दू मंदिर थे, अब केवल 25 हिन्दू मंदिर हैं। कट्टरपंथियों ने इन हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त कर वहां मस्जिदें खड़ी कर दी। डरकर पांच लाख से अधिक हिन्दू परिवार संसार के विभिन्न देशों में चले गए। अधिकतर लोग तो भारत आए जिनके रिश्तेदार भारत में थे। वहां हिन्दुओं का जबरन धर्मान्तरण किया जा रहा है, जो बंद होना चाहिए।

हाल में संसार के विभिन्न समाचारपत्रों में यह खबर छपी है कि पाकिस्तान में तेजी से हिन्दू और सिख लड़कियों का अपहरण करके उन्हें जबरन इस्लाम धर्म कबूल करने के लिये बाध्य किया जाता है और वे लड़कियां लाचार होकर इस्लाम धर्म कबूल कर लेती हैं। इसका नतीजा यह है कि सिख और हिन्दू लड़कियां घर से बाहर निकलने में बहुत डरती हैं। यह बात भी किसी से छिपी हुई नहीं है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के साथ तरह तरह के अत्याचार और ज्यादतियां हो रही हैं और उन्हें बाध्य किया जा रहा है कि वे पाकिस्तान छोड़ कर कहीं अन्यत्र चले जाएं। 1947 में जब भारत का विभाजन हुआ था तब पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की संख्या 23 प्रतिशत थी। अब उनकी संख्या घटकर 3 प्रतिशत रह गई है। यह संख्या भी दिनों दिन घटती जा रही है।

भारत के विभाजन के समय ही जो हिन्दू और सिख पाकिस्तान में रह रहे थे और जिनके रिश्तेदार भारत में थे, वे सारे दुःख सहकर अपनी सारी संपत्ति छोड़कर भारत आ गए। यह भी सच है कि जो हिन्दू पाकिस्तान से भारत आ गए वे शरणार्थी होकर अत्यन्त ही गरीबी का जीवन बिताने लगे। तत्कालीन भारत सरकार ने उन्हें नाममात्र की सहायता दी। परन्तु अपनी मेहनत से उन्होंने भारत में अपने को फिर से संपन्न बना लिया और अधिकतर शरणार्थी चाहे वे सिख हों या हिन्दू, संपन्न होकर फिर से अपने पैरों पर खड़े हो गए। परन्तु वे सिख और हिन्दू जो अपनी जमीन का मोह नहीं छोड़ सके और पाकिस्तान में रह गए उनकी हालत अत्यन्त ही चिन्ताजनक होती गई। अभी हाल में भारत के विभिन्न टीवी चैनलों उन संपन्न लोगों के बयान दर्ज हुए हैं जिनके परिवार वालों को खासकर लड़कियों को जबरन पाकिस्तान में मुस्लमान बना दिया गया है। इन लोगों में एक प्रमुख नाम बदलेव कुमार का भी है।

जब भारत का विभाजन हुआ था तब गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना को बहुत समझाया था कि धर्म के नाम पर भारत का विभाजन नहीं होने दीजिए। परन्तु जिन्ना ने किसी की बात नहीं मानी। खासकर गांधीजी की भी बात नहीं मानी। अंग्रेज तो चाहते ही यही थे कि भारत का धर्म के नाम पर विभाजन हो जाए। उन्होंने जिन्ना को पटा लिया और इस तरह भारत का विभाजन हो गया। उस समय जो त्रासदी पाकिस्तान के हिन्दुओं ने झेली वह आज भी जारी है।

हाल में कुछ ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं उनमें से एक है गुरूद्वारे के ग्रंथी की कुंआरी बेटी को अगुवा कर धर्म परिवर्तन करा दिया और बलपूर्वक उससे मुस्लिम लड़के से निकाह करा दिया। टीवी पर ऐसे डरावने दृश्य देखकर हर भारतवासी कांप उठता है। जिस समय भारत का विभाजन हुआ था उस समय पाकिस्तान में 15 प्रतिशत हिन्दू थे। आज यह संख्या घटकर 1.6 प्रतिशत रह गई है। उस समय पाकिस्तान में 450 हिन्दू मंदिर थे। अब केवल 25 हिन्दू मंदिर हैं। कट्टरपंथियों ने इन हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त कर वहां मस्जिदें खड़ी कर दी। कई अधिकारिक रिपोर्टों में कहा गया है कि सरकार के आतंक से डरकर पांच लाख से अधिक हिन्दू परिवार संसार के विभिन्न देशों में चले गए। अधिकतर लोग तो भारत आए जिनके रिश्तेदार भारत में थे। कुछ लोग कनाडा और ऑस्ट्रेलिया चले गए। इन लोगों में यह जबरदस्त रोष है कि हिन्दुओं का जबरन धर्मान्तरण किया जा रहा है और आए दिन सिख और हिन्दू लड़कियों का अपहरण कर धर्मान्तरण के बाद जबरन निकाह किया जा रहा है। दुर्भाग्यवश भारत सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है।




भारत की जनता की मांग है कि भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र में यह मामला उठाए और पाकिस्तान में रह रहे अल्पसंख्यकों को राहत दिलाए। यही नहीं जो अल्पसंख्यक भारत आ गए हैं उन्हें कोई न कोई रोजगार मुहैया कराया जाए। यह एक अत्यन्त ही गंभीर मामला है और यदि इस पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नहीं होगा जब पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की संख्या शून्य पर आ जाएगी। जिस तरह पाकिस्तान आतंकवादियों को भारत में घुसाकर भारत को तंग कर रहा है उससे यह साफ है कि वह अल्पसंख्यकों का जल्द ही सफाया कर देगा। सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चों को भारत के खिलाफ घृणात्मक शिक्षा दी जाती है। इसका नतीजा यह होगा कि आगे चलकर यदि कोई पाकिस्तानी छात्र विदेश में शिक्षा प्राप्त करेगा तो वह अन्य विदेशियों, खासकर भारतवंशियों से घोर घृणा करेगा। इसका फल तो पाकिस्तान को ही भुगतना होगा।

संक्षेप में, यह एक अत्यन्त ही संगीन मामला है और भारत सरकार को संयुक्त राष्ट्र में इस मामले को अवश्य उठाना चाहिए। क्योंकि जो अल्पसंख्यक पाकिस्तान में रह रहे हैं वे हमारे लोग हैं और हमारा यह कर्तव्य है कि हम हर हालत में उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। कम से कम संसार में यह घारणा फैलाई जा सकती है कि पाकिस्तान में किस प्रकार अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। यदि एक प्रबल जनमत तैयार हो जाएगा तो संभव है कि पाकिस्तान की सरकार उन पर और अधिक जुल्म करने का साहस नहीं कर पाए।

## हृदय-आत्मा में ही प्रभु का वास



संकलित

दर्शन

पवित्र हृदय-आत्मा में ही प्रभु का वास होता है। प्रभु प्रेम की गली बहुत सकरी है। हृदय में एक को ही रखने का स्थान है या तो प्रभु प्रेम को रख लें या फिर अपने स्वार्थ को। यदि हमने स्वार्थ रहित हृदय रूपी मंदिर में आत्म तत्व को विकसित नहीं किया तो संसार में फिर कहीं भी घूम आये प्रभु बाहर कहीं नहीं मिलेगा। एक सुन्दर प्रार्थना है - हे आत्मा के पुत्र! मेरा प्रथम परामर्श यह है कि एक शुद्ध, दयालु तथा ईश्वर प्रकाश से प्रकाशित हृदय धारण कर ताकि पुरातन, अमिट एवं अनन्त श्रेष्ठता का साम्राज्य तेरा हो। मन रूपी मंदिर को बनाने में कोई खर्चा नहीं आता केवल हृदय को पवित्र बनाने की आवश्यकता होती है। इसके लिए मस्तिष्क से हृदय तक 13 इंची सुंरग खोदकर हृदय से मस्तिष्क तक आध्यात्मिक मार्ग बनाना चाहिए। सबसे पहले कोई विचार हृदय से उठता है, फिर वह मस्तिष्क में जाता है, जहां उस विचार की मस्तिष्क के द्वारा मालिश-पालिश होती है। हृदय, मस्तिष्क तथा आत्मा तीनों का आध्यात्मिक गठबंधन बनाना चाहिए। ऐसी संतुलित आत्मा से अच्छे विचार रूपी अमृत की एक-एक बूंद हृदय में टपकेगी। कोई भी निर्णय लेने के पूर्व उसके अन्तिम परिणाम पर भी विचार कर लेना चाहिए।

## मन को ही बनाओ भगवान का मंदिर



संकलित

प्रेरणा

बस तुम एक काम करो अपने मन को ही भगवान का मंदिर बनाने का निर्माण कार्य इसी क्षण से शुरू कर दो। यदि उसके बाद भी तुम्हारे अंदर और मंदिरों का निर्माण करने की इच्छा जाग्रत हो तो अपने आसपास के लोगों के जीवन को भी इसी प्रकार अच्छा बनाने के लिए निरन्तर मनोयोगपूर्वक लगे रहना। संत के सुझाव से उस दुःखी व्यक्ति की समस्या का समाधान सहजता से हो गया। ऐसे आध्यात्मिक संतुष्टि के अहसास को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। यह तो बस गुंगे के गुड़ खाने के समान है। जिसकी मिठास को वह शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। यदि कोई इंसान केवल मस्तिष्क से सोचकर निर्णय लेगा तो वह निर्णय संतुलित नहीं होगा। या कोई इंसान केवल हृदय से सोचकर निर्णय लेगा तो वह निर्णय भी संतुलित नहीं होगा। संतुलित निर्णय लेने के लिए हृदय, मस्तिष्क तथा आत्मा तीनों के बीच संतुलन जरूरी है। कोई भी निर्णय लेने के पूर्व उसके अन्तिम परिणाम पर भी विचार कर लेना चाहिए। पवित्र हृदय-आत्मा में ही प्रभु का वास होता है। एक व्यक्ति एक संत के पास अपनी समस्या लेकर पहुंचा। उस व्यक्ति ने संत से दुःखी होकर निवेदन किया कि उसकी प्रबल इच्छा है कि वह अपने जीवन काल में एक सुन्दर तथा भव्य मंदिर बनाये लेकिन उस भव्य मंदिर को बनाने के लिए उसके पास पैसा नहीं है। संत ने मुस्कराकर उससे कहा कि तुम्हें दुःखी होने के कोई आवश्यकता नहीं है।

## आशीर्वाद लेते ...



फोटो न्यूज

चिकमंगलूर। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा चिकमंगलूर के पास श्रृंगेरी शारदंबरी मंदिर में अपनी यात्रा के दौरान हाथियों से आशीर्वाद लेते हुए।

## आज की पाती

### मधुर हो पुलिस व जनता के बीच का संवाद

सड़क हादसे में कई लोगों की अकाल मौत हो जाती है। सरकार ने मोटर वाहन संशोधन अधिनियम-2019 के तहत इस समस्या को रोकने के लिए कुछ कठोर फैसले लिये हैं, जिससे आम लोगों को थोड़ी परेशानी हो रही है लेकिन, इसका लाभ भी अपने को ही होना है। नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है लेकिन देखा गया है कि इनकी अनुपलब्धता पर कई बार पुलिस व जनता के बीच विवाद खड़ा हो जाता है। इनमें दोनों ही पक्षों की गलती रहती है मगर ऐसे विवाद न हों इसका ध्यान दोनों पक्षों को रखना चाहिए। इसलिए पुलिस को आम लोगों के साथ दोस्ताना व्यवहार व संवाद रखने की जरूरत है। पुलिस को लोगों के साथ बातचीत की शैली में लोच लाना चाहिए। -अभिनव कुमार

## करंट अफेयर

# अमेरिका, यूरोप, रूस को तबाह कर दो

आतंकी संगठन अलकायदा के सरगना अयमान अल-जवाहिरी ने बुधवार को 9/11 आतंकी हमले की बरसी पर वीडियो जारी कर मुस्लिमों को पश्चिमी देशों पर हमला करने के लिए उकसाया है। वीडियो में जवाहिरी मुस्लिमों से कह रहा है कि अमेरिका, यूरोप, इसराइल और रूस जैसे पश्चिमी देशों पर हमला करके उन्हें बर्बाद कर दें। अल-जवाहिरी 9/11 आतंकी हमले की 18वीं बरसी पर मुस्लिमों को संबोधित कर रहा था। अमेरिकी कंपनी सर्च फॉर इंटरनेशनल टेररिस्ट एटिटीज (एसआईटीई) ने इसका खुलासा किया है। एसआईटीई आतंकी संगठनों की ऑनलाइन गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए जानी जाती है। इसके बाद ही जवाहिरी का यह



वीडियो सामने आया है। वीडियो में आतंकी सरगना ने कहा कि यदि आप जिहाद चाहते हैं, तो पश्चिमी देशों की सेना को धीरे-धीरे खत्म करते रहें। अमेरिकी सैनिक आज पूर्व से पश्चिम तक पूरी दुनिया में हैं। उसने लोगों को भड़काते हुए कहा कि आपके देश के भीतर अमेरिकी ठिकानों भरे हुए हैं, जिसमें सभी काफिर हैं। उनके द्वारा भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा है। जवाहिरी का यह भाषण 33 मिनट 28 सेकंड का है। वीडियो को अलकायदा के ही अस-सहाब मीडिया फाउंडेशन ने जारी किया है।

## ऑफ बीट

# मांडु का रूपमती महल मोहब्बत की निशानी

अपनी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध मांडु का किला भी ऐसे ही कई किस्सों, कहानियों को अपने गर्भ में छिपाये हुए है। मांडु को महलों का गढ़ कहा जाता है। यहां मौजूद महल जो आज वीरान हैं, उनमें कभी



रानियों की पायलों की झंकार खनकती थी। यहां कभी शाही दावतें होती थीं तो कभी युद्ध की रणनीति बनाई जाती थी लेकिन, वीरान होते इन महलों में आज भी कई आवाजें गूंजती हैं, बातें करती हैं और इसके रहस्यों को जानना चाहती हैं। ये आवाजें हैं उन लोगों की जो यहां कभी रोमांच की तलाश में आते हैं तो कभी अपने वजूद की खोज उन्हें यहां खींच लाती है। कई बार वो कहानियां भी उन्हें बुलाती हैं जो इन इमारतों की बनावट के पीछे के कई राज अपने पास छिपाई हुई हैं। मांडु स्थित हिंडोला महल- कहा जाता है कि मांडु के सुल्तान बाज बहादुर को एक किसान की बेटी रुपमती से प्यार हो गया था। रुपमती जितनी खूबसूरत थी उतनी ही कुशल गायिका भी थी। बाज बहादुर ने रुपमती से शादी कर उसे रानी बना लिया लेकिन, रुपमती नर्मदा नदी के दर्शन किए बिना खाना नहीं खाती थीं, जब सुल्तान को इस बारे में पता चला तो उन्होंने नर्मदा के पास रुपमती के लिए एक महल का निर्माण कराया ताकि वह महल से ही नर्मदा के दर्शन कर सकें।

## ट्रेंड

### अभियान में भाग लें

मैं उनके अभियान के लिए वित्तमंत्री को बधाई देता हूं ताकि एकल उपयोग प्लास्टिक के कम उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके। मैं दुकानदारों से आग्रह करता हूं कि वे इस अभियान में जोश के साथ भाग लें। इससे स्वच्छ भारत मिशन में गति आएगी।

-नरेंद्र मोदी



### पढ़ाया जाए सारागढ़ी युद्ध

12 सितंबर 1897 को सारागढ़ी के युद्ध मे 21 सिखों ने 10000 अफगान-आक्रांताओं से युद्ध किया, 900 को मारा। बाकी दुम दबाकर भागे। इसे इंग्लैंड में मनाया जाता है, भारत में नहीं। भारतीय दुनिया में सबसे वीर हैं, पाठ्यक्रम में यह पढ़ाया जाना चाहिए। -बाबा रामदेव



### शानदार जवाब

मैंने एक आध्यात्मिक गुरु से पूछा, आप कैसे मानते हैं कि दुनिया में भगवान मौजूद हैं? उनका जवाब था, सबूतों का अभाव अनुपस्थिति का सबूत तो नहीं है। भगवान तो हैं ही, लेकिन वितर्क शक्ति से उसे नकारने वाले गलत हैं। कितना प्यारा जवाब।

-हर्ष गोयनका



### प्रदाता है प्रकृति

प्रकृति हमेशा एक प्रदाता रही है और प्रदान करना जारी रखेगी, इसलिए जब तक हम प्रकृति को पनपने देते हैं। हमें सभी लोगों के लिए एक स्वस्थ, समृद्ध, शांतिपूर्ण दुनिया प्राप्त करने के लिए अनुकूलन में तेजी लाने की आवश्यकता है। -दीया मिर्जा



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## जवानों की साईकिल यात्रा दो अक्तूबर को पहुंचेगी राजघाट

**जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं वर्षगांठ पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की देखरेख में सभी केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों एवं असम राईफल के कर्मियों की पोरबंदर-राजघाट साईकिल यात्रा दो अक्तूबर को दिल्ली पहुंचेगी। सीमा सुरक्षा बल के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरूवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों के 500 साईकिल चालक हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के 100, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 100, केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल के 65, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 65, सशस्त्र सीमा बल के 70, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के 50 एवं असम राईफल के 50 कर्मी हैं। उन्होंने बताया कि सात सितम्बर को गुजरात के पोरबंदर से शुरू हुई यह साईकिल यात्रा तीन राज्यों गुजरात, राजस्थान और हरियाणा से गुजरते हुए आगामी दो अक्टूबर को नयी दिल्ली के राजघाट पहुंचेगी।

## बस ने ट्रक को टक्कर मारी, छह लोगों की मौत, 15 घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक बस ने सड़क पर खड़े ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 4 पर यहां से करीब 110 किलोमीटर दूर स्थित म्हसवे गांव के समीप सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हुआ। अधिकारी ने बताया कि निजी बस मुंबई से कर्नाटक के बेलगावी जा रही थी जब उसने म्हसवे गांव के समीप एक ट्रक को पीछे से टक्कर मारी। घटना की सूचना मिलने के बाद सातारा पुलिस और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। सातारा की पुलिस अधीक्षक तेजस्वी सतपुते ने कहा कि हादसे में बस चालक समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अयोध्या मामला: मुस्लिम पक्ष ने कहा

# यूपी के मंत्री कह रहे अयोध्या हिंदुओं की, सुप्रीम कोर्ट भी उनका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद जमीन विवाद के मामले में 22वें दिन मुस्लिम पक्ष की तरफ से वरिष्ठ वकील राजीव धवन ने पक्ष रखा। राजीव धवन ने मुख्य मामले की सुनवाई से पहले अपनी कानूनी टीम के क्लर्क को धमकी दिए जाने की जानकारी कोर्ट को दी और कहा कि ऐसे गैर-अनुकूल माहौल में बहस करना मुश्किल हो गया है।

राजीव धवन ने कोर्ट को बताया कि यूपी में एक मंत्री ने कहा है कि अयोध्या हिंदुओं की है, मंदिर उनका है और सुप्रीम कोर्ट भी उनका है। उन्होंने कहा कि मैं अवमानना के बाद अवमानना दायर नहीं कर सकता। उन्होंने पहले ही 88 साल के व्यक्ति के खिलाफ अवमानना दायर की है। इस पर




चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि कोर्ट के बाहर इस तरह के व्यवहार की निंदा करते हैं। देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। हम इस तरह के बयानों की निंदा करते हैं। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि दोनों पक्ष बिना किसी डर के अपनी दलीलें अदालत के समक्ष रखने के लिए स्वतंत्र हैं। इससे बाद राजीव धवन ने मुख्य मामले पर बहस की शुरुआत की। राजीव धवन ने कहा

■ **चीफ जस्टिस ने की बयान की निंदा**

कि लिमिटेशन पर मुस्लिम पक्ष की तरफ से दलील दी गई कि निर्मोही अखाड़े की लिमिटेशन छह साल होनी चाहिए थी। छह साल की अवधि से बचने के लिए निर्मोही अखाड़ा शेवियेट, बिलांगिंग और कब्जे की दलील दे रहा है, जो कि सही नहीं है, क्योंकि निर्मोही सिर्फ सेवादार है, जमीन के मालिक नहीं हैं। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि निर्मोही अखाड़े द्वारा प्रस्तुत वाद के चलाए जाने की योग्यता के बारे में प्रश्न उठाया जा सकता है। धवन ने कहा कि निर्मोही अखाड़ा किस बात को चुनौती दे रहे थे, वह क्या चाहते थे, लेकिन इस मसले को उठाना मेरे लिए सही नहीं होगा। राजीव धवन ने कहा कि निर्मोही के मामले में साक्ष्य और गवाही पर्याप्त नहीं हैं। धवन ने कहा कि आप अवैधता के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर सकते और उससे लाभ देने की कोशिश नहीं कर सकते, भले ही आप अवैधता पैदा न करें, फिर भी आप उस पर विश्वास नहीं कर सकते। राजीव धवन ने कहा कि ट्रस्टी और सेवादार में अंतर होता है शेवियत मालिक नहीं होता है। जिस दिन से कोर्ट का ऑर्डर आया, यानी 5 जनवरी 1950 को, उस दिन से कंटिनिवस रांग खत्म हो जाता है। निर्मोही अखाड़े ने अगर समय से पहले, यानी छह साल पहले अखाड़े ने रिसीवर नियुक्त करने को चुनौती दी होती तो ठीक था, लेकिन निर्मोही अखाड़े ने छह साल की तय समय सीमा के बाद चुनौती दी, इसलिए निर्मोही अखाड़े का दावा नहीं बनता।

### 1934 के बाद मुस्लिमों ने नहीं किया प्रवेश

राजीव धवन ने कहा कि एक ट्रस्ट या ट्रस्टी के विपरीत शेबेट के अधिकार का दावा नहीं कर सकता। सन 1934 के बाद से मुस्लिमों ने वहां पर प्रवेश नहीं किया, लेकिन जब आप उन्हें प्रवेश नहीं करने देंगे तो वे इबादत कैसे करेंगे? निर्मोही अखाड़े का जो शेवियेट, यानी सेवादार का दावा है, उसको हम सपोर्ट करते हैं, लेकिन इनका टाइटल राइट नहीं बनता। अगर निर्मोही अखाड़े को सेवादार का अधिकार है, मान भी लिया जाए कि सेवादार का अधिकार पीढ़ियों तक चलता है, तो फिर प्रॉपर्टी का मालिक कौन है, क्या नेक्स्ट फ्रेड को माना जाएगा, फिर निर्मोही अखाड़े को सेवादार से हटाने का डर कैसा, कौन मालिक या ट्रस्टी है।

### दिल्ली की एक अदालत ने कहा

# तेज गाड़ी चलाने वालों पर अब हमारी नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि तेज गति से वाहन चलाना, स्कूल वैन में क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाने पर अदालत की नजर है। अदालत ने टिप्पणी की कि 1997 में हुई दुर्घटना से कोई सबक नहीं सीखा गया जब वजीराबाद पुल से एक स्कूल बस यमुना नदी में गिर गई थी जिसमें 28 बच्चों की मौत हो गई और 60 जख्मी हो गए थे। अदालत ने कहा कि बच्चों से भरी स्कूली गाड़ियों को तेज रफ्तार से चलाना अब आम बात हो गई है जबकि उनकी सुरक्षित यात्रा के लिए उच्चतम न्यायालय ने 1997 में दिशानिर्देश बनाए थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कामिनी ला ने पुलिस आयुक्त और दिल्ली के मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि उच्चतम न्यायालय और 2017 में दिए गए सीबीएसई के निर्देशों का पालन किया जाए। यह अदालत निचली अदालत के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें चालक को लापरवाही से तेज वाहन चलाने में दोषी ठहराया था। तेज गति के कारण चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और बस 18 नवम्बर 1997 को वजीराबाद पुल से यमुना नदी में गिर गई। अदालत ने स्कूल बस के चालक किरण पाल सिंह की अपील खारिज कर दी जिसे 11 सितम्बर 2017 को लापरवाही से तेज वाहन चलाने के लिए दो वर्ष जेल की सजा सुनाई गई थी। सत्र अदालत ने कहा कि लगता है कि 1997 की घटना से कोई सबक नहीं सीखा गया क्योंकि अभी तक काफी कुछ किया जाना है।

अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा संज्ञान लिए जाने और कुछ दिशानिर्देश तय किए जाने और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सर्कुलर जारी किए जाने के बावजूद अभी तक काफी कुछ किया जाना बाकी है क्योंकि पुलिस और स्कूल अधिकारियों सहित विभिन्न एजेंसियों द्वारा इन्हें नहीं लागू किया जाना चिंताजनक है।

## 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ'



**उल्लास के साथ किया गया गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित**

**मुंबई।** 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ गुरुवार को समूचे महाराष्ट्र में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। इसके साथ ही 10 दिनों तक चलने वाला गणेश उत्सव 'अनंत चतुर्दशी' के अवसर पर संपन्न हो गया। गणेश चतुर्थी के साथ दो सितंबर को गणपति उत्सव शुरू हुआ था। प्रतिमा विसर्जन के लिए मुंबई महानगर,राज्य की सांस्कृतिक राजधानी पुणे के विभिन्न मंडलों और प्रदेश के अन्य हिस्सों में ढोल-ताशों के साथ श्रद्धालुओं ने पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ झांकियां निकाली।

### नोटों से बनाई गणपति की प्रतिमा, बनी आकर्षण का केंद्र

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला शहर में 21 लाख रुपए के करंसी नोटों से बनी गणपति की 12 फुट ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। दिव्यांग कलाकार टिल्लू तावड़ी ने एक रुपए, 10 रुपए, 100, 200, 500 और 2000 रुपए के नोटों से यह प्रतिमा बनाई है। प्रतिमा वीर भगत सिंह गणेश उत्सव मंडल में रखी गई है। तावड़ी ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने यह प्रतिमा तीन दिन में बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रतिमा पूरी तरह से प्रकृति के अनुरूप है। इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि किसी भी करंसी नोट को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि 21 लाख रुपए के नोटों से बनाई गई प्रतिमा की रखवाली पुलिस दिन-रात कर रही है। बृहस्पतिवार को अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है लेकिन नोटों से बनी प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाएगा।

# दिल्ली-लखनऊ तेजस के यात्रियों के लिए 25 लाख का निःशुल्क रेल यात्रा बीमा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

■ **ट्रेन की पूरी जिम्मेदारी आईआरसीटीसी के कंधे पर होगी**

■ **कोई छूट, विशेष सुविधा या ड्यूटी पास नहीं होगा लागू, पांच साल से ज्यादा उम्र के बच्चों के लिए लेना होगा पूरा किराया**

आईआरसीटीसी अपनी पहली रेल सेवा दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस को प्रोमोट करने के लिए 25 लाख रुपये का निःशुल्क यात्रा बीमा देने, बेहद कम कीमत पर यात्रियों का सामान घर से स्टेशन लाने और फिर गंतव्य तक छोड़ने, आराम करने के लिए एक्सक्लूसिव लाउंज मुहैया कराने, टैक्सी और होटल की बुकिंग आदि की सुविधाएं मुहैया करा रही है। ऐसा पहली बार है जब किसी ट्रेन की पूरी जिम्मेदारी आईआरसीटीसी के कंधे पर होगी। गौरतलब है कि रेलवे ने यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रस्ताव रखा था कि वह 100 दिन के भीतर कुछ विशेष ट्रेनों का संचालन निजी ऑपरेटरों को सौंप सकती है। तेजस का संचालन आईआरसीटीसी को सौंपना इसी दिशा में एक कदम है। ट्रेन के संचालन से जुड़े दस्तावेज के अनुसार कि आईआरसीटीसी की दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले यात्रियों को 25 लाख रुपये का निःशुल्क यात्रा बीमा दिया जाएगा। इस ट्रेन के यात्रियों को लखनऊ जंक्शन पर प्रतीक्षालय और नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक्जिक्यूटिव लाउंज और बैठकों के लिए लाउंज की सुविधा उपलब्ध होगी। इन ट्रेनों में कोई छूट, विशेष सुविधा या ड्यूटी पास लागू नहीं होगा। पांच साल से ज्यादा उम्र के बच्चों के लिए पूरा किराया लगेगा। उसमें कहा गया है कि तत्काल कोटा की कोई सुविधा नहीं होगी। एक्जिक्यूटिव श्रेणी और एसी चेयर कार श्रेणी के प्रत्येक डिब्बे में पांच सीटें विदेशी पर्यटकों के लिए आरक्षित होंगी। दस्तावेज के अनुसार, इस ट्रेन का किराया डायनेमिक होगा और इसी मार्ग पर चलने वाली टैक्सी, बसों और विमान सेवाओं के साथ प्रतियोगी भी होगा। उसमें कहा गया है कि किराया मांग और भीड़ वाले तथा त्योहार के सीजन पर आधारित होगा।

# चुनाव आयोग से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

■ **सरकारी तंत्र पर हरियाणा सरकार के नियंत्रण का आरोप**

कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय चुनाव आयोग से मुलाकात करके हरियाणा के विधानसभा चुनाव में सत्ताधरी दल पर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस का आरोप है कि राज्य में चुनाव को देखते हुए जिस प्रकार से नियुक्तियां की जा रही हैं उनमें भाजपा से जुडे लोग ही शामिल है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा गुरुवार को केंद्रीय चुनाव आयोग से मुलाकात करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर उसी तरह का मुद्दा सामने आया है जिस प्रकार से जींद उपचुनाव में हरियाणा प्रदेश में नियुक्तियां की गई थी। उसी प्रकार आगामी विधानसभा में सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने के लिए नौकरियां निकाली गई है, ताकि लोकतंत्र की गरिमा के विपरीत उनका दुरुपयोग किया जा सके। चुनाव आयोग से की गई शिकायतों में प्रमुख रूप से आरोप लगाया गया कि हरियाणा स्टॉफ सिलेक्शन कमीशन में भाजपा से निकले हुए लोग ही पदाधिकारी हैं जिसमें भाजपा के पदाधिकारी, भाजपा सांसदों और मंत्रियों के सचिवों को ही वहां पदासीन किया गया है। मसलन हरियाणा सर्विस कमीशन को पूरी तरह से सरकार द्वारा नियंत्रित किया हुआ है।

## प्लास्टिक के कारण मर रहे पशुओं को लेकर सरकार हैं गंभीर : कटारिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि लाखों पशु प्लास्टिक के कारण मर रहे हैं और सरकार ने उसका गंभीर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की जयंती दो अक्टूबर को पूरा देश खुले में शौच से मुक्त हो जाएगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मौके पर एकल उपयोग प्लास्टिक के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी मुहिम छेड़ सकते हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम के मौके पर कहा कि बुधवार को मैं प्रधानमंत्री के साथ मथुरा में था। वहां लाखों पशु प्लास्टिक के कारण मर रहे हैं। सरकार ने उसका गंभीर संज्ञान लिया है और उस दिशा में कदम उठाये जायेंगे। एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल 2022 तक पूरी तरह समाप्त करने की कोशिश में जुटे प्रधानमंत्री दो अक्टूबर को कुछ चीजों पर पाबंदी की घोषणा कर सकते हैं। मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में लोगों से प्लास्टिक थैलियों का उपयोग नहीं करने और तकनीशियनों एवं उद्यमियों से प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के नवोन्मेषी तरीके इजाद करने की अपील की थी। केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री कटारिया ने कहा कि मोदी के स्वच्छ भारत मिशन शुरू करने के पहले संभवतः मैं भी स्वच्छता की जरूरत के बारे में वाकिफ नहीं था।






कठुआ। बीएसएफ के जवानों ने जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान एक ट्रक को हथियार और गोला बारूद के साथ किया जब्त।

### कुम्हारों को मिलेंगे 30,000 इलेक्ट्रिक चाक, रोजाना बनाये जा सकते हैं 2 करोड़ मिट्टी के बर्तन

# अब देश के 400 रेलवे स्टेशनों में मिट्टी के गिलास में मिलेगी चाय और लस्सी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेल यात्रियों को जल्दी ही 400 रेलवे स्टेशनों पर चाय, लस्सी और खाने- पीने का सामान मिट्टी से बने कुल्हड़, गिलास और दूसरे बर्तनों में मिलने लगेगा। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेल मंत्रालय ने 400 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को खाने-पीने का सामान मिट्टी से बने बर्तनों में उपलब्ध कराने का निर्णय किया है।

इस कदम से जहां एक तरफ स्थानीय और पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, प्लास्टिक के उपयोग पर अंकुश



लगेगा वहीं दूसरी तरफ कुम्हारों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। केवीआईसी के चेयरमैन विनय कुमार सक्सेना ने पत्रकारों से कहा कि रेलवे की इस पहल से उत्साहित आयोग कुम्हारों के बीच 30,000 इलेक्ट्रिक चाक का वितरण करने का फैसला किया है। साथ ही मिट्टी के बने सामानों को पुनर्चक्रमण और नष्ट करने के लिये मशीन (ग्राइंडिंग मशीन) भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि हम इस साल 30,000 इलेक्ट्रिक चाक दे रहे हैं। इससे रोजाना 2 करोड़ कुल्हड़ और मिट्टी के सामान बनाये जा सकते हैं। प्रक्रिया अगले 15 दिनों में शुरू हो जानी चाहिए।

केवीआईसी के बयान के अनुसार केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले महीने इस बारे में रेल मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ जैसे मिट्टी के बर्तन के उपयोग को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया था। उसके बाद केवीआईसी के चेयरमैन विनय कुमार सक्सेना ने भी इस संदर्भ में रेल मंत्री से मुलाकात की थी। उल्लेखनीय है कि रेलवे प्रयोग के तौर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी और रायबरेली रेलवे स्टेशनों पर इस साल जनवरी से मिट्टी के बने बर्तनों का उपयोग कर रहा था। इन दोनों स्टेशनों पर इस पहल से प्लास्टिक की समस्या से निपटने में मदद मिली है। केवीआईसी के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए रेलवे ने विभिन्न रेल मंडलों के सभी प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों और आईआरसीटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) को पत्र लिखकर स्थानीय रूप से उत्पादित पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से बने कुल्हड़, गिलास और प्लेट के उपयोग करने का निर्देश दिया है। इन सामानों का उपयोग देश के 400 रेलवे स्टेशनों पर किया जाएगा।

### तिरुचानुर रेलवे स्टेशन मार्च, 2020 से हो जाएगा शुरू

तिरुपति। दक्षिणी तट रेलवे जोन का तिरुचानुर रेलवे स्टेशन मार्च, 2020 से खुल जाएगा। इससे तिरुपति स्टेशन पर भीड़ में कमी आएगी। गुंटाकल संभाग के संभागीय रेलवे प्रबंधक (डीआरएम) आलोक तिवारी ने बताया कि ऐसी संभावना है कि इस स्टेशन का नाम 'तिरुपति ईस्ट' रखा जाएगा और इसका निर्माण 56 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। पहले यह लागत 32 करोड़ तय की गई थी। डीआरएम ने कहा कि तिरुपति स्टेशन हमेशा लाखों श्रद्धालुओं से भरा रहता है जो दुनिया के हर हिस्से से भगवान वेंकटेश्वर मंदिर के दर्शन करने आते हैं। तिरुचानुर रेलवे स्टेशन मार्च, 2020 से शुरू हो जाएगा, जिससे तिरुपति स्टेशन पर भीड़ कुछ कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन तिरुपति स्टेशन पर 75,000 से अधिक यात्री आते हैं। तत्कालीन रेलवे मंत्री सुरेश प्रभु ने 2016 में इस रेलवे स्टेशन के निर्माण के लिए आधारशिला रखी थी।

# कश्मीरी शिक्षण संस्थानों की नब्ज टटोलेंगे एमएचआरडी के अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाए जाने के करीब डेढ़ महीने के बाद यह पहला मौका होगा जब केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कश्मीर के उच्च-शिक्षण संस्थानों की नब्ज टटोलने के लिए वहां का दौरा करेगा। इसकी शुरुआत अगले सप्ताह से होगी। मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि इस दौरे की कमान विभाग में जम्मू-कश्मीर कैडर के एक संयुक्त-सचिव स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। इसके अलावा इसमें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। करीब दो दिनों तक यह लोग कश्मीर में मौजूद तमाम संस्थानों का दौरा कर उनके वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और उसके बाद लौटने पर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपेंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले महीने 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाली धारा-370 को समाप्त किए जाने के बाद से कश्मीर के श्रीनगर में मौजूद केंद्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जैसे दो महत्वपूर्ण उच्च-शिक्षण संस्थानों में पहले जैसी चहल-पहल नहीं है। उक्त दोनों संस्थानों में कुल दो हजार से अधिक छात्र इससे प्रभावित हैं। इसके अलावा उच्च-शिक्षण संस्थानों के विकास के लिए भविष्य में केंद्र द्वारा दिए जाने वाले विशेष पैकेज पर भी मंथन किया जाएगा। इसमें श्रीनगर में जल्द स्थापित किया जाने वाला आईआईएम का एक सैटेलाइट कैंपस भी शामिल है। इसके लिए मंत्रालय की ओर से कुल करीब 51 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की जानी है। वर्तमान में आईआईएम जम्मू में है।



# वांगा की अगली फिल्म के लिए रणबीर फाइनल

**मुंबई।** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी की सुपरहिट फिल्म 'कबीर सिंह' के डायरेक्टर संदीप वांगा अब अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। बताया गया है कि संदीप की यह अगली फिल्म एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिस में नजर आ सकते हैं रणबीर कपूर। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप ने इस फिल्म के लिए भूषण कुमार से मुलाकात की, जिन्होंने मुराद खेतानी और अश्विनी वरदे के साथ मिलकर 'कबीर सिंह' को प्रड्यूस किया था और इस फिल्म के लिए भी मुराद खेतानी से हाथ मिलाने की तैयारी है। सूत्र के मुताबिक, 'संदीप ने भूषण को फिल्म की कहानी सुनाई है और उन्हें यह फिल्म पसंद आई।

लाइफ Style

# सोनम

## आपको डील करना सीखना होगा

सोनम कपूर ने कहा कि इस बात से फर्क नहीं पड़ता है कि आप पुरुष हैं या महिला, जो भी अपने विचार रखता है उसे हर तरह की बातों का सामना करना पड़ता है। कोई आपकी बातों से सहमत होगा और कोई नहीं। ऐसे में आपको इनसे डील करना सीखना होगा।

एजेंसी ⏭ मुंबई

सोनम कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'जोया फैक्टर' के प्रमोशन्स में व्यस्त हैं। सोनम कपूर उन ऐक्ट्रेसस में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हैं। हालांकि, इसके लिए सोनम हमेशा ही ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं। कई बार सोनम उनको बुरा-भला कहने वालों को करारा जवाब भी देती हैं। सोनम कपूर ने हाल में एक इंटरव्यू में ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बात की है। आज के समय में स्टार्स फैन्स के साथ जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, स्टारडम के साथ कई ऐसी चीजें भी आती हैं जो आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसी ही एक परेशानी जो स्टार्स झेलते हैं वह है ट्रोलिंग। ट्रोल्स की बात करें तो सोनम कपूर सबसे ज्यादा ट्रोल्स झेलने वाले स्टार्स में से एक हैं। सोनम कपूर ने कहा कि इस बात से फर्क नहीं पड़ता है कि आप पुरुष हैं या महिला, जो भी अपने विचार रखता है उसे हर तरह की बातों का सामना करना पड़ता है। कोई आपकी बातों से सहमत होगा और कोई नहीं। ऐसे में आपको इनसे डील करना सीखना होगा। फैशन आइकन और बी-टाउन की खूबसूरत ऐक्ट्रेस में से एक सोनम कपूर रैंप पर हो या किसी मैग्जीन के कवर पेज पर, सभी का ध्यान अपनी खींचने में सफल हो ही जाती है। सोनम कपूर हमेशा फैशन के लिए जानी जाती हैं।




हॉलीवुड मसाला



# बिग बॉस-13 में खलीफा!

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले बिग बॉस की जल्द शुरुआत होने वाली है। बिग बॉस 13 को लेकर कई तरह के नाम सामने आ रहे हैं। अब पॉर्न इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हम सबके सामने आया है। यह नाम है पॉर्नस्टार मिया खलीफा का। खबर है कि मिया खलीफा ने बिग बॉस 13 के लिए अप्रोच किया है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बाजार में इस खबर के आते ही मिया खलीफा का एक पुराना ट्वीट सामने आया है।



# अली नजर आएंगे 'डेथ ऑन द नायल' में ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के ऐक्टर अली फजल ने कई हॉलीवुड की फेमस फिल्मों में काम किया है। अब उनके हाथ एक और बड़ी हॉलीवुड फिल्म लगी है जिसमें वह वंडर वुमन गैल गडॉट के साथ दिखाई देंगे। फिल्म में वह एक जासूस की भूमिका निभाएंगे। ज्ञात हो कि बॉलीवुड में कुछ ही ऐक्टर ऐसे हैं जो लगातार हिंदी फिल्मों के अलावा इंटरनेशनल फिल्मों में भी काम करते हैं। हाल के दिनों में ऐसे ऐक्टर्स में अली फजल का नाम भी शामिल हो गया है। जूडी डेंच के साथ 'विक्टोरिया ऐंड अब्दुल' में काम कर चुके अली के पास एक और बड़ा इंटरनेशनल प्रोजेक्ट आया है। अली इस बार एक जासूसी नॉवल 'डेथ ऑन द नायल' के अडैप्टेशन पर बनने वाली मूवी में दिखाई देंगे। इस फिल्म में भी अली की पिछली फिल्म की तरह बड़ी स्टार कास्ट दिखाई देगी।



# आमिर के फैसले से नाराज हैं तुनश्री

**मुंबई।** इंडिया में पिछले साल मीटू मूवमेंट का नारा बुलंद करने वाली ऐक्ट्रेस तनुश्री दत्ता एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार वजह हैं आमिर खान। दरअसल तनुश्री ने मीटू के आरोपी निर्देशक सुभाष कपूर के साथ काम करने के आमिर खान के फैसले पर हैरानी और दुख जताया है। वह आमिर खान के इस फिल्म को हां करने और इस हां को लेकर उनकी दी गई सफाई के बारे में जानकर हैरान हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो जब आमिर का पता चला था कि निर्देशक मीटू के केस में फंसे हैं तो उनके साथ काम करने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब दोबारा उनके साथ काम के लिए वह क्यों तैयार हुए इस सवाल पर उन्होंने कहा, 'मैं रात में सो नहीं पाया, क्योंकि मैं यह सोचता रहा कि मेरे काम की वजह से जाने-अनजाने किसी व्यक्ति का रोजगार छिन रहा है।



# सितंबर के अंत तक शुरू करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** हाल में बॉलीवुड ऐक्टर ऋषि कपूर एक साल से ज्यादा समय तक अपना इलाज कराने के बाद न्यूयॉर्क से वापस आ गए हैं। घर वापसी पर सभी लोगों ने बेहद गर्मजोशी से ऋषि कपूर का मुंबई में स्वागत किया है। अब ऋषि कपूर के फैन्स एक बार फिर उन्हें पर्दे पर ऐक्टिंग करते हुए देखना चाहते हैं। इस बारे में ऋषि कपूर ने अपने फैन्स को बता भी दिया है। ऋषि कपूर ने कहा कि सितंबर के अंत तक मैं शूटिंग शुरू कर दूंगा।' वैसे इलाज के लिए जाने से पहले पिछले साल ऋषि कपूर अपनी अगली फिल्म 'द बॉडी' की शूटिंग पूरी करके गए थे। इस फिल्म में इमरान हाशमी लीड रोल में दिखाई देंगे।


# क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

### ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मनं छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दु:ख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरुओं के महागुरु
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का I A to Z समाधान । हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### टॉवर

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

### फायनेंस

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### फायनेंस

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

### टॉवर

☞ अमेरिकन ग्रुप द्वारा निशुल्क जमीन, खेत, छत पर 4G टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख मासिक किराया 80,000/- + 1 नौकरी+ सैलरी 24000/- एग्रीमेंट सहित धोखेबाजों से सावधान 82780-38357 82781-16265

### लोन

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

☞ जनधन मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन पाए आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रापर्टी, पर्सनल, बिजनेस, ग्रुपलोन व समस्त लोन 1% ब्याज 50% छूट 74296-79558, 9429681655 महिलाओं, विद्यार्थियों, फौजियों को विशेष छूट (एजेन्ट आमंत्रित)

### आवश्यकता

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353


### ज्योतिष

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299


एक नजर ...



लखनऊ। बॉलीवुड अभिनेता करण देओल और अभिनेत्री साहेर बंबा फिल्म 'पल पल दिल के पास' के प्रचार के दौरान पोज देते हुए।



नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता दुलार सलमान और अभिनेत्री सोनम कपूर फिल्म 'द जोया फैक्टर' के प्रमोशन के दौरान इस तरह नजर आए।

# कई बीमारियों को दूर करते हैं ये चार ड्राई फ्रूट्स

यह सर्वविदित है कि एक बार जब आपका शरीर डायबिटीज की चपेट में आ जाता है, तब पूरी ज़िंदगी भी आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। इसके कारण लोग परेशान होते ही हैं, कई बार अपनी पसंद की चीजें खाने में असमर्थ भी हो जाते हैं।

यदि ब्लड प्रेशर के स्तर को ठीक से नियंत्रित नहीं किया जाता है, तो डायबिटीज भी घातक हो सकता है। गलत जीवनशैली और गलत खानपान के कारण भी लोगों को डायबिटीज हो जाता है.लेकिन इस बीमारी में आप कुछ ऐसी चीजें खा सकते हैं जो आपको नुकसान नहीं पहुंचाएंगी। यहां हम चार ऐसे ड्राई फ्रूट्स के बारे में बता रहे हैं जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सक्षम हैं।

**ब्लड शुगर कंट्रोल करने खाएं अखरोट:** अखरोट में विटामिन ई की प्रचूर मात्रा होती है. इनमें कैलरी भी कम होती है। अखरोट टाइप-2 डायबिटीज मरीजों के लिए फायदेमंद है। यह कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल करने में भी सहायक है। एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि वैसे लोग जो अखरोट खाते हैं उनमें टाइप-2 डायबिटीज का खतरा उनके मुकाबले कम रहता है जो अखरोट नहीं खाते हैं।



### डायबिटीज से बचने खाएं बादाम

बादाम के सेवन से ब्लड शुगर लेवल बढ़ने की समस्या पूरी तरह से नियंत्रित हो जाती है। एक अध्ययन के अनुसार बादाम खाने से शरीर में इंसुलिन का उत्पादन होता है। जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रण में रहता है। शुगर लेवल नियंत्रण में रहने से शरीर में किसी अन्य प्रकार का नुकसान नहीं होता और थकान भी महसूस नहीं होती।


### फायनेंस

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983


# 'खाली-पीली' की शूटिंग शुरू



**मुंबई।** फिल्म निर्माता अली अब्बास जफर ने बताया कि अभिनेता ईशान खट्टर और अभिनेत्री अनन्या पांडे की फिल्म 'खाली-पीली' की शूटिंग शुरू हो गई। अली इस फिल्म के निर्माता भी हैं। उन्होंने बुधवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें भी शेयर की। सुल्तान, टाइगर जिंदा है और भारत जैसी हिट फिल्मों के निर्देशन के लिए जाने वाले अली ने फिल्म के निर्माण के लिए जी स्टूडियो के साथ हाथ मिलाया है। वहीं ईशान ने भी इंस्टाग्राम पर शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी।


**सूचना**
मैं राजेश कुमार जून पुत्र अजीत सिंह निवासी मकान नंबर 1278, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-23ए फरीदाबाद सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री रुचिका मेरे कहे से बाहर है और वह मेरे व मेरे परिजनों की मर्जी के बिना अनिल नामक युवक से शादी करना चाहती है। मैंने व मेरे परिजनों ने रुचिका से संबंध विच्छेद कर लिए है तथा मैंने उसे अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में रुचिका के किसी भी लेन-देन या गतिविधि के लिए मैं या मेरा कोई भी परिजन जिम्मेदार नहीं होगा व स्वयं जिम्मेवार होगी।

## खबर संक्षेप

### कोल्लिडम नदी में नाव डूबी, तीन लोग लापता

**अरियलूर (तमिलनाडु)।** जिले में एक मंदिर उत्सव से लौट रहे लोगों की नौका बुधवार रात कोल्लिडम नदी में पलट गई, जिसके बाद से तीन लोग लापता हैं। नाव पर करीब 38 लोग सवार थे। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि उनमें से 24 लोग तैर कर सुरक्षित निकल आए जबकि 11 लोग नाव को पकड़कर डूबने से बचे रहे। उन्होंने बताया कि पड़ोसी मेलारमनाल्लुर गांव के लोगों ने उन्हें सुरक्षित निकाला। सभी 11 लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अभी भी तीन लोग लापता हैं। उनका पता लगाने की कोशिश जारी है।

### जम्मू-कश्मीर के सरपंच सरकार के फैसले के साथ

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद राज्य में सामान्य हालात बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बीच विभिन्न स्तरों पर विभिन्न संगठनों और निर्वाचित सदस्यों के साथ चर्चा की जा रही है। इसी कवायद के बीच केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री डा. जितेन्द्र के साथ यहां जम्मू-कश्मीर के सरपंचों ने चर्चा करते हुए इस बात का समर्थन किया कि अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास के अधिक अवसर मिलते नजर आ रहे हैं। नई दिल्ली में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के दूरस्थ गंदोह तहसील 16 सरपंचों समेत राज्य में निर्वाचित सरपंचों ने केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह से मुलाकात की।

### भारत, स्विट्जरलैंड के बीच हैं सहयोग की बढ़ी संभावनाएं: कोविंद

**बर्न।** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड के बीच बर्न से लेकर बेंगलुरु और अनुसंधान प्रयोगशालाओं से लेकर विनिर्माण इकाइयों तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की विपुल संभावनाएं हैं। राष्ट्रपति कोविंद ने प्रतिष्ठित 'बर्न विश्वविद्यालय' में भारत और स्विट्जरलैंड के बीच 'नए युग' की भागीदारी और विभिन्न सेक्टरों में सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। आइसलैंड, स्विट्जरलैंड और स्लोवेनिया की तीन राष्ट्रों की यात्रा के दूसरे चरण में कोविंद ने कहा कि यह एक विस्तृत विषय है। हम जिस डिजिटल दौर में हैं, उसके अनुसार ऐसा करना (सहयोग) स्वाभाविक है। यह हरित विकास, समुद्र से जुड़ी अर्थव्यवस्था, पर्यावरण बदलाव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार और स्मार्ट समाधान का दौर है।

### भरूच में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है नर्मदा नदी

**अहमदाबाद।** गुजरात के भरूच जिले में नर्मदा का जलस्तर खतरे के निशान से तीन फुट तक बढ़ने के बाद नदी के तट पर रहने वाले 3900 से ज्यादा लोगों को बीते तीन दिनों में सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि सरदार सरोवर बांध से सात लाख क्यूसेक पानी छोड़ने की वजह से नर्मदा का जलस्तर 31 फुट के निशान से ऊपर पहुंच चुका है । भरूच के जिलाधिकारी एमडी मोडिया ने बताया कि नदी का खतरे का निशान 28 फुट है लेकिन यह गोल्ड पुल पर 31.25 फुट पर बह रही है जो खतरे के निशान से तीन फुट ज्यादा है। यह पुल अंकलेश्वर को भरूच से जोड़ता है।

### बाघ ने युवक को शिकार बनाया

**जयपुर।** राजस्थान के करौली जिले में गुरुवार को खेत जा रहे एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया और बाद में जंगल में उसका शव मिला। करौली के वन उपसंरक्षक श्रवण कुमार ने बताया कि कैलादेवी वाइल्ड लाईफ क्षेत्र में घटना उस समय हुई जब एक बाघ ने जंगल क्षेत्र में खेत जा रहे 20 वर्षीय पिंटू पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना स्थल से कुछ मीटर की दूरी पर युवक का शव पाया गया। युवक के गले पर घाव पाये गये। उन्होंने बताया कि संभवतया टी—104 बाघ ने युवक पर हमला किया है। जंगल क्षेत्र में आने वाले खेतों के ग्रामीणों को अन्यत्र स्थानों पर स्थानांतरित अभी तक नहीं किया गया है।

---

### एआईसीसी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से किया आह्वान

# सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने के साथ सड़क पर भी उतरें कांग्रेसी

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अर्थव्यवस्था की स्थिति और 'सत्ता के दुरुपयोग' को लेकर बृहस्पतिवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने के साथ ही सड़क पर उतरकर संघर्ष करें तथा जनता से सीधा संपर्क स्थापित करें। पार्टी के महासचिवों-प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों और विधायक दल के नेताओं की बैठक में सोनिया ने देश की अर्थव्यवस्था के मौजूदा हालात पर चिंता जताई और यह आरोप लगाया कि मोदी सरकार में हर संस्था को कमजोर किया जा रहा है और विरोध की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे वक्त मिल रहे हैं जब प्रतिशोध की राजनीति अपने चरम पर है और यह वो समय है जब सत्ता के खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकी दी जा रही है। विरोध की आवाज को दबाया जा रहा है। सोनिया ने दावा किया कि लोकतंत्र को इतना खतरा कभी नहीं रहा। मैंने कुछ हफ्ते पहले भी कहा था कि सत्ता का बहुत ही खतरनाक ढंग से दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश उन ताकतों का मुकाबले करने को तैयार है जो महात्मा गांधी, सरदार पटेल और बी आर आंबेडकर के संदेशों को अपने हिसाब से गलत रूप में प्रस्तुत करती हैं। हमें इनका मुकाबला करने के लिए सड़कों पर उतरना होगा, गांव, कस्बों और शहरों में लोगों तक पहुंचना होगा।

**खास बात**

- अर्थव्यवस्था की स्थिति और 'सत्ता के दुरुपयोग' को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा



#### कांग्रेस की बैठक में नहीं शामिल हुए राहुल

सोनिया गांधी के कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शामिल नहीं हुए। जबकि इस बैठक में आगामी 3 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा के साथ कई अन्य अहम मामलों पर चर्चा होनी थी।

#### अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए दुष्प्रचार नहीं, ठोस नीति की जरूरत: राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस स्थिति को ठीक करने के लिए दुष्प्रचार की नहीं, बल्कि ठोस नीति की जरूरत है। एक अंग्रेजी दैनिक में छपे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साक्षात्कार का हवाला देते हुए गांधी ने यह भी कहा कि पहले सरकार को स्वीकार करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था को लेकर समस्या है।

#### अर्थव्यवस्था के मामले में भाजपा इतनी भ्रमित क्यों है?



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वाहनों की बिक्री में गिरावट को ओला एवं उबर से जोड़ने संबंधी बयान को लेकर बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर निशाना साधा और सवाल किया कि अर्थव्यवस्था के मामले में भाजपा इतनी भ्रमित क्यों है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि चुनाव के पहले बोला गया कि ओला-उबर ने रोजगार बढ़ाए हैं। अब बोला जा रहा है कि ओला-उबर की वजह से ऑटो सेक्टर में मंदी आ गई है।

#### 'आर्थिक मंदी' के खिलाफ अगले महीने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था के 'मुश्किल' हालात पर चिंता जताते हुए फैसला किया कि आर्थिक मंदी के खिलाफ अगले महीने पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में हुई महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं कई अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि आर्थिक मंदी के खिलाफ राज्य स्तर पर 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच आर्थिक मंदी पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में यह भी फैसला हुआ कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर राज्यों के स्तर पर पदयात्रा निकाला जाएगी, सदस्यता अभियान शुरू होगा और कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा।

---

### टीएमसी प्रमुख ने कोलकाता में निकाली रैली

## एनआरसी के नाम पर आग से न खेले केंद्र: ममता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



- असम की तरह बंगाल का मुंह नहीं बंद कर पाएंगे
- कहा, बंगाल को दोबारा बांटने की कोशिश मत करो

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असम में एनआरसी के खिलाफ कोलकाता में रैली निकाली और केंद्र को आगाह किया कि वह एनआरसी के नाम पर आग से नहीं खेले। इस दौरान केंद्र सरकार पर निशान साधते हुए सीएम ममता ने कहा कि आप अपनी पुलिस का उपयोग करके असम की तरह बंगाल का मुंह बंद नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अचानक आप हमें धर्म सिखा रहे हैं,जैसे कि हम ईद, दुर्गा पूजा, मुहर्रम और छठ पूजा नहीं मनाते हैं। ममता ने कहा कि बंगाल को दोबारा बांटने की कोशिश मत करो। अगर आज कहा जाता है कि हिंदी भाषी लोगों को महाराष्ट्र छोड़ देना चाहिए और बंगाली लोगों को उत्तर प्रदेश छोड़ देना चाहिए तो क्या यह काम करेगा? आग से मत खेलो। हम सभी राष्ट्र की रक्षा के लिए तैयार हैं। ममता ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में एनआरसी संबंधी प्रक्रिया कभी नहीं होने देंगे। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने भाजपा नेताओं को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के नाम पर पश्चिम बंगाल के एक भी नागरिक को छू कर दिखाने की चुनौती दी। एनआरसी के विरोध में की गई रैली में ममता ने कहा, हम बंगाल में एनआरसी प्रक्रिया को कभी इजाजत नहीं देंगे। धार्मिक एवं जातिगत आधार पर केंद्र द्वारा राज्य के लोगों को बांटने की इजाजत नहीं देंगे। ममता बंगाल तक ही नहीं रुकीं, उन्होंने असम को लेकर भी हमले किए।

#### सरकार सुनिश्चित करे कि एनआरसी में सभी को मिले न्याय : वामदल

वामदलों ने बृहस्पतिवार को सरकार से असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की अंतिम सूची में सभी नागरिकों के साथ न्याय हो सके, यह सुनिश्चित करने की मांग की है। माकपा और भाकपा सहित अन्य वामदलों ने संयुक्त बयान जारी कर शुरुआती रिपोर्टों के हवाले से दावा किया है कि एनआरसी की अंतिम सूची में व्यापक पैमाने पर भारतीय नागरिकों के नाम छूट गये हैं। बयान के अनुसार एनआरसी की अंतिम सूची में लगभग 19.06 लाख लोगों के नाम शामिल नहीं किये गये हैं।

---

*ईडी ने अदालत से कहा*

## वाड्रा के स्पेन जाने से जांच हो सकती है प्रभावित

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली की एक अदालत से कहा कि कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा को स्पेन और अन्य यूरोपीय देश जाने की अनुमति दी गयी तो वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। कारोबार के संबंध में 21 सितंबर से आठ अक्तूबर तक विदेश जाने की अनुमति देने के लिए वाड्रा की अर्जी का विरोध करते हुए एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार के सामने ये दलील दी। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत वाड्रा जांच का सामना कर रहे हैं। एजेंसी ने अदालत को बताया कि ऐसी आशंका है कि अगर उन्हें जाने की अनुमति दी गई तो आरोपी मामले में गवाह को प्रभावित कर सकते हैं और साक्ष्य को मिटा सकते हैं। एजेंसी ने कहा कि अर्जी देने का मकसद सबूतों से छेड़छाड़ करना और सह-आरोपियों से मिलना है। हालांकि, ईडी की दलील का विरोध करते हुए वाड्रा के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता के टी एस तुलसी ने कहा कि एजेंसी के आरोप बेबुनियाद हैं और आरोपी वापस आएंगे।



## सीबीआई ने तृणमूल सांसद की आवाज का नमूना परीक्षण किया

**कोलकाता।** सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने नारद स्टिंग ऑपरेशन के सिलसिले में बृहस्पतिवार को तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार की आवाज के नमूने का परीक्षण किया। सीबीआई ने ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस के जिन दस नेताओं और मंत्रियों को परीक्षण के लिए बुलाया है, उनमें काकोली घोष दस्तीदार भी शामिल हैं। यह स्टिंग आपरेशन मामला 2014 का है जिसमें नारद न्यूज पोर्टल के प्रमुख मैथ्यू सैमुअल को एक व्यवसायी के रूप में तृणमूल के मंत्रियों और नेताओं से फायदा लेने के लिए संपर्क करते हुए देखा गया तथा बदले में उन्हें नकद राशि देने की पेशकश की। 2016 में राज्य विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जारी एक वीडियो फुटेज में, बारासात लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल सांसद को सैमुअल से कथित तौर पर नकदी स्वीकार करते हुए देखा गया।



## मछुआरों ने भारतीय तटरक्षक बल पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**रामेश्वरम।** तमिलनाडु के मछुआरों के एक समूह ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास मछली पकड़ने के दौरान उनसे मार-पीट करने का आरोप लगाया। हालांकि समुद्री एजेंसी ने इस आरोप से इनकार किया है। तटरक्षक कमांडर (मंडपम क्षेत्र) जी मणि कुमार ने आरोपों का खंडन करते हुए बताया कि नियमित गश्त पर निकले चार कर्मियों की एक टीम ने मछुआरों को किनारे पर लौटने के लिए कहा क्योंकि उनके पास वैध पहचान-पत्र नहीं थे। घायल मछुआरों में से एक मुनीसबाबू ने दावा किया कि इस द्वीपीय शहर के लगभग 30 मछुआरे बुधवार को समुद्र में उतरे थे और आईएमबीएल के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी आईसीजी एक नौका के जरिये घटनास्थल पर पहुंचे।

*पूर्व इसरो प्रमुख ने कहा*

## 'चंद्रयान-2' का ऑर्बिटर 'बेहतर परिणाम' हासिल करने में सक्षम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख ए एस किरण कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि लैंडर 'विक्रम' और इसके भीतर मौजूद रोवर 'प्रज्ञान' से संपर्क टूट जाने के बावजूद 'चंद्रयान-2' का ऑर्बिटर 'बेहतर परिणाम' प्राप्त करने में सक्षम है। कुमार ने कहा कि अंतिम 'लैंडिंग' गतिविधि को छोड़कर अन्य सभी योजनाबद्ध गतिविधियां अक्षुण्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस बार का ऑर्बिटर महत्वपूर्ण उपकरणों से लैस है जो एक दशक पहले भेजे गए 'चंद्रयान-1' की तुलना में अधिक शानदार परिणाम देने पर केंद्रित हैं। कुमार ने कहा कि पूर्व में नासा जेपीएल से 'चंद्रयान-1' द्वारा ले जाए गए दो उपकरणों की तुलना में इस बार के उपकरण तीन माइक्रोन से लेकर पांच माइक्रोन तक की स्पेक्ट्रम रेंज तथा रडारों, दोनों के मामलों में 'शानदार प्रदर्शन' करने की क्षमता से लैस हैं। उन्होंने कहा कि एक सिंथेटिक अपर्चर रडार की जगह (इस बार) हमारे पास दो फ्रीक्वेंसी रडार हैं। इस तरह इसमें अनेक नयी क्षमताएं हैं। वास्तव में यह बेहतर परिणाम हासिल करने में हमारी मदद करेगा। पूर्व इसरो प्रमुख ने कहा कि हम शानदार परिणाम मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

---

### संबोधन...



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को जैव-आतंकवाद को मौजूदा गंभीर चुनौती बताते कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों को इससे निपटने के उपाय ढूंढने होंगे। इसमें एससीओ देशों की सशस्त्र सेनाओं के मेडिकल सेवा विभाग (एएफएमएस) मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। यह दुनिया के सामने खड़ा एक वास्तविक और गंभीर खतरा है। यह बातें रक्षा मंत्री ने राजधानी दिल्ली में आयोजित एससीओ के दो दिवसीय 'मिलिट्री मेडिसिन' सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर दिए अपने संबोधन में कही।

*बिगड़ी तबियत*

## कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार आरएमएल अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कर्नाटक कांग्रेस के संकट मोचक डीके शिवकुमार स्वयं संकट में घिरे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में चल रहे शिवकुमार की गुरुवार की शाम तबीयत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के बाद शिवकुमार को दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस समय शिवकुमार की तबीयत बिगड़ी और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा, उस समय उनकी बेटी से ईडी पूछताछ कर रही थी। बताया जाता है कि शिवकुमार की बेटी ऐश्वर्या से उनके सिंगापुर दौरे के संबंध में पूछताछ की जा रही थी। जुलाई 2017 के जिस सिंगापुर दौरे को लेकर ईडी पूछताछ कर रही है, उसे शिवकुमार ने बिजनेस दौरा बताया था। गौरतलब है कि शिवकुमार को ईडी ने तीन सितंबर को हिरासत में लिया था।



*एफसीआर मामला*

## दीपक तलवार की करीबी सहयोगी सहित चार हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कॉरपोरेट लॉबिस्ट दीपक तलवार की एक करीबी सहयोगी यास्मीन कपूर सहित चार लोगों को विदेशी चंदा नियमन कानून (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन मामले में एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह मामला 'एडवांटेज इंडिया' नाम के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) को विदेशी चंदा के जरिए मिले 90 करोड़ रूपये के कथित गबन से जुड़ा है। यह एनजीओ तलवार का है। मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट नवीन कुमार कश्यप ने यास्मीन, तरूण कपूर, प्रदीप सूद और जतिन वढेरा को जेल भेज दिया, जबकि उनकी गिरफ्तारी की प्रकिया पर सीबीआई से शुक्रवार तक स्पष्टीकरण मांगा। सीबीआई द्वारा चारों आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में दिए जाने के अनुरोध पर अदालत ने यह आदेश दिया।



---

*फेसबुक का मुकेश अंबानी को जवाब*

## डेटा कोई तेल नहीं, इसे देश के भीतर नहीं रोका जाना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक इंक ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जवाब देते हुए कहा कि डेटा कोई नया तेल नहीं है। भारत जैसे देशों को डेटा को देश में ही रोकने के बजाय इसके दूसरे देशों में मुक्त प्रवाह की अनुमति देनी चाहिए। फेसबुक के उपाध्यक्ष (विदेश मामले एवं संचार) निक क्लेग ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से डेटा साझा करना अहम है। गंभीर अपराध और आतंकवाद पर शिकंजा कसने के बीच भारत खुद को प्रमुख वैश्विक डेटा - साझाकरण पहलों से बाहर रखता है। उन्होंने कहा कि भारत को इंटरनेट के लिए एक नया खाका तैयार करना चाहिए जो व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करता हो। साथ ही प्रतिस्पर्धा और नवाचार को प्रोत्साहित करे और सभी के लिए मुक्त और आसानी से उपलब्ध हो। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कुछ समय पहले कहा था कि डेटा एक नए तेल की तरह है। भारतीय डेटा का नियंत्रण और स्वामित्व भारतीय लोगों के पास होना चाहिए, डेटा कंपनियों या विशेष रूप से विदेशी कंपनियों के पास नहीं।



*सीबीएसई ने जारी किया नया फरमान*

# पहली से दसवीं कक्षा तक कला शिक्षा होगी अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कहा है कि कक्षा एक से 10 तक बोर्ड के स्कूलों में सह शैक्षणिक क्षेत्र के रूप में कला शिक्षा अनिवार्य होगी। बोर्ड की अध्यक्ष अनिता करवाल ने बताया कि कला समेकित शिक्षा प्रायोगिक ज्ञान की ओर पहल' के तहत कक्षा एक से 10 तक कला शिक्षा को अनिवार्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जब कला शिक्षा के साथ एकीकृत होती है तो यह अवधारणाओं और विषयों की गहन समझ के लिए बच्चों में कला अधारित जिज्ञासा, जांच एवं अन्वेषण, महत्वपूर्ण सोच और रचनात्मकता को आगे बढ़ाने में मदद करती है । सीबीएसई के कला प्रवेशिका दिशानिर्देशिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के उद्देश्यों को पूर्णतः प्राप्त करने के लिये कला एकीकरण अत्यंत आवश्यक प्रक्रिया है। इस पहल के तहत बोर्ड द्वारा जारी हस्तपुस्तिका में यह बताया गया है कि कला, पाठ्यक्रम के एक अभिन्न अंग के रूप में जारी रहेगी । एक सह शैक्षणिक क्षेत्र के रूप में कक्षा एक से 10 के लिये यह अनिवार्य होगी । विद्यालयों को यह निर्देश दिये जा रहे हैं कि वे माध्यमिक और उच्च मध्यमिक सतर पर विषयों के रूप में दृश्य और प्रदर्शन कला को बढ़ावा दें । कला को कक्षा एक से 12 तक की कक्षाओं के शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए ताकि पठन पाठन को रटने वाले तरीके से दूर किया जा सके और पाठ्यक्रम को समृद्ध बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल को शैक्षणिक सत्र 2019-20 से अमल में लाने पर जोर दिया गया है जिसका उद्देश्य बच्चों को विभिन्न मीडिया और तकनीकों एवं उनके रचनात्मक उपयोग के लिये सार्थक प्रस्तुति से परिचित करना है। इसके तहत कला एकीकरण की गतिविधियां भी तैयार की गई हैं जिसमें कला प्रदर्शनी, भूमिका निर्वाह, वीडियो/ फिल्म तैयार करना, फोटोशाप एवं अन्य एप के माध्यम से डिजाइन तैयार करना शामिल है।




#### आठवीं कक्षा से 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय शुरू करने की सीबीएसई की पहल

सीबीएसई ने बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में आठवीं कक्षा से 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय को प्रेरक पहल के तहत शुरू करने का फैसला किया है। सीबीएसई ने 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का पाठ्यक्रम भी तैयार कराया है। इसे 'इंटेल' की मदद से तैयार किया है। सीबीएसई की अध्यक्ष अनिता करवाल ने कहा कि हमने शैक्षणिक सत्र 2019-20 से 9वीं कक्षा से वैकल्पिक विषय के रूप में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' को शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही आठवीं कक्षा में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय को पेश करने जा रहे हैं। करवाल ने बताया कि अब तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कहीं भी सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम नहीं बना।

## खबर संक्षेप

### लिब्रा क्रिप्टोकरेंसी के विकास को रोकेगा फ्रांस

**पेरिस।** फ्रांस ने चेतावनी दी है कि वह फेसबुक की प्रस्तावित लिब्रा क्रिप्टोकरेंसी पर यूरोप में रोक लगाएगा। फ्रांस का कहना है कि लिब्रा से सरकारों की मौद्रिक संप्रभुत्ता को खतरा उत्पन्न होता है। फ्रांस के वित्त मंत्री ब्रूनो ली मेयर ने आभासी एवं क्रिप्टो करेंसी के बारे में ओईसीडी के एक सम्मेलन में कहा, मैं पूरी तरह से स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी की परिस्थितियों में हम यूरोपीय जमीन पर लिब्रा के विकास का अधिकार नहीं दे सकते हैं।




### यामाहा का चेन्नई में 3 साल का वेतन समझौता

**नई दिल्ली।** दोपहिया कंपनी इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) प्राइवेट लि. ने अपने चेन्नई कारखाने के कर्मचारियों के साथ तीन साल का वेतन समझौता किया है। कंपनी ने कहा है कि इस वेतन करार को पिछली तारीख यानी एक अप्रैल, 2019 से लागू किया जाएगा। यह समझौता 31 मार्च, 2022 तक के लिए है। कंपनी ने हालांकि, कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि का ब्योरा नहीं दिया है।

### हीरानंदानी 1,000 करोड़ रु. का निवेश करेगी

**चेन्नई।** रीयल्टी कंपनी हीरानंदानी ग्रुप चेन्नई में 115 एकड़ का औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास पर 1,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। साथ ही कंपनी वेस्टास के लिए विंड टर्बाइन विनिर्माण इकाई भी स्थापित करेगी। हीरानंदानी ग्रुप की कंपनी ग्रीन बेस वेस्टास इंडिया के लिए विंड टर्बाइन पार्क और भंडारण सुविधा का निर्माण कर रही है। यह पार्क चेन्नई के ओरागडम में लगाया जा रहा है।

### वोडाफोन आइडिया की कर्नाटक में टर्बोनेट सेवा

**बेंगलुरु।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कर्नाटक में टर्बोनेट 4जी की शुरुआत करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसने राज्य में पूर्ववर्ती कंपनियों वोडाफोन और आइडिया के नेटवर्क का सफल एकीकरण कर लिया है। कंपनी ने कहा कि टर्बोनेट 4जी सेवा पाने के मामले में बेंगलुरू देश का पहला मेट्रो शहर बन गया है। इसके अलावा यह सेवा मैसुरू, मंगलुरू, बेलगावी, हुबली और दवनगेरे जैसे शहरों में भी यह शुरू हो चुकी है।

### हैरिटेज फूड्स का ऋण देने बैंकों से गठजोड़

**हैदराबाद।** प्रमुख डेयरी कंपनी हेरिटेज फूड्स लिमिटेड ने कहा कि उसने भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के देश भर में मौजूद शाखाओं के माध्यम से किसानों को डेयरी ऋण प्रदान करने के लिए इन बैंकों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। वह इस वित्तीय सुविधा के तहत निकाले गये सारे दूध को खरीदने का काम सुनिश्चित करती है।

# डेटा कोई तेल नहीं, इसे देश के भीतर नहीं रोका जाना चाहिए : क्लेग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फेसबुक इंक ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को जवाब देते हुए कहा कि डेटा कोई नया तेल नहीं है। भारत जैसे देशों को डेटा को देश में ही रोकने के बजाय इसके दूसरे देशों में मुक्त प्रवाह की अनुमति देनी चाहिए।

■ फेसबुक का मुकेश अंबानी को जवाब, मुक्त प्रवाह की अनुमति दे

फेसबुक के उपाध्यक्ष (विदेश मामले एवं संचार) निक क्लेग ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से डेटा साझा करना अहम है। गंभीर अपराध और आतंकवाद पर शिकंजा कसने के बीच भारत खुद को प्रमुख वैश्विक डेटा - साझाकरण पहलों से बाहर रखता है।

## अंबानी ने कहा था, डेटा का नियंत्रण व स्वामित्व भारतीय लोगों के पास रहे

### सीमा के भीतर रखने से समृद्धि नहीं आएगी

क्लेग ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'भारत और पूरी दुनिया में ऐसे कई लोग हैं जो डेटा को नया तेल समझते हैं और उनका मानना है कि इस तरह के तेल (डेटा) के भंडार को देश की सीमा के भीतर रखने से समृद्धि आएगी। हालांकि, यह मानना सरासर गलत है।'



**डेटा एक विशाल समुद्र की तरह :** फेसबुक के उपाध्यक्ष ने कहा, 'डेटा कोई तेल नहीं है। जिसे जमीन से निकाल कर उसका नियंत्रण अपने हाथ में रखा जाए और उसका कारोबार किया जाए। यह नवाचार के विशाल समुद्र के रूप में है।'

### डेटा का अधिकार विदेशी कंपनी के पास न हो

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कुछ समय पहले कहा था कि डेटा एक नए तेल की तरह है। भारतीय डेटा का नियंत्रण और स्वामित्व भारतीय लोगों के पास होना चाहिए, डेटा कंपनियों या विशेष रूप से विदेशी कंपनियों के पास नहीं।

### भारत इंटरनेट के लिए नया खाका तैयार करे

क्लेग ने कहा, 'भारत को इंटरनेट के लिए एक नया खाका तैयार करना चाहिए जो व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करता हो। साथ ही प्रतिस्पर्धा और नवाचार को प्रोत्साहित करे और सभी के लिए मुक्त और आसानी से उपलब्ध हो।'

### देश की सीमा में बांध कर ना रखे डेटा

क्लेग ने कहा कि डेटा का मूल्य 'जमाखोरी' या फिर सीमित वस्तु की तरह इसका कारोबार से नहीं प्राप्त होता है बल्कि डेटा के मुक्त प्रवाह की अनुमति दी जानी चाहिए। यह नवाचार को बढ़ावा देता है। क्लेग ने कहा कि डेटा को देश के सीमा के बांधकर रखने और दूसरे देश में उसके प्रवाह को रोकने से यह नवाचार रूपी विशाल समुद्र को झील में बदल देगा।

## प्रस्ताव : प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी देनी चाहिए : पासवान

# मंत्रालय को दीवाली से पहले सोने की हॉलमार्किंग अनिवार्य करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय को दीवाली से पहले स्वर्ण आभूषणों के लिए बीआईएस हॉलमार्किंग अनिवार्य करने के प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी देनी चाहिए।

वर्तमान में सोने की हॉलमार्किंग स्वैच्छिक है। इसे बहुमूल्य धातु की शुद्धता का प्रमाण माना जाता है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) हॉलमार्किंग की देखरेख करने वाला प्रशासनिक प्राधिकरण है। सोने के आभूषण के लिए उसे हॉलमार्किंग के तीन ग्रेड - 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट तय किए हैं। ] मंत्रालय डब्ल्यूटीओ को सूचित कर अधिसूचना जारी कर सकता है

■ देश में केवल 40 प्रतिशत आभूषणों की 'हॉलमार्किंग'

हालांकि, वाणिज्य मंत्रालय विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को सूचित करने के बाद किसी भी अनिवार्य विनियमन को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर सकता है। पासवान ने कहा, 'हमने सोने के आभूषणों के लिए अनिवार्य हॉलमार्किंग की अनुमति देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। उपभोक्ताओं के हित में इसे दिवाली से पहले प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी दी जानी चाहिए।'

### भारत प्रतिवर्ष 700-800 टन सोने का आयात करता है, आयात के मामले में देश का दूसरा नंबर

**खास बातें**

- वर्तमान में सोने की हॉलमार्किंग स्वैच्छिक है
- बहुमूल्य धातु की शुद्धता का प्रमाण माना जाता है
- हॉलमार्किंग के तीन ग्रेड - 14 कैरेट, 18 कैरेट और 22 कैरेट तय




### 2016 में किया गया था प्रावधान

*पासवान ने कहा कि नए बीआईएस अधिनियम, 2016 में हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के प्रावधान किए गए हैं। यह मुद्दा बीआईएस, नीति आयोग और वाणिज्य विभाग सहित 14 अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 'मानक निर्धारण और कार्यान्वयन' पर विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई बैठक में चर्चा के लिए आया था।*

### देश भर में लगभग 800 हॉलमार्किंग केंद्र

वर्तमान में, देश भर में लगभग 800 हॉलमार्किंग केंद्र हैं और केवल 40 प्रतिशत आभूषणों की 'हॉलमार्किंग' की जाती है। दिवाली त्योहार के समय सोने के आभूषणों की मांग अधिक होती है। भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक देश है, जो मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है। मात्रा के संदर्भ में, देश प्रतिवर्ष 700-800 टन सोने का आयात करता है।

### 'एक राष्ट्र, एक मानक' पर हो रहा काम

केंद्र सरकार उपभोक्ताओं के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद एवं सेवाएं सुनिश्चित करने के वास्ते 'एक राष्ट्र, एक मानक' पर गंभीरता से काम कर रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने इसकी जानकारी दी।

### मानक ब्यूरो की बैठक के बाद दी जानकारी

पासवान ने मानक को लेकर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस), नीति आयोग तथा वाणिज्य और एफएसएसएआई समेत 14 अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। अभी बीआईएस एकमात्र राष्ट्रीय इकाई है जो मानक तय करती है।

### 20 हजार से अधिक मानक तय

इसने अभी तक विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लिए 20 हजार से अधिक मानक तय किए हैं। इसके अलावा करीब 50 अन्य एजेंसियां हैं जिन्होंने करीब 400 मानक तय किए हैं। पासवान कहा, "एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड की तरह ही हम देश में उत्पादों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 'एक देश, एक मानक' की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।"

### एक ही सेवा के लिए देश में कई मानक

पासवान ने कहा कि फिलहाल देश में एक ही उत्पाद या सेवा के लिए कई मानक विद्यमान हैं। हमारा उद्देश्य है कि इन सभी को बीआईएस के साथ मिला दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक समान राष्ट्रीय मानक से अधिक उत्पादों के लिये इसे अनिवार्य बनाने में मदद मिलेगी। उपभोक्ता मामलों के सचिव अविनाश के. श्रीवास्तव ने कहा कि अन्य विभागों के पास अपने अलग मानक हैं।

## शेयर बाजारों में तेजी थमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

औद्योगिक वृद्धि और मुद्रास्फीति जैसे वृहद आर्थिक आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली से सेंसेक्स 166.54 अंक गिरकर बंद हुआ। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिनभर के कारोबार में भारी उतार - चढ़ाव के बाद 166.54 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,104.28 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 52.90 अंक यानी 0.48 प्रतिशत गिरकर 10,982.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन और मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले घरेलू निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को 15 दिन टालने के बाद विवाद सुलझने की उम्मीदों के बीच वैश्विक मोर्चे पर शेयर बाजार में तेजी रही।



**लाभ में रहे :** सेंसेक्स के शेयरों में यस बैंक में सबसे ज्यादा 5.10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को इसमें सबसे ज्यादा तेजी दर्ज की गई थी। वहीं, टाटा मोटर्स, मारुति, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज ऑटो, एशियन पेंट्स, आईटीसी, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस और टीसीएस में 4.76 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

### सोना टूटकर 38,775 रु. प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपए के मजबूत होने से दिल्ली सराफा बाजार में सोना 74 रुपए टूटकर 38,775 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चांदी में भी मामूली दस रुपए की गिरावट आई और यह 48,590 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि दिल्ली में 24 कैरट (99.9 प्रतिशत शुद्धता) सोने का भाव 74 रुपए की गिरावट के साथ 38,775 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गया। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया 36 पैसे की बढ़त के साथ 71.30 रुपए प्रति डॉलर पर चल रहा था। पटेल ने कहा कि सोने के खरीदार त्योहारी और शाही ब्याज के सीजन की मांग से पहले इसकी कीमतों में कुछ 'करेक्शन' का इंतजार कर रहे हैं।

**चांदी 48,600 रु. किलो:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में, न्यूयॉर्क में सोना बढ़त के साथ 1,490 डॉलर प्रति औंस तथा चांदी भी लाभ के साथ 18.10 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी। दिल्ली में बुधवार को सोना 38,849 रुपए प्रति दस ग्राम और चांदी 48,600 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# निर्यातकों को विदेशी मुद्रा में सस्ता कर्ज देने के लिए जल्द नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने निर्यातकों को कर्ज में गिरावट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यातकों को सस्ती दर पर विदेशी मुद्रा में कर्ज देने के लिए जल्द ही दिशानिर्देश जारी करेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि अगले पांच साल में देश का कुल निर्यात 1,000 अरब डॉलर को पार पहुंचाना होगा। व्यापार बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, 'हम निर्यात कर्ज में गिरावट से चिंतित हैं। हम जल्द ही इस मुद्दे के समाधान के लिये कार्यक्रम की रूपरेखा लाएंगे जो विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों की मदद करेगा।' गोयल ने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए निर्यातकों को प्रतिस्पर्धी दर पर विदेशी मुद्रा कर्ज सुलभ होगा। इसकी ब्याज दर संभवतः 4 प्रतिशत से कम होगी।

■ विदेशी मुद्रा में कर्ज देने के लिए जल्द ही दिशा निर्देश

### डंपिंग रोधी नियम, अधिसूचित



गोयल ने यह भी कहा कि मंत्रालय नये डंपिंग रोधी नियम इस महीने अधिसूचित करेगा। साथ ही मंत्री ने राज्यों से व्यापार बोर्ड की बैठकों में अपने प्रतिनिधियों को भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्यों और मंत्रालयों की भागीदारी से हमारे सहयोग का निर्धारण होगा।

### समय पर सूचना नहीं देना गंभीर मामला

गोयल ने कहा, 'अगर वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के मंत्री यहां नहीं हैं, तो यह गंभीर चिंता का कारण है। मैं इस बारे में संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर सकता हूं।' उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अगर निर्यात से संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों से कोई बिना किसी वैध कारण के नहीं आता है और उस बारे में समय पर सूचना नहीं देता है तो मैं इसे गंभीरता से लूंगा।

# नई प्रणाली में नहीं होगा करदाता अधिकारी का आमना- सामना

एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि अगले महीने से कर आकलन की आनलाइन नई प्रणाली के तहत करदाता- अधिकारी के बीच सीधे आमना-सामना नहीं होगा।

इससे कर विभाग में भ्रष्टाचार समाप्त करने में मदद मिलेगी। आनलाइन प्रौद्योगिकी आधारित यह व्यवस्था अक्टूबर से लागू होने जा रही है। ठाकुर ने यहां स्थानीय उद्योग के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 5,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने के लिए बुनियादी ढांचा क्षेत्र में 100 लाख करोड़ रुपए के निवेश की जरूरत होगी। बाद में बातचीत में उन्होंने कहा कि करदाता और कर अधिकारियों को अब सीधे एक दूसरे के आमने सामने आने की जरूरत नहीं होगी। इस कदम का मकसद कर विभाग में भ्रष्टाचार को समाप्त करना है। इस पहल की घोषणा बजट में की गई थी।




विजयदशमी के दिन यानी आठ अक्टूबर को यह व्यवस्था लागू होने जा रही है। मंत्री ने कहा कि आकलन अधिकारी करदाता की पहचान नहीं जान पाएगा। वह सिर्फ आनलाइन दाखिल रिटर्न और प्रौद्योगिकी प्लेटफार्म के जरिये करदाता के ब्योरे की जांच करेगा। उन्होंने इसे एक उल्लेखनीय सुधार और महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि इससे कर आकलन में खुलापन आएगा।

# आर्थिक मंदी में ओला, उबर की बड़ी भूमिका नहीं :मारुति

**गुवाहाटी।** युवा आबादी में ओला, उबर सेवाओं का इस्तेमाल बढ़ना आर्थिक मंदी का कोई ठोस कारण नहीं है बल्कि इसके विपरीत इस संबंध में किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए एक विस्तृत अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है।

■ कार खरीदने को लेकर धारणा में अभी भी कोई बदलाव नहीं

देश के सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारूति सुजुकी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहा है। मारूति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के विपणन और बिक्री विभाग के कार्यकारी निदेशक शशांक श्रीवास्तव ने यहां बताया कि भारत में कार खरीदने को लेकर धारणा में अभी भी कोई बदलाव नहीं आया है और लोग अपनी आकांक्षा के तहत कार को खरीदते हैं।

### कई कारणों में से एक

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा था कि ज्यादातर लोगों की सोच में बदलाव आया है जो अब मासिक किस्तों की अदायगी करते हुए एक कार खरीदने की जगह ओला और उबर जैसे टैक्सी सेवा का लाभ लेना पसंद करते हैं और यह आटो मोबाइल क्षेत्र में मंदी के कई कारणों में से एक है।



**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल और टाटा मोटर्स पार्टनर ने 'डीजल भरो-ट्रक जीतो' अभियान का शुभारंभ किया। औपचारिक तौर पर शुभारंभ गुरमीत सिंह, निदेशक (मार्केटिंग), इंडियन ऑयल और आरटी वासन, उपाध्यक्ष, बिक्री एवं विपणन वाणिज्यिक वाहन, टाटा मोटर्स द्वारा मुंबई-पुणे राजमार्ग पर किया गया।

## टोयोटा किर्लोस्कर ने उतारा फॉर्च्यूनर का नया संस्करण

**नई दिल्ली।** वाहन निर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) फॉर्च्यूनर का सीमित संस्करण बाजार में उतारा जिसकी शोरूम में कीमत 33.85 लाख रुपए है। कंपनी ने इस एसयूवी के भारतीय बाजार में उतरने का एक दशक हो जाने के उपलक्ष्य में यह संस्करण उतारा है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नया फॉर्च्यूनर टीआरडी 'सेलीब्रेटरी एडिशन' को टोयोटा रेसिंग डेवलपमेंट ने डिजायन एवं तैयार किया है। यह ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ डीजल इंजन के साथ उपलब्ध होगी।

## अर्थव्यवस्था के लिए दो मोर्चे से आई बुरी खबर

# खुदरा महंगाई बढ़ी, उद्योगों की रफ्तार घटी

- जुलाई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर 4.3 फीसदी रही
- अगस्त में रिटेल मुद्रास्फीति दर बढ़कर 3.21 फीसदी पहुंची, यह 10 माह के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक सुस्ती से जूझ रही अर्थव्यवस्था के लिए दो मोर्चे से बुरी खबर आई है। जुलाई में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर 4.3 फीसदी रही, जो एक साल पहले इसी महीने में यह 6.5 प्रतिशत थी। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापी जाने वाली औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर में यह गिरावट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण आई है। वहीं, खाद्य कीमतें बढ़ने से पिछले महीने खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता महंगाई सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर अगस्त में बढ़कर 3.21 फीसदी पर पहुंच गई, जो 10 महीने का उच्च स्तर है। एक महीने पहले जुलाई 2019 में यह दर 3.15 फीसदी पर थी। हालांकि बढ़ोतरी के बावजूद ताजा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सुविधाजनक दायरे के नीचे है। एक साल पहले यानी, अगस्त 2018 में खुदरा महंगाई दर 3.69 फीसदी थी।

### विनिर्माण क्षेत्र में रही सुस्ती

इस साल जून की यदि बात की जाए तो औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 1.2 फीसदी रही, इस लिहाज से जुलाई में यह बढ़कर 4.3 फीसदी पर पहुंच गई। इससे पहले मई में यह 4.6 फीसदी दर्ज की गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 3.3 फीसदी रही जो, 2018- 19 की इसी इसी अवधि में 5.4 फीसदी रही थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में 4.9 फीसदी रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 3.4 फीसदी रही थी। इसी अवधि में बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 4.8 फीसदी रही है, जो जुलाई 2018 में 6.6 फीसदी रही थी। आईआईपी में सुस्ती वजह इसमें शामिल विनिर्माण क्षेत्र की नरमी रही। जुलाई में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 4.2 फीसदी रही, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 7 फीसदी रही थी। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में जुलाई महीने में 7.1 फीसदी की कमी देखी गई, जबकि पिछले साल जुलाई में इसमें 2.3 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई थी। टिकाऊ उपभोक्ता सामान और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता सामानों के वर्ग में क्रमशः 2.7 फीसदी की गिरावट और 8.3 फीसदी की वृद्धि रही। उपभोग आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जुलाई 2018 के मुकाबले जुलाई 2019 में प्राथमिक वस्तुओं में 3.5 फीसदी, माध्यमिक वस्तुओं में 13.9 फीसदी और अवसंरचना, निर्माण संबंधित वर्ग में 2.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। विनिर्माण क्षेत्र के 23 में से 13 औद्योगिक समूहों में जुलाई महीने में वृद्धि दर्ज की गई।

### खाद्य महंगाई दर 2.99 फीसदी

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक खाद्य महंगाई दर अगस्त में 2.99 फीसदी रही, जो जुलाई में 2.36 फीसदी थी। हर दो महीने पर होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा में आरबीआई खुदरा महंगाई के आंकड़ों का ही इस्तेमाल करता है। महंगाई दर में बढ़ोतरी से बाजार में आरबीआई की मुख्य ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटेगी। अगस्त 2018 में खुदरा महंगाई दर 3.69 फीसदी रही थी। केंद्र सरकार ने आरबीआई से महंगाई दर लगभग चार फीसदी के दायरे में रखने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### कांगो में ट्रेन हादसे में 50 लोगों की मौत

**लुबुमबशी (डी आर कांगो)।** दक्षिणपूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में बृहस्पतिवार को एक ट्रेन के पटरी से उतर जाने से 50 लोगों की मौत हो गई। मानवीय कार्यों के मंत्री स्टीव एमबिकयी ने एक ट्वीट में इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि एक और हादसा! मयीबारिदी के पास तंगानयिका (प्रांत) में सुबह तीन बजे एक ट्रेन पटरी से उतरी। अनुमानित आंकड़ाः 50 की मौत और कई अन्य घायल।

### द. सूडान में सेवा के लिए भारत के 17 यूएन शांतिदूत सम्मानित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के तहत दक्षिणी सूडान में तैनात भारत के 17 शांतिदूतों को सम्मानित किया गया है। भारतीय पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त राष्ट्र और दक्षिणी सूडान के लोगों की करीब एक साल तक सेवा की। यहां उनकी ड्यूटी में विस्थापित नागरिकों की सुरक्षा करना, समुदाय स्तर पर व्यवस्था बनाना और स्थानीय पुलिस के कौशलों का विकास करना शामिल था। दक्षिणी सूडान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने मंगलवार को ट्वीट किया कि 17 भारतीय शांति दूतों को दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र पुलिस अधिकारियों के रूप में दी गई सेवा के लिए मेडल से सम्मानित किया गया। दक्षिणी सूडान में भारतीय राजदूत एस डी मूर्ति ने कहा कि हम यहां इस देश में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हैं।

### चीन में तीन उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को तीन उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इनसे आपदा रोकथाम, शहरी निर्माण एवं ध्रुवीय क्षेत्रों की निगरानी करने तथा वैश्विक जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में मदद मिलेगी। उत्तर चीन के शांक्शी प्रांत स्थित ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक संसाधन उपग्रह और दो छोटे उपग्रहों को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बज कर 26 मिनट पर एक लॉन्ग मार्च-4बी कैरियर रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। संसाधन उपग्रह जेडवाई-1 02डी का विकास चाइना एकेडमी ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी ने किया है और यह चीन के अंतरिक्ष आधारित बुनियादी ढांचे का एक अहम हिस्सा है।

## यूएन में कश्मीर का ध्रुवीकरण करने का पाक का प्रयास हुआ खारिज

# एक ही झूठ को बार-बार दोहराने से सच नहीं बदलेगाः भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में कश्मीर के ध्रुवीकरण एवं राजनीतिकरण का पाकिस्तान का प्रयास खारिज हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तान को यह समझ लेना चाहिए कि चार या पांच बार झूठ दोहराने से कोई बात सच नहीं होती। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय आतंकवादी ढांचे को समर्थन देने, उसका पोषण करने एवं बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका से अवगत है। कुमार ने कहा कि यूएनएचआरसी में कश्मीर के ध्रुवीकरण एवं राजनीतिकरण का पाकिस्तान का प्रयास खारिज हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की यह टिप्पणी ऐसे समय में सामने आई है जब दो दिन पहले ही यूएनएचआरसी में कश्मीर के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच वाक्युद्ध देखने को मिला था। भारत ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा समाप्त करने के फैसले को संप्रभु अधिकार बताया था जबकि पाकिस्तान ने मानवाधिकारों के विषय की जांच कराने की मांग की थी। कुमार ने कहा कि पाकिस्तान, जो आतंकवादियों को पनाह देता है और आतंकवाद का केंद्र है, वैश्विक समुदाय की ओर से मानवाधिकारों पर बोलने का स्वांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि वहां अल्पसंख्यकों की स्थिति के बारे कुछ छिपा नहीं है। संदेशवाहक की विश्वसनियता काफी संदिग्ध है। यह वैश्विक समुदाय को पता है।



### कश्मीर भारत का अभिन्न अंग, देश के साथ एकीकरण में ही है हितः जमीयत उलेमा-ए-हिंद

मुसलमानों की शीर्ष संस्था जमीयत उलेमा-ए-हिंद (जेयूएच) ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने के केंद्र के फैसले का बृहस्पतिवार को समर्थन किया और कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तथा घाटी के लोगों का कल्याण भारत के साथ एकीकरण में ही है। जेयूएच ने यहां आयोजित अपनी सालाना बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया और एकीकृत भारत का आह्वान किया। अनुच्छेद 370 का जिक्र किए बिना प्रस्ताव में कहा गया है कि हमारा मानना है कि कश्मीर का कल्याण भारत के साथ उसके एकीकरण में है। पड़ोसी देश और विरोधी ताकतें कश्मीर को नष्ट करने पर तुली हैं। कश्मीर के परेशान और पीड़ित लोग विरोधी ताकतों के बीच फंस गए हैं। पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि वह कश्मीरियों को 'ढाल' के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में 92 फीसदी हिस्से में कोई प्रतिबंध नहीं

जम्मू कश्मीर की मौजूदा स्थिति को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा है कि राज्य के 92% हिस्से में अब कोई प्रतिबंध नहीं लागू है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में दवाओं की कोई कमी नहीं है। बैंकिंग सुविधाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। कुलभूषण जाधव को पाक द्वारा दूसरा कांसुलर एक्सेस नहीं दिए जाने को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम पूरी तरह से कोशिश कर रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय अदालत का फैसला पूरी तरह से लागू हो। हम राजनयिक चैनलों के जरिए से पाकिस्तानी पक्ष के संपर्क में बने रहना चाहते हैं।

### इमरान खान कश्मीर को लेकर आज देंगे 'नीतिगत बयान'

पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में सार्वजनिक संबोधन के दौरान कश्मीर को लेकर 'नीतिगत बयान' देंगे। बृहस्पतिवार को साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान विदेश कार्यालय प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने कहा कि पाकिस्तान किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए तैयार है और इस मामले की वैधता अंतरराष्ट्रीय कानून पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की पेशकश (कश्मीर पर) मौजूद है लेकिन भारत तैयार नहीं है। हम इसके लिए तैयार हैं।

### पाक मंत्री बोले- कश्मीर पर दुनिया हमारी बात सुनने को तैयार नहीं

एक इंटरव्यू में पाक के आतंरिक मंत्री ब्रिगेडियर एजाज अहमद शाह ने इस बात को कबूल किया कि कश्मीर पर दुनिया को काई भी देश पाकिस्तान की बात नहीं सुन रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पर लोग हमारी बात का विश्वास नहीं कर रहे हैं। हम कहते हैं कि भारत ने कश्मीर में कर्फ्यू लगाया है और वहां जुल्म किया जा रहा है। लेकिन कोई हमारी बात मानने को तैयार नहीं है और हर कोई भारत की बात पर ही विश्वास कर रहा है।

### एससीओ मिलिट्री मेडिसिन सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ पाक

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा यहां बृहस्पतिवार को आयोजित दो दिवसीय एससीओ मिलिट्री मेडिसिन सम्मेलन में पाकिस्तान शामिल नहीं हुआ। सम्मेलन में 27 अंतरराष्ट्रीय और 40 भारतीय प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित किया। इसमें पाकिस्तान के लिए आवंटित सीट रिक्त थी। शंघाई सहयोग संगठन का पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद से भारत की मेजबानी में यह पहला सैन्य सहयोग कार्यक्रम हुआ है। भारत और पाकिस्तान जून 2017 में एससीओ के सदस्य बने थे।

### यूएई ने भारतीय राजदूत को ऑर्डर ऑफ जायद द्वितीय सम्मान से नवाजा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारतीय राजदूत नवदीप सिंह सूरी को गुरुवार को दोनों देशों के बीच संबंधों और सहयोग को मजबूत करने के उनके प्रयासों को मान्यता देते हुए, देश के सर्वोच्च सम्मान फर्स्ट क्लास ऑर्डर ऑफ जायद द्वितीय से सम्मानित किया है। भारतीय राजदूत नवदीप सिंह सूरी इसी महीने सेवामुक्त हो रहे हैं। खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार यूएई के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान ने सूरी को इस पुरस्कार से सम्मानित किया है।

## वैज्ञानिकों ने पहली बार अंतरिक्ष में सीमेंट मिलाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



- नासा ने दी जानकारी
- कहा, यह एक ऐसा कदम है जो भविष्य में अंतरिक्ष में मनुष्यों को भीषण तापमानों और विकिरण से बचाएगा

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) में मौजूद अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने पहली बार अल्प गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में सीमेंट मिलाने में सफलता हासिल की है। नासा ने कहा कि यह एक ऐसा कदम है जो भविष्य में अंतरिक्ष में मनुष्यों को भीषण तापमानों और विकिरण से बचाएगा। अनुसंधानकर्ताओं ने यह समझने के लिये सीमेंट के जमने पर गौर किया कि प्रक्रिया में शामिल रसायन विज्ञान और सूक्ष्म संरचनाएं अल्प गुरुत्वाकर्षण में कैसे बदल जाती हैं। इस प्रयोग में अनुसंधानकर्ताओं ने सीमेंट के आम संघटक ट्राइकैल्शियम सिलिकेट (सी3एस) और पानी को पहली बार धरती के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर मिलाया। नासा ने इस प्रयोग को माइक्रोग्रैविटी इन्वेस्टिगेशन ऑफ सीमेंट सॉलिडिफिकेशन परियोजना नाम दिया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एमआईसीएस परियोजना में, आईएसएस में मौजूद अंतरिक्ष विज्ञानियों ने यह जानने की कोशिश की अल्प गुरुत्वाकर्षण में सीमेंट को जमाने से क्या कोई नयी सूक्ष्म संरचना उत्पन्न हुई।

### पीएम मोदी के स्वागत के लिए ह्यूस्टन में लगाए गए डिजिटल होर्डिंग



**ह्यूस्टन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए ह्यूस्टन की मुख्य सड़कों पर बड़े-बड़े डिजिटल होर्डिंग लगाए गये हैं और मकानों के बाहर तिरंगा झंडे लहरा रहे हैं। प्रधानमंत्री एक बड़े प्रवासी भारतीय कार्यक्रम के लिए 22 सितंबर को यहां आने वाले हैं। ह्यूस्टन स्थित गैर लाभकारी संस्था टेक्सास इंडिया फोरम ने बताया कि एनआरजी स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम 'आप कैसे हैं, मोदी! के लिए रिकार्ड संख्या में 50,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। राजमार्गों पर बड़े होर्डिंग के अलावा शहर में भारतवंशी अमेरीकियों के घरों के बाहर तिरंगा झंडा लहरा रहे हैं।

*विदेशी पर्यटकों की बढ़ रही तादाद*

## विश्व रैंकिंग में भारत को मिला 34वां स्थान!

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली



भारत धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब दुनिया भर के पर्यटकों को रिझाने लगा है। देश में लगातार विदेशी पर्यटकों की तादात बढ़ रही है। नतीजा है कि महज 4 साल के भीतर ही भारत ने अपने रैंकिंग में बढ़ी सुधार कर 34वें स्थान पर पहुंच गया है। विश्व आर्थिक मंच की ताजा रिपोर्ट ने भारत को पर्यटन की लिहाज से बेहद आकर्षक देश बताया है। आंकड़े बताते हैं कि महज चार साल के भीतर भारत ने 18 देशों को पीछे छोड़ते हुए 2015 के 52वें स्थान के मुकाबले 2019 में 34वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत की रैंकिंग स्कोर में भी बड़ा इजाफा हुआ है। 2015 में भारत का रैंकिंग स्कोर जहां 4 था वह 2019 में 4.4 हो गया है। भारत में बढ़ रहे पर्यटकों को लेकर रिपोर्ट में दावा किया है कि यहां न केवल आधारभूत ढांचा काफी बेहतर हुआ है,बल्कि स्वास्थ्य,सुरक्षा और पर्यटन की सुविधाओं में भी बढ़ा सुधार हुआ है। इसके अलावा भारत के प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संसाधन भी विदेशियों को यहां का रुख करने में सहायक साबित हुए हैं। बतादें कि अंतर्राष्ट्रीय संस्था विश्व आर्थिक मंच के इंडेक्स में कुल 140 देशों को शामिल किया गया है।

### उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप को नए शरणार्थी नियमों को लागू करने की मंजूरी दी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने प्रशासन को नए शरणार्थी नियमों को बुधवार को लागू करने की अनुमति दे दी है। अमेरिका में शरण मांग रहे लोगों की संख्या में कटौती करने वाले इन नए नियमों को लागू करने की अनुमति देना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए बड़ी राजनीतिक जीत है। इस फैसले से ट्रंप प्रशासन अपनी नीति को लागू कर पाएगा। हालांकि निचली अदालतों में इस संबंध में मुकदमे चल रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के दो न्यायाधीशों सोनिया सोतोमेयर और रुद बेडर गिन्सबर्ग ने इस आदेश पर असहमति जताई है। व्हाइट हाउस ने इस फैसले का स्वागत किया। ट्रंप ने ट्वीट किया कि शरणार्थी मामले पर उच्चतम न्यायालय से अमेरिका के लिए बड़ी जीत।




### आशीर्वाद...



चिकमंगलूर के पास श्रृंगेरी के शारदम्बा मंदिर में दर्शन के दौरान हाथियों से आशीर्वाद लेते कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा।

## बाहरी ग्रह 'सुपर अर्थ' पर पहली बार पानी की खोज



**लंदन।** खगोल वैज्ञानिकों ने अत्यंत उत्साहित करने वाली खोज में पहली बार हमारे सौरमंडल से बाहर मौजूद एक ग्रह के वातावरण में पानी की खोज की है। इस ग्रह पर धरती के समान तापमान मौजूद हैं जो हमारे सौरमंडल के बाहर एक दूरस्थ सितारे की कक्षा में मौजूद है जहां जीवन की संभावना है। धरती से आठ गुणा अधिक के द्रव्यमान वाला के2-18बी जानकारी में अब एकमात्र ऐसा बाह्यग्रह है जहां पानी और तापमान दोनों है जिससे वह रहने योग्य हो सकता है। ईएसए/नासा हब्बल स्पेस टेलीस्कोप के डेटा का इस्तेमाल कर अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि यह ग्रह एक ठंडे वामन सितारे के2-18 की कक्षा में है जो धरती से 110 प्रकाश वर्ष दूर 'लियो' तारामंडल में स्थित है। उन्होंने बताया कि यह खोज किसी सितारे के रहने योग्य क्षेत्र की कक्षा में मौजूद बाहरी ग्रह के लिए पहला सफल वायुमंडलीय अविष्कार है, एक ऐसी दूरी पर जहां पानी द्रव रूप में मौजूद हो सकता है।




### 'सेंट्रल विस्टा' को अगले पांच साल में नया स्वरूप देने का फैसला

# नए संसद भवन में मनेगी आजादी की 75वीं सालगिरह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सरकार ने संसद भवन, केंद्रीय सचिवालय और राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक 'सेंट्रल विस्टा' को अगले पांच साल में नया स्वरूप देने का फ़ैसला किया है। इसके अंतर्गत 2022 में आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ नये या पुनर्विकास के बाद बदले स्वरूप वाले संसद भवन में मनाई जाएगी। आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय बदली परिस्थितियों के मुताबिक़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को अंजाम देगा। मंत्रालय के उच्च पदस्थ आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया की इस महत्वकांक्षी परियोजना के तहत नये कलेवर में संसद भवन, संयुक्त केंद्रीय सचिवालय और सेंट्रल विस्टा के डिज़ाइन के लिये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्ताव मांगे गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी 2020 से नवंबर 2020 तक सेंट्रल विस्टा का काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। जबकि संसद भवन को नया स्वरूप देने का काम अगस्त 2022 तक पूरा करने का और संयुक्त केंद्रीय सचिवालय बनाने का काम 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से मंगाए आवेदन

मोदी सरकार का इरादा है कि जब देश 15 अगस्त 2022 को अपनी आजादी की 75 की वर्षगांठ मना रहा हो तब सांसद नए संसद भवन में बैठें। इसलिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने आरपीएफ यानी रिक्वेस्ट फ़ॉर प्रपोजल जारी कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से आवेदन मंगाए हैं। इस आवेदन में कंपनियां अपने डिजाइन, आर्किटेक्चर और प्लानिंग के बारे में सरकार को बताएंगी। इसके बाद सरकार 15 अक्टूबर तक एक डिजाइन फाइनल करके उस पर आगे बढ़ेगी। यानी यह तय है कि नया संसद भवन बनना है, लेकिन अभी यह तय नहीं है कि क्या मौजूदा संसद भवन को तोड़कर नया संसद भवन बनाया

### नया कॉमन सेंट्रल सेक्रेट्रिएट

मोदी सरकार की मंशा है कि एक कॉमन सेंट्रल सेक्रेट्रिएट बनाया जाए जिससे सभी मंत्रालयों, विभागों और दफ्तरों में कोआर्डिनेशन ठीक से हो सके। यह सभी लगभग एक सी इमारत में हों. अभी केंद्र सरकार के अलग-अलग करीब 47 मंत्रालयों विभागों और दफ्तरों में 70000 कर्मचारी और अधिकारी काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के दोनो तरफ नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक के अलावा शास्त्री भवन, निर्माण भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन आदि जैसी कई इमारत हैं जिनमें अलग-अलग मंत्रालयों के दफ्तर हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109